स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

लखनऊ, बृहस्पतिवार
9 जुलाई, 2026
आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष 9
सं. 2083 वि.
वर्ष 79, अंक - 317 पृष्ठ 12
संस्करण : नगर * *
मूल्य : 3 रुपये

# स्वतंत्र भारत

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

epaper : epaper.swatantrabharat.net

जन्मदिन पर सौरव गांगुली को मिला बड़ा तोहफा आईसीसी हॉल ऑफ फेम में हुए शामिल



अमेरिका ने ईरान के दक्षिणी हिस्से में बड़े पैमाने पर सैन्य हमले किए

## ईरान के साथ समझौता खत्म : ट्रंप

**अंकारा।** ईरान और अमेरिका के बीच युद्ध रोकने के लिए बना अंतरिम समझौता अब टूटने की कगार पर दिखाई दे रहा। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने साफ कहा है कि उनके लिए यह

- दोनों देशों के बीच फिर से सैन्य कार्रवाई तेज

समझौता अब खत्म हो चुका है और तेहरान के साथ बातचीत करना समय की बर्बादी है। ट्रंप इस समय तुर्किये में नाटो समिट में हिस्सा ले रहे हैं। दोनों देशों के बीच फिर से सैन्य कार्रवाई तेज हो गई है। ऐसे में इससे पूरे पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने और नए संघर्ष की आशंका गहरा गई है। अमेरिका ने ईरान के दक्षिणी हिस्से में बड़े पैमाने पर सैन्य हमले किए। इन हमलों का निशाना बंदर अब्बास, सीरिक और केश्म द्वीप के सैन्य ठिकाने रहे। वॉशिंगटन का कहना है कि ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य के पास व्यापारिक जहाजों पर हमले किए थे, जिसके जवाब में यह कार्रवाई की गई। इसी के साथ अमेरिका ने ईरानी तेल की बिक्री से जुड़ी छूट भी वापस ले ली। इसके बाद ईरान ने बहरीन और कुवैत की दिशा में जवाबी हमले किए, जिससे पहले से लागू युद्धविराम और बातचीत की प्रक्रिया पर गंभीर सवाल खड़े हो गए। ट्रंप ने कहा कि उनके हिसाब से अब ईरान के साथ समझौता खत्म हो चुका है। उन्होंने कहा कि वह अब तेहरान से कोई बातचीत नहीं करना चाहते, क्योंकि इससे कुछ हासिल नहीं होगा। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिकी अधिकारी चाहें तो बातचीत जारी रख सकते हैं, लेकिन उन्हें नहीं लगता कि उससे कोई नतीजा निकलेगा। ट्रंप ने ईरान के नेतृत्व पर बेहद सख्त टिप्पणी करते हुए आरोप लगाया कि अगर उसके पास परमाणु हथियार हुए तो वह उनका इस्तेमाल करने से पीछे नहीं हटेगा। उनका कहना था कि अब इस मुद्दे पर उनका धैर्य समाप्त हो चुका है। अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार हालिया हवाई हमले पहले की तुलना में चार से पांच गुना अधिक बड़े और ताकतवर थे। अमेरिका का कहना है कि यह कार्रवाई होर्मुज जलडमरूमध्य के पास व्यापारिक जहाजों पर हुए हमलों के जवाब में की गई।

> "ईरान से बात करना वक्त की बर्बादी है। वो बीमार, बुरे और गंदे लोग हैं। हमने उनसे कहा था कि जाओ, (खामेनेई को) सुपुर्द-ए-खाक कर लो, लेकिन उन्होंने जहाजों पर रॉकेट दागने शुरू कर दिए।
>
> डोनाल्ड ट्रंप
> अमेरिकी राष्ट्रपति



### ईरान ने अमेरिका को दी चेतावनी

अमेरिकी हमलों के बाद ईरान ने साफ कहा है कि वह किसी भी दबाव के आगे झुकने वाला नहीं है। ईरानी संसद के अध्यक्ष और अमेरिका के साथ वार्ता से जुड़े प्रमुख नेता मोहम्मद बाघेर गालिबाफ ने आरोप लगाया कि अमेरिका ने अंतरिम समझौते की कई शर्तों का उल्लंघन किया है। उन्होंने कहा कि ईरान के समुद्री प्रबंधन में दखल, दोबारा तेल प्रतिबंध लागू करना और दक्षिणी ईरान पर हमले करना समझौते की भावना के खिलाफ है। ईरान की सेना ने भी अमेरिकी कार्रवाई को खुला हमला बताते हुए कहा कि इसका करारा जवाब दिया जाएगा। सेना ने दोहराया कि होर्मुज जलडमरूमध्य में व्यापारिक जहाजों की सुरक्षित आवाजाही का रास्ता वही होगा, जिसे ईरान तय करेगा और किसी बाहरी दखल को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

सीएम योगी ने शिक्षकों के लिए किया कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा का शुभारंभ

## बच्चों की पढ़ाई पर ध्यान दें शिक्षक

**वाराणसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को वाराणसी से प्रदेश के शिक्षकों व उनके परिजनों को मुख्यमंत्री कैशलेस चिकित्सा योजना का तोहफा दिया। पंडित दीनदयाल हस्तकला संकुल बड़ालालपुर में सुबह 10 बजे से आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने इसका शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना के लागू होने के साथ ही प्रदेश के लगभग 12 लाख शिक्षकों और उनके परिवारों को पांच लाख रुपये तक की कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध होगी। योजना में नियमित शिक्षकों के साथ शिक्षामित्र, अनुदेशक, रसोइया और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों के पात्र कार्मिकों को भी शामिल किया गया है। सीएम योगी ने योजना का शुभारंभ करने के साथ ही माध्यममिक शिक्षा और बेसिक शिक्षा के सभी शिक्षकों और बच्चों को हृदय से बधाई दी। कहा कि तीन योजनाएं हैं, कैशलेस चिकित्सा, डिबीटी, सामाजिक सुरक्षा की गारंटी। आपने मांगा नहीं लेकिन आपने स्वास्थ्य की चिंता हमें है। इसमें 12 लाख शिक्षक लाभान्वित हो रहे हैं, सबको बधाई देते हुए आपका अभिनंदन भी करता हूं। बेसिक शिक्षा परिषद के बच्चों को जो धनराशि हस्तांतरित की जा रही है प्रत्येक छात्र 1200 रुपये दिया जा रहा है। आज 1320 करोड़ रुपये भेजे गए। नागरिक के अलावा शिक्षकों का दायित्व है कि हर बच्चे को स्कूल पहुंचाएं। निपुण भारत के तहत हर बच्चे योग्य बनाए जाएं, ये पीएम मोदी का विजन है। सीएम ने कहा कि आज एक एमओयू स्टेट बैंक के साथ किया। इसमें सामाजिक सुरक्षा कि गारंटी है, अस्थायी शिक्षक जिनका वेतन 10,000 है को 10 लाख का रिस्क कवर दिया जा रहा है। इसमें पढ़ाई, विवाह, एक्सीडेंटल, फिजिकल डैमेज क्लेम कवर होगा। पहले लोग मानते थे कि शिक्षक अमर हो गया है, ऐसी सुविधा देश में सबसे पहले यूपी में लागू हो रही है।



### बच्चों को रास्ता बताना होगा

हमारा दायित्व है कि विद्यालय अच्छा हो, स्वच्छ हो, आंतरिक अनुशासन बनाए। छात्र पूरी यूनिफॉर्म में आएं, इसके लिए अभिभावकों से बात करें। सीएम ने कहा कि कल बारिश हुई तो बच्चे उसी में नहा रहे थे, अभिभावकों को उन्हें समझाना चाहिए, बच्चे अबोध हैं। हम बताएं कि तीन दिन एक और तीन दिन दूसरा यूनिफार्म पहनो, घर के कपड़े दूसरे हों। यह बच्चों को बताना हमारा दायित्व है, यह उनके लिए प्रेरणा होगी।

### अब यूपी के लोग पहचान के संकट से नहीं गुजरते

सीएम योगी ने कहा कि यूपी बीमारू राज्य, आठ साल पहले लोग बाहर राज्यों में भटकते थे। आज ऐसा नहीं है, आज लोग पहचान के संकट से नहीं गुजरते। शिक्षा के उन्नयन हुआ तो प्रदेश के विकास ने रफ्तार पकड़ ली। पहले माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की परिक्षा तीन महीना चलती थी जिसका कोई मतलब नहीं था, मैं शिक्षकों को धन्यवाद दूंगा, जिनकी बदौलत आज 15 दिन में परीक्षा हो ही रही है, परिणाम भी घोषित हो रहे हैं।

## 100 प्रतिशत प्राकृतिक और शाकाहारी वाले दावों पर नियामक सख्त

**नई दिल्ली।** देश में खाद्य उत्पादों पर किए जा रहे दावों और लेबलिंग को लेकर भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने

- कंपनियों को नोटिस जारी

सख्त रुख अपनाया है। एफएसएसएआई ने लोट्टे इंडिया, फर्न्स एन पेटल्स और कुबेरा फूड्स को नोटिस जारी कर सात दिनों के भीतर जवाब मांगा है। नियामक संस्था का कहना है कि इन कंपनियों के कुछ खाद्य उत्पादों पर ऐसे दावे किए गए हैं, जो उपभोक्ताओं को गुमराह कर सकते हैं। साथ ही कई मामलों में लेबलिंग नियमों का भी पालन नहीं किया गया। एफएसएसएआई ने कहा है कि यदि कंपनियों का जवाब संतोषजनक नहीं मिला तो खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के तहत आगे की कार्रवाई की जा सकती है। संस्था के अनुसार, यह कार्रवाई उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा और खाद्य उत्पादों की सही जानकारी लोगों तक पहुंचाने के उद्देश्य से की जा रही है। हाल के समय में एफएसएसएआई लगातार ऐसे मामलों में स्वतः संज्ञान और उपभोक्ताओं की शिकायतों के आधार पर कार्रवाई कर रहा है।

## एफडीआई : भारत ने लगाई दो पायदान की छलांग

**नई दिल्ली।** विनिर्माण क्षेत्र को आधुनिक बनाने और सर्विस सेक्टर को आगे बढ़ाने जैसी सरकार की नीतियों के दम पर भारत 2025 में दो स्थान की छलांग लगाकर प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई)

- निवेश 44 प्रतिशत बढ़कर 39 अरब डॉलर पहुंचा
- दुनिया का 11वां सबसे बड़ा देश बन गया

पाने वाला दुनिया का 11वां सबसे बड़ा देश बन गया है। संयुक्त राष्ट्र की एक एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक, बीते साल देश में 38.89 अरब डॉलर का एफडीआई आया, जो 2024 के 27.09 अरब डॉलर से 44 फीसदी अधिक है। 2024 में एफडीआई पाने वाले देशों में 13वें स्थान पर था। यूनाइटेड नेशंस कॉन्फ्रेंस ऑन ट्रेड एंड डेवलपमेंट (अंकटाड) ने मंगलवार को जारी वर्ल्ड इन्वेस्टमेंट रिपोर्ट-2026 में कहा, इस निवेश के दम पर भारत को वह स्थिति फिर पाने में मदद मिली है, जो दो साल पहले दुनिया के शीर्ष-10 देशों की सूची से बाहर होने से खो गई थी। भारत में यह तेजी विकासशील देशों में दिखे सुस्त रुझान के विपरीत है, जहां एफडीआई प्रवाह में सिर्फ दो फीसदी वृद्धि दर्ज की गई। एशियाई विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में विदेशी निवेश तीन फीसदी बढ़ा है। वैश्विक एफडीआई प्रवाह 2025 में 6 फीसदी बढ़कर 1.6 लाख करोड़ डॉलर पहुंच गया। शीर्ष-20 देशों में कुल वैश्विक एफडीआई का करीब 80 फीसदी विदेशी निवेश आया। विकसित अर्थव्यवस्थाओं में एफडीआई 11 फीसदी बढ़कर 723 अरब डॉलर पहुंचा। 901 अरब डॉलर का निवेश विकासशील देशों में आया। अंकटाड ने कहा, भारत में कुल एफडीआई प्रवाह जरूर बढ़ा है, लेकिन प्रोजेक्ट-स्तर संकेतक बताते हैं कि निवेश के मामले में सावधानी भरा माहौल रहा। इससे घोषित ग्रीनफील्ड निवेश का मूल्य 2024 के 111.14 अरब डॉलर से घटकर 2025 में 74.12 अरब डॉलर के स्तर पर आ गया।




## शोपियां में लश्कर का टॉप कमांडर ढेर


**शोपियां।** जम्मू-कश्मीर के शोपियां में सुरक्षा बलों ने एक आतंकवादी विरोधी अभियान में लश्कर-ए-तैयबा के एक टॉप कमांडर को मार गिराया। टॉप कमांडर की पहचान

- शव बरामद, आतंकी के पास हथियार भी मिले

जाकिर अहमद गनी के रूप में हुई है। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। सुरक्षा बलों ने 3 जुलाई को दक्षिण कश्मीर जिले के मीमंदर क्षेत्र में तलाशी अभियान शुरू किया था। इस क्षेत्र में सात गांव शामिल हैं। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि आप भाग सकते हैं लेकिन छिप नहीं सकते! एसओजी शोपियां ने आरआर और सीआरपीएफ के साथ एक संयुक्त अभियान में एक लश्कर आतंकवादी को मार गिराया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने मारे गए आतंकवादी की पहचान प्रतिबंधित लश्कर-ए-तैयबा संगठन के टॉप कमांडर जाकिर अहमद गनी के रूप में की। अधिकारियों ने बताया कि 26 वर्षीय गनी, जो पड़ोसी कुलगाम जिले के मोतलहामा क्षेत्र का निवासी था, 27 सितंबर, 2023 को शटरिंग के काम के लिए डियालगम के लिए अपने घर से निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। परिवार के सदस्यों द्वारा असफल खोज के बाद 3 अक्तूबर, 2023 को कुलगाम पुलिस स्टेशन में एक गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज की गई थी।

## दिल्ली में तय होगा महासचिव का नाम

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की 22 जुलाई को प्रस्तावित बैठक से पहले विश्व हिंदू परिषद की केंद्रीय



प्रबंध समिति की बैठक 19 और 20 जुलाई को दिल्ली में आयोजित होगी। इस बैठक में राम मंदिर के चढ़ावा चोरी प्रकरण के बाद ट्रस्ट की प्रशासनिक व्यवस्था, संगठनात्मक बदलाव और नए महासचिव के चयन सहित कई महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। विश्व हिंदू परिषद की केंद्रीय प्रबंध समिति की यह बैठक पहले 25 से 29 जून के बीच अयोध्या में प्रस्तावित थी, लेकिन बाद में इसे दिल्ली स्थानांतरित कर 19-20 जुलाई को आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इस बार प्रतिनिधियों की संख्या भी सीमित कर दी गई है। पहले प्रत्येक प्रांत से चार-चार प्रतिनिधियों को बुलाने की

- बैठक में ही होगा चंपत राय के भविष्य का फैसला

योजना थी, जबकि अब दो-दो प्रतिनिधियों को ही आमंत्रित किया गया है। इसके चलते बैठक में करीब 150 प्रतिनिधि ही शामिल होंगे। महासचिव पद से चंपत राय के हटने के बाद फिलहाल कृष्ण मोहन को अंतरिम रूप से यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। अब स्थायी महासचिव के चयन को लेकर भी चर्चा होने की संभावना है। सूत्रों के मुताबिक, विश्व हिंदू परिषद के अंतरराष्ट्रीय महासचिव बजरंग लाल बांगड़ा का नाम संभावित दावेदारों में प्रमुखता से लिया जा रहा है। हालांकि अंतिम निर्णय संबंधित बैठक और ट्रस्ट की प्रक्रिया के बाद ही होगा। श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष स्वामी गोविंद देव गिरि बुधवार को पूर्व महासचिव चंपत राय से मिलने उनके आवास पहुंचे।

## अल नीनो से निपटने को दिए गए जरूरी दिशा निर्देश

**नई दिल्ली।** खरीफ फसल के सीजन और अर्थव्यवस्था के अन्य क्षेत्रों पर अल-नीनो के संभावित असर को देखते हुए प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) पूरी तरह सतर्क हो गया है।

प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव पीके मिश्र की अध्यक्षता में मंगलवार को सेवा तीर्थ में एक उच्च स्तरीय बैठक में अल-नीनो से निपटने के लिए मंत्रालयों की तैयारियों की समीक्षा की गई और जरूरी निर्देश दिए गए।

## नर्मदा परियोजना पर चार राज्यों में समझौता

**नई दिल्ली।** नर्मदा नदी से जुड़े विस्थापन और भूमि मुआवजे के दशकों पुराने विवाद का समाधान हो गया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में मध्य प्रदेश, गुजरात, राजस्थान और

- शाह की उपस्थिति में बनी सहमति

महाराष्ट्र के बीच एक समझौते पर सहमति बनी है। शाह ने कहा, नर्मदा परियोजना के कारण बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के विस्थापन और भूमि मुआवजे को लेकर लंबे समय से विवाद चला आ रहा था। अब चारों राज्यों ने आपसी सहमति से इस मामले का समाधान करने पर सहमति जताई है। इस परियोजना से विशेषकर मध्य प्रदेश, गुजरात और राजस्थान को लाभ हुआ। बांध पूरा होने से इन राज्यों में हर जगह पानी और बिजली पहुंची। राजस्थान को हुआ लाभ दिखने में छोटा लग सकता है, लेकिन जिस भूमि तक नर्मदा का पानी पहुंचा है, वहां भूमि का मूल्य और किसान की किस्मत दोनों बदल गई है। गृह मंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जल सुरक्षा को मजबूत करने और जल क्षेत्र में सहकारी संघवाद को बढ़ावा देने के लिए कई ऐतिहासिक पहल की गई हैं। कई राज्यों में डबल इंजन सरकार बनने का लाभ हुआ है, जिससे एक-दूसरे को समझने की क्षमता बढ़ी है। राजनीतिक मुद्दे कम हुए हैं और देश के अनेक विवाद अब तेजी से सुलझाए जा रहे हैं। गृह मंत्री ने कहा, हाल के समय में राज्यों के बीच लंबे समय से चले आ रहे कई जल विवादों के समाधान में भी प्रगति हुई है। पिछले महीने 29 जून को राजस्थान और हरियाणा के बीच भी सहमति बनी थी। दोनों राज्यों ने लगभग 30 साल पुराने विवाद को खत्म करते हुए यमुना जल परियोजना के निर्माण व क्रियान्वयन के लिए समझौता किया था। इसके अलावा 16 जून को हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और राजस्थान ने यमुना नदी के पुनर्जीवन के लिए किशाऊ बहुउद्देशीय परियोजना के क्रियान्वयन को लेकर समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर सहमति जताई थी। इन समझौतों से राज्यों के बीच सहयोग और संसाधनों के बेहतर उपयोग का रास्ता मजबूत होगा।



### पंजाब कांग्रेस में घमासान जारी

**चंडीगढ़।** पंजाब कांग्रेस में बगावत जारी है। पूर्व सीएम चरणजीत सिंह चन्नी और उनके समर्थक मौजूदा प्रदेशाध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग को बदलने की जिद पर अड़े हैं। इस विवाद को सुलझाने के लिए पंजाब प्रभारी एवं पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने बैठकों का दौर शुरू कर दिया मगर चन्नी पहले हाईकमान से मिलना चाहते हैं। लिहाजा मंगलवार को उन्होंने बघेल की बैठक से दूरी बनाई रखी। उधर, सूत्र बताते हैं कि मंगलवार शाम को कांग्रेसी नेता राहुल गांधी की टीम ने पूर्व सीएम चन्नी से संपर्क साधा है। उनकी मुलाकात जल्द राहुल गांधी से हो सकती है जबकि प्रियंका गांधी की ओर से भेजी गई टीम चन्नी से मिलकर जा चुकी है।

### बंगाल में बच्ची से रेप-मर्डर का आरोपी ढेर

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले के बारुईपुर में नाबालिग से रेप और मर्डर का एक आरोपी प्रभास मंडल पुलिस एनकाउंटर में मारा गया। पुलिस के मुताबिक, आरोपी पूछताछ के दौरान पुलिस हिरासत से भागने की कोशिश कर रहा था। क्राइम सीन रीक्रिएशन के दौरान प्रभास मंडल ने एक पुलिसकर्मी की राइफल छीन ली। इसके बाद पुलिस और आरोपी के बीच मुठभेड़ हुई, जिसमें प्रभास को गोली लगी। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बारुईपुर में 12 साल की लड़की 4 जुलाई को लापता हो गई थी। 5 जुलाई को उसका शव एक तालाब से मिला। पोस्टमॉर्टम में रेप की पुष्टि हुई, जिसके बाद इलाके में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए।

### मुंबई एयरपोर्ट पर आमने-सामने आए प्लेन

**मुंबई।** मुंबई एयरपोर्ट पर मंगलवार रात को हादसा टल गया। एअर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस के दो विमान एक ही रनवे पर आमने-सामने आ गए। घटना रात 10 बजे की बताई गई है। एअर इंडिया के विमान ने एयर ट्रैफिक कंट्रोलर के निर्देश पर टेक-ऑफ रन रोक दिया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। सूत्रों ने बताया कि एयर इंडिया एक्सप्रेस का विमान लैंडिंग के बाद रनवे से हटा नहीं था, तभी दिल्ली जाने वाला एयर इंडिया का विमान उसी रनवे से उड़ान भरने की तैयारी कर रहा था। एअर इंडिया के प्रवक्ता ने कहा कि सिलिगुड़ी से आई एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट रनवे खाली कर ही रही थी। जबकि दिल्ली जाने वाली फ्लाइट एआई816 के क्रू ने एटीसी के निर्देश मिलते ही टेकऑफ रन तुरंत रोक दिया और विमान को वापस पार्किंग एरिया में ले जाया गया।




अदालती टिप्पणी

कलकत्ता हाई कोर्ट ने कहा पति के दबाव से बदल जाता है मामला

## पत्नी का पैतृक संपत्ति में हिस्सा मांगना भी दहेज!

**कोलकाता।** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने हाल ही में एक फैसला सुनाया है। कोर्ट ने कहा कि अगर कोई पत्नी अपने पति के दबाव में पैतृक संपत्ति में अपने वैध हिस्से की मांग करती है, तो यह दहेज की मांग के बराबर हो सकती है।

न्यायमूर्ति अरिजीत बनर्जी और न्यायमूर्ति अपूर्बा सिन्हा राय की खंडपीठ ने दहेज हत्या के मामले में पति की सजा के खिलाफ अपील को आंशिक रूप से स्वीकार करते हुए यह टिप्पणी की। 2 जुलाई के फैसले में न्यायालय ने कहा कि एक महिला पैतृक संपत्ति में अपने हिस्से का दावा करने की कानूनी रूप से हकदार है, लेकिन अगर यह दावा पति के दबाव के कारण किया जाता है तो यह दहेज की मांग के दायरे में आएगा। यह मामला एक महिला और उसकी नाबालिग बेटी की मौत से जुड़ा है, जो जून 2014 में, महिला की शादी के लगभग चार साल बाद, वैवाहिक घर में फांसी पर लटकी हुई पाई गई थीं। निचली अदालत ने पाया कि महिला ने आत्महत्या की थी और आत्महत्या करने से पहले अपनी बेटी की भी हत्या कर दी थी। अदालत ने पति और उसके माता-पिता को क्रूरता और दहेज हत्या का दोषी पाया। पति को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। वहीं, सास-ससुर को सात साल की कैद की सजा दी गई। उच्च न्यायालय के समक्ष पति ने यह तर्क दिया कि दहेज की मांग का कोई सबूत नहीं था। महिला ने केवल अपनी पैतृक संपत्ति में अपना कानूनी हिस्सा मांगा था।



हालांकि, अदालत ने गौर किया कि सबूतों से पता चलता है कि महिला के भाई ने पहले परिवार की पुश्तैनी संपत्ति का कुछ हिस्सा बेचकर उसे बिक्री से मिले राशि में से उसका हिस्सा दे दिया था। अदालत ने पाया कि इसके बाद भी पति लगातार महिला पर दबाव डालता रहा कि वह अपने भाई से बाकी पुश्तैनी संपत्ति बेचने और उसके हिस्से की राशि सौंपने के लिए कहे। न्यायालय ने इस तर्क को भी खारिज कर दिया कि स्वतंत्र गवाहों की अनुपस्थिति से अभियोजन पक्ष का मामला कमजोर होता है। न्यायालय ने कहा कि दहेज की मांग आमतौर पर वैवाहिक घर की चारदीवारी के भीतर ही की जाती है, न कि बाहरी लोगों की उपस्थिति में। पति ने यह भी तर्क दिया था कि घटना के दो दिन बाद दर्ज की गई प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) अविश्वसनीय थी क्योंकि शिकायतकर्ता (मृत महिला के बड़े भाई) ने इसे दर्ज करने से पहले वकीलों से सलाह ली थी। इस दलील को खारिज करते हुए, उच्च न्यायालय ने कहा कि एफआईआर दर्ज करने में देरी से अभियोजन पक्ष का मामला कमजोर नहीं होता है। न्यायालय ने कहा जब किसी की बहन और उसके नवजात शिशु की अचानक मृत्यु जैसी दुर्भाग्यपूर्ण घटना घटित होती है, तो इससे करीबी रिश्तेदार स्तब्ध और अवाक रह जाते हैं। वे अनिर्णय की स्थिति में आ जाते हैं। हमारी राय में, इस तरह की देरी अभियोजन पक्ष के मामले को कोई झटका नहीं दे सकती। इसके अलावा, ऐसी स्थिति में कानूनी सलाह लेना वास्तविक शिकायतकर्ता की ओर से सबसे तर्कसंगत कदम है।

## संक्षिप्त खबरें

### चाचा पर लगा दुष्कर्म का आरोप, केस दर्ज

**पटहेरवा।** एक चाचा पर भतीजी से दुष्कर्म करने के प्रयास का आरोप लगाते हुये पीड़ित की माँ ने पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराई है। घटना 27 जून की शाम साढ़े तीन बजे की बताई जा रही है। पटहेरवा के एक गांव की महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताई है कि वह कानपुर रहती है। वह गर्मी के छुट्टी में परिवार सहित अपने मामा घर गोपालगंज बिहार आई थी। इसी बीच उसे सूचना मिली कि उसके श्वसुर मोफीज आलम की तबीयत बहुत खराब है। घटना की सुबह लड़के व लड़की के साथ उन्हें देखने अपने श्वसुर के घर आ गयी। इसी बीच उसकी लड़की अपने दादा मोफीज आलम के पास बैठ कर बात कर रही थी कि उसके चाचा हसमत अली आ गए और उसे बुलाकर एक कमरे में ले गए और कमरा बंद कर दिए। फिर उसके साथ दुष्कर्म की कोशिश करने लगे। थानाध्यक्ष प्रविंद्र कुमार राय ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर घटना की वास्तविकता की जांच की जा रही है।

### 29 बकायेदारों की विद्युत आपूर्ति हुई बाधित

**श्यामदेउरवां, महराजगंज।** परतावल ब्लॉक के तरकुलवा भटगावा में बुधवार को विद्युत विभाग ने बकाया वसूली के लिए अभियान चलाया। इस दौरान 29 उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन काटे गए। यह अभियान एसडीओ मयंक अग्रवाल के निर्देश अवर अभियंता अनुज कुमार ने अभियान चलाया गया। जिसमें विभाग ने कुल 1.5 लाख रुपये का राजस्व एकत्र किया। यह कार्रवाई उन उपभोक्ताओं के खिलाफ की गई जिनके बिजली बिल लंबे समय से लंबित थे।

### सलमान ने एफएमजीई परीक्षा उत्तीर्ण कर बढ़ाया मान

**परतावल।** ग्राम गोपाला निवासी डॉ. सलमान अख्तर ने फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएट एग्जामिनेशन (एफएमजीई) परीक्षा उत्तीर्ण कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी सफलता की खबर मिलते ही गांव और आसपास के क्षेत्र में खुशी का माहौल है। डॉ. सलमान अख्तर, मोहम्मद असलम के पुत्र हैं। उन्होंने रूस की प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय से एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी की। विदेश से चिकित्सा शिक्षा प्राप्त करने के बाद उन्होंने भारत में आयोजित एफएमजीई परीक्षा में सफलता हासिल की, जिसके बाद वह भारत में चिकित्सकीय सेवा देने के लिए पात्र हो गए हैं।

### गैर जमानती वारंटी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**सिन्दुरियां, महराजगंज।** स्थानीय पुलिस ने मंगलवार को एक गैर जमानती वारंटी को गिरफ्तार कर लिया और विधिक कार्रवाई करते हुए चालान न्यायालय भेज दिया। इस दौरान सिन्दुरिया थानाध्यक्ष विशाल कुमार शुक्ला ने बताया कि उनके नेतृत्व में उप निरीक्षक मनोज कुमार यादव एवं का. इन्द्रेश यादव की टीम ने थाना क्षेत्र के ग्रामसभा पड़री उर्फ मीरगंज निवासी गैर जमानती वारंटी 53 वर्षीय कोमल पुत्र विश्वनाथ को गिरफ्तार कर लिया और विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय भेज दिया।

### आपसी विवाद में तीन युवकों का चालान, थार सीज

**सिन्दुरिया, महराजगंज।** बीती रात्रि 11 बजे थाना क्षेत्र के झनझनपुर चौराहे पर वाद - विवाद कर रहे तीन युवकों का पुलिस ने शांतिभंग में चालान कर दिया। साथ ही एक थार को भी कागजात न दिखाने के दौरान सीज कर दिया गया। इस दौरान सिन्दुरिया थानाध्यक्ष विशाल कुमार शुक्ला ने बताया कि थाना क्षेत्र के झनझनपुर चौराहे पर बीती रात 11 बजे तीन युवक आपस में वाद - विवाद कर रहे थे। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों युवकों को थाने ले आयी। साथ ही वाद - विवाद के दौरान प्रयुक्त एक थार को थाने ले आयी और थार का कागजात न दिखाने के बाद थार यूपी 65 एफएच 6080 को सीज कर दिया गया और वाद - विवाद कर रहे तीनों युवकों को शांति भंग की आशंका में कार्रवाई करते हुए चालान भेज दिया गया।

### शिक्षक के निधन पर शोक सभा आयोजित

**महाराजगंज।** जवाहर लाल नेहरू स्मारक पीजी कॉलेज, महाराजगंज के संस्कृत विभाग के पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ शिक्षाविद् सेवानिवृत डॉ. केदार नाथ मिश्र के निधन का समाचार अत्यंत दुःखद एवं अपूरणीय क्षति है। वे संस्कृत भाषा एवं भारतीय संस्कृति के विद्वान, सरल स्वभाव, अनुशासित व्यक्तित्व तथा आदर्श शिक्षक के रूप में सदैव स्मरण किए जाएंगे। उक्त बातें प्राचार्य डॉ अजय कुमार मिश्र ने कहीं। इस शोक सभा में प्रो उमेश यादव, डॉ राहुल कुमार सिंह, डॉ दिवाकर सिंह, डॉ बिपिन यादव, देवेंद्र पाठक, डॉ विजय आनंद मिश्रा, अशोक कुमार, डॉ नंदिता मिश्रा, डॉ प्राची कुशवाहा, डॉ अपर्णा राठी, डॉ ज्योत्सना पांडेय, गुलाब चंद, श्रवण कुमार पटेल,रामनारायण नायक,जावेद अली,संतोष कुमार श्रीवास्तव, प्रणय गौतम,राजीव कुमार द्विवेदी सहित अन्य शिक्षक व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म अभियान पर हुई चर्चा

**बस्ती।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर बुधवार को जिलाध्यक्ष विवेकानंद मिश्र की अध्यक्षता में मासिक जिला बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में संगठन की मजबूती, बूथ सशक्तिकरण, डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म अभियान, आगामी कार्यक्रमों एवं चुनावी तैयारियों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष ने संगठनात्मक कार्यों की समीक्षा करते हुए सभी जिला पदाधिकारियों एवं मण्डल प्रभारियों को उनके दायित्वों का प्रभावी निर्वहन करने के निर्देश दिए।सभी मण्डल प्रभारी पूर्व मण्डल अध्यक्षों से नियमित संपर्क रखें, प्रतिदिन कम से कम 10 बूथ अध्यक्षों से दूरभाष पर संवाद करें तथा मण्डल प्रवास के दौरान बूथ अध्यक्षों के घर जाकर चाय पर चर्चा के माध्यम से संगठन को और अधिक मजबूत बनाएं। बैठक में डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म अभियान की प्रगति की समीक्षा करते हुए प्रत्येक बूथ से अधिकाधिक कार्यकर्ताओं को अभियान से जोड़ने तथा प्रश्नोत्तरी पूर्ण कराने पर विशेष जोर दिया गया।

**मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस योजना के कार्ड पाकर खिले शिक्षकों के चेहरे**

# शिक्षकों में वितरित हुई कैशलेस चिकित्सा सुविधा कार्ड

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

**कुशीनगर।** मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में वाराणसी में आयोजित मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना एवं डीबीटी वितरण कार्यक्रम का बुधवार को सेवरही ब्लॉक सभागार में सीधा प्रसारण किया गया। कार्यक्रम के दौरान तमकुहीराज तहसील क्षेत्र के शिक्षक, शिक्षामित्र एवं अनुदेशक लाभार्थियों को मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना के कार्ड वितरित किए गए। साथ ही भारतीय स्टेट बैंक एवं बेसिक शिक्षा विभाग के बीच हुए एमओयू की जानकारी भी साझा की गई।

मुख्य अतिथि प्रमुख प्रतिनिधि धनंजय तिवारी ने कहा कि मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना शिक्षकों के लिए बड़ी सौगात है। इससे शिक्षकों को प्रतिवर्ष पांच लाख रुपये तक की बेहतर एवं समयबद्ध स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकेंगी। विशिष्ट अतिथि एसडीएम आकांक्षा मिश्रा ने कहा कि सरकार की जनहितकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है। केन यूनियन के अध्यक्ष धीरेंद्र उर्फ राजू राय ने कहा कि कैशलेस चिकित्सा सुविधा शिक्षकों के सामाजिक सुरक्षा कवच को और मजबूत करेगी तथा सभी पात्र लाभार्थियों को योजना से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। बीडीओ सुभाषचंद ने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य दोनों क्षेत्रों को सशक्त बनाने के लिए सरकार लगातार प्रभावी कदम उठा रही है। दुदही बीईओ रीता गुप्ता ने कहा कि योजना से शिक्षक एवं शिक्षामित्र गंभीर बीमारी की स्थिति में आर्थिक चिंता से मुक्त होकर गुणवत्तापूर्ण उपचार प्राप्त कर सकेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता तमकुही बीईओ सुधीर कुमार ने की तथा सेवरही बीईओ अमितेश कुमार ने आभार व्यक्त किया। एसबीआई के शाखा प्रबंधक ने बैंक के माध्यम से वेतन प्राप्त करने वाले कर्मचारियों को उपलब्ध विभिन्न बैंकिंग सुविधाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस दौरान छात्रों को एनसीईआरटी की पुस्तकें भी वितरित की गईं।



प्रधानाचार्य डा. रमेश कुमार सिंह, सुनील मिश्र, रामनिवास जायसवाल, राजेश तिवारी, बांकेबिहारी लाल, मुनौव्वर अली, ज्ञानप्रकाश पांडेय, बालकृष्ण, ईश्वरचंद गुप्त, राजू सिंह, अजय सिंह, अमीर हयात, मुनेन्द्र सिंह, दुर्गेश सिंह, हरिकेश पांडेय, मृगेंद्र मिश्र, रजनीश गुप्ता सहित अन्य लाभार्थियों को मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना के कार्ड प्रदान किए गए। कार्यक्रम में मधेश मिश्र, अरुणेंद्र राय, देवेंद्र ओझा, शंभू यादव, अरविंद सिंह, धर्मेंद्र सिंह, ऐजुल हक, विनोद कुमार, परमहंस गोंड, सुजीत कुमार सहित बड़ी संख्या में शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# शिक्षकों को मिली सौगात

**कैशलेस चिकित्सा योजना व एसजीएसपी पैकेज का शुभारंभ**

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

**महराजगंज।** वाराणसी में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शिक्षा क्षेत्र को सुदृढ़ बनाने और शिक्षक-कर्मचारियों को आर्थिक एवं सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से तीन महत्वपूर्ण योजनाओं का शुभारंभ किया। इनमें मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना, विद्यार्थियों के खातों में डीबीटी के माध्यम से धनराशि अंतरण तथा भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) और बेसिक शिक्षा विभाग के बीच विशेष सरकारी वेतन पैकेज (एसजीएसपी) के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) शामिल हैं। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण महराजगंज के बुद्ध सभागार, कलेक्ट्रेट सहित चारों तहसीलों में किया गया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश गोसेवा आयोग के उपाध्यक्ष जसवंत सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा व्यवस्था को आधुनिक, सशक्त और शिक्षक-केंद्रित बनाने के लिए लगातार कार्य कर रही है।



मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना के तहत प्रदेश के बेसिक एवं माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षक, शिक्षामित्र, विशेष शिक्षक (सीडब्ल्यूएसएन), अनुदेशक, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों के वार्डन एवं शिक्षण स्टाफ, प्रधानमंत्री पोषण योजना के रसोइया तथा उनके आश्रित परिवारजन लाभान्वित होंगे। महराजगंज में इस योजना का लाभ 12,628 शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक, रसोइया एवं स्पेशल एजुकेटर को मिलेगा।

एसबीआई और बेसिक शिक्षा विभाग के बीच हुए विशेष सरकारी वेतन पैकेज (एसजीएसपी) के तहत शिक्षकों एवं कर्मचारियों को ?10 लाख से ?100 लाख तक का व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा, ग्रुप टर्म इंश्योरेंस, हवाई दुर्घटना बीमा, जीवन बीमा, दिव्यांगता सुरक्षा, होम, कार और पर्सनल लोन पर विशेष रियायत, प्रीमियम रुपे डेबिट कार्ड तथा आधुनिक डिजिटल बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। साथ ही आकस्मिक परिस्थितियों में बच्चों की शिक्षा और पुत्री के विवाह के लिए भी विशेष सुरक्षा लाभ दिए जाएंगे।

कार्यक्रम के दौरान बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग के 25 शिक्षक-शिक्षिकाओं, शिक्षामित्रों, अनुदेशकों और रसोइयों को प्रतीकात्मक रूप से मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना के कार्ड वितरित किए गए।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ. महेंद्र कुमार सिंह, प्राचार्य डायट, जिला विद्यालय निरीक्षक प्रदीप कुमार सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सरबजीत कुमार सिंह, एसबीआई के क्षेत्रीय प्रबंधक ज्ञान प्रकाश, लीड बैंक मैनेजर भूपेंद्र मिश्रा, मुख्य प्रबंधक दिव्या गौर सहित शिक्षा विभाग, बैंक के अधिकारी तथा बड़ी संख्या में शिक्षक एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# नहर में डूबने से पांच वर्षीय मासूम की मौत

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

**हाटा, कुशीनगर।** देवरिया जनपद के थाना सुरौली पैकौली के गांव बैदाकुआ के पांच वर्षीय निवासी अंश प्रसाद पुत्र मारकंडेय प्रसाद उर्फ संजीव एक सप्ताह पूर्व हाटा कोतवाली के गांव पड़री के टोला लिलही कोठी अपने नाना महेंद्र प्रसाद के घर आया हुआ था। मंगलवार की शाम महेंद्र प्रसाद के परिजनों ने धान की रोपाई करने खेत चलें गये थे। खेत रोपाई कर जब परिजनों ने देर शाम घर आए तो अंश प्रसाद नहीं दिखाई दिया। परिजनों ने ढूंढने लगे। देर रात तक ढूंढने का प्रयास किए, लेकिन नहीं मिला। बुधवार की सुबह गांव के सामने नहर में किसी ने तैरते हुए शव देखकर शोर मचाया। शोर सुनकर मृतक के परिजन व सैकड़ों लोग मौके पर पहुंचे। परिजनों में शव देखकर चीख-पुकार मंच गई। किसी ने कोतवाली पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को पंचनामा कर पोस्टमार्टम में भेज दिया। वही घटना की जानकारी मिलने पर स्थानीय विधायक मोहन वर्मा मौके पर पहुंचकर शोकाकुल परिजनों से भेंट कर अपनी गहरी संवेदनाएँ व्यक्त कीं।



# चोरी हुई 14 कुंतल सरिया बरामद, आरोपी गिरफ्तार

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

**बस्ती।** पुरानी बस्ती थाने की पुलिस ने सरिया चोरी के मामले का सफल अनावरण करते हुए तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। इस प्रकरण में पुरानी बस्ती थाने पर मुकदमा संख्या 137/2026 दर्ज है। पुलिस ने अभियुक्तों को अलग अलग ठिकानों से गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही पर 28 बंडल सरिया बरामद किया जिसका कुल वजन 14 कुंतल है।



गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान रवि सिंह पुत्र सूर्य बख्श सिंह निवासी एस 310 सेक्टर एफ एलडीए कालोनी कानपुर रोड, लखनऊ ट्रक चालक, मुण्डेरवा थाना क्षेत्र के भुडली गांव निवासी शुभम चौधरी पुत्र रामजीत चौधरी, नरियांव गांव निवासी गयासुद्दीन पुत्र सिराजुल हक तथा रमवापुर निवासी सुरेश पुत्र महादेव के रूप में हुई है। सीओ सदर सत्येन्द्र भूषण त्रिपाठी ने प्रेस को ब्रीफ करते हुए जानकारी दी कि सभी अभियुक्तों के खिलाफ विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया है। मामले के अनावरण में थानाध्यक्ष शशांक शेखर राय और उनकी टीम का सराहनीय योगदान रहा।

## 50 लाख पौधा रोपित करने के लक्ष्य को पूरा करेगा बस्ती : डीएफओ

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

**बस्ती।** पर्यावरण संरक्षण और मानव जीवन के अस्तित्व के लिए आवश्यक है कि हम सभी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें। पर्यावरण को संरक्षित करने के साथ ही अपने आने वाली पीढ़ियां को हरा-भरा वातावरण उपलब्ध कराएं। डीएफओ डा शिरीन ने आमजन से सहयोग का आग्रह करते हुए कहा कि वह एक पेड़ मां के नाम अभियान में अवश्य शामिल हो। इसके माध्यम से वह हर हाल में एक पौध आरोपित कर उसका संरक्षण अवश्य करें।



उन्होंने बताया कि जिले की 32 पौधशाला में 72 लाख पौधे तैयार हैं। जिसमें बस्ती जनपद का लक्ष्य 50 लाख पौधा रोपित करने का है। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बीते 5 जून को 6 लाख पौधे जिले में आरोपित किए गए हैं। आगामी 12 जुलाई को पूरे जिले में वन विभाग 20 लाख 40 हजार पौधे रोपित करेगा। इसके साथ ही जो अन्य 26 विभाग हैं। वह 23 लाख 70 हजार पौधे रोपित करेंगे। सभी के सहयोग से बस्ती जिला अपने 50 लाख पौधा रोपित करने के लक्ष्य को पूरा करेगा। डीएफओ ने बताया कि 1 से 7 जुलाई को सम्पन्न हुए वन सप्ताह के दौरान विभाग द्वारा सभी गैर सरकारी संगठनों, शिक्षण संस्थाओं, जनप्रतिनिधियों के माध्यम से पौधारोपण करने के साथ जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। डीएफओ ने बताया कि इस अभियान में सभी विभागों के साथ जनप्रतिनिधियों और सभी सामाजिक संस्थाओं का पूरा सहयोग मिल रहा है।

### युवती को भगाने का आरोपी हुआ गिरफ्तार

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

**श्यामदेउरवां, महराजगंज।** श्यामदेउरवां पुलिस ने एक युवती को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने वाले आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने अपहृत युवती को भी सकुशल बरामद कर लिया है। यह कार्रवाई मंगलवार को की गई। एसपी शक्ति मोहन अवस्थी के निर्देश पर अपराध नियंत्रण अभियान के तहत एएसपी सिद्धार्थ और सीओ सदर अंकुर गौतम के पर्यवेक्षण में श्यामदेउरवां थानाध्यक्ष के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई थी। इस टीम ने मामले का सफल अनावरण किया। घटना 16 मई 2026 की है, जब धर्मेंद्र उर्फ गुरदीप गुप्ता निवासी लक्ष्मीपुर टोला अमहवा, थाना पनियरा एवं वर्तमान पता ग्राम मोहना, थाना कैंपियरगंज, जनपद गोरखपुर ने वादी की बेटी को बहला-फुसलाकर भगा लिया था। वादी ने 18 मई 2026 को श्यामदेउरवां थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी।

# कलेक्शन एजेंट ही निकला लूटकांड का साजिशकर्ता, चार गिरफ्तार

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

**कुशीनगर।** थाना चौराखास क्षेत्र में कलेक्शन एजेंट से हुई लूट की घटना का पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर सफल खुलासा कर दिया। मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 1.40 लाख रुपये, एक मोबाइल फोन तथा घटना में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिल बरामद की गई हैं। पुलिस के अनुसार, लूट की पूरी साजिश स्वयं कलेक्शन एजेंट ने अपने रिश्तेदार के साथ मिलकर रची थी।

पुलिस के मुताबिक 6 जुलाई 2026 की शाम करीब 5=35 बजे बाढ़ू चौराहा (दर्जिया) के पास दो व्यक्तियों से मारपीट कर 1.50 लाख रुपये और एक एंड्रॉयड मोबाइल लूटे जाने की सूचना मिली थी। सूचना पर तत्काल पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर थाना चौराखास में मुकदमा दर्ज किया।

पुलिस अधीक्षक केशव कुमार के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ वर्मा के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी तमकुहीराज जयंत यादव के नेतृत्व में गठित थाना चौराखास व स्वाट टीम ने 24 घंटे के भीतर घटना का पर्दाफाश कर दिया।

पूछताछ में खुलासा हुआ कि कलेक्शन एजेंट विपिन तुरहा ने अपने रिश्तेदार वीरेंद्र कुमार शाह उर्फ जगुआर के साथ मिलकर फर्जी लूट की योजना बनाई थी। योजना के तहत रास्ते में मारपीट का नाटक कर नकदी हड़पने और बाद में रकम आपस में बांटने की साजिश रची गई। घटना वाले दिन विपिन लगातार व्हाट्सएप के जरिए अपनी लोकेशन आरोपियों को भेज रहा था।

हालांकि मारपीट के दौरान विपिन द्वारा आरोपी शहनवाज को घूंसा मार देने से विवाद बढ़ गया और शहनवाज ने उसकी जमकर पिटाई कर दी। घायल विपिन का उपचार चल रहा है। पुलिस ने बताया कि विपिन तुरहा और एक अन्य फरार आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

गिरफ्तार आरोपियों में अफजल अंसारी, शहनवाज अंसारी, वीरेंद्र कुमार शाह उर्फ जगुआर (गोपालगंज, बिहार) तथा नीरज यादव शामिल हैं। इनके कब्जे से 1.40 लाख रुपये, लूटा गया मोबाइल तथा बजाज सीटी-100 और बिना नंबर प्लेट की अपाचे मोटरसाइकिल बरामद की गई है।

पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ थाना चौराखास में संबंधित धाराओं के तहत कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

### मरीजों की सेवा सर्वोच्च प्राथमिकता : बसन्त

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

**बस्ती।** शहर के बड़ेबन बरगदवा स्थित श्री कृष्णा मिशन हॉस्पिटल का 10 वां स्थापना दिवस रविवार को भव्य एवं गरिमामई समारोह के साथ मनाया गया। वर्ष 2016 में स्थापित इस अस्पताल ने पिछले दस वर्षों में क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराकर अपनी अलग पहचान बनाई है। कार्यक्रम का शुभारंभ सांसद राम प्रसाद चौधरी ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि श्री कृष्णा मिशन हॉस्पिटल ने पूर्वांचल के लोगों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अस्पताल के चेयरमैन बसंत चौधरी ने अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह अस्पताल केवल उनका नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र की जनता का है। सभी के सहयोग, विश्वास और स्नेह के कारण अस्पताल लगातार प्रगति कर रहा है।

# निरीक्षण में अनुपस्थित मिले कई स्वास्थ्य प्रभारी

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

**पड़रौना, कुशीनगर।** स्वास्थ्य सेवाओं की रात्रिकालीन इमरजेंसी सेवाओं की हकीकत जाँचने हेतु बीते मंगलवार की रात्रि में जनपद के मुख्यचिकित्साधिकारी सहित अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, डिप्टी सीएमओ द्वारा लगभग आधा दर्जन सीएचसी का औचक निरीक्षण किया गया। अधिकारियों द्वारा निरीक्षण के दौरान मिली कमियों पर अधीनस्थों को कड़ी फटकार लगाते हुये सुधार करने की नसीहत दी।

सीएमओ डॉ चन्द्रप्रकाश रात्रि लगभग 8 बजे सीएचसी नेबुआ नौरंगिया पहुँचे जहाँ इमरजेंसी सेवाओं में ड्यूटी पर चिकित्सक, फार्मासिस्ट सहित सभी स्वास्थ्यकर्मी मुस्तैद मिले।लेबररूम के निरीक्षण के दौरान वहां ड्यूटी पर स्टाफ़नर्स मौजूद थी एवं दो गर्भवती महिलाये एडमिट थी जिनका उपचार किया जा रहा था इसके अलावा एक महिला की सुबह डिलिवरी हुई थी। जिसके बच्चे का वजन मात्र 2 किलो था सीएमओ द्वारा स्टाफ़नर्स को निर्देशित किया गया कि ऐसे लो बर्थ वाले बच्चों बालरोग विशेषज्ञ से अवश्य दिखा ले। निरीक्षण के दौरान स्टॉक रजिस्टर अपडेट न होने के कारण फार्मासिस्ट को कड़ी फटकार लगाते हुये उसे शीघ्र पूर्ण करने की हिदायत दी।



रात्रि में बिजली की व्यवस्था सुचारू रखने के लिये प्रभारी को आवश्यक निर्देश दिये। सीएमओ द्वारा चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देशित किया कि आप सभी अपनी ड्यूटी पर मुस्तैद रहते हुये अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ निर्वहन करे। ड्यूटी में लापरवाही करने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जायेगी। निरीक्षण के दौरान प्रभारी चिकित्साधिकारी अनुपस्थिति पाये गये।

अपर मुख्यचिकित्साधिकारी डॉ एस.एन त्रिपाठी द्वारा सीएचसी कप्तानगंज का रात्रि में 8 बजे एवं रामकोला का रात्रि में 9 बजे औचक निरीक्षण किया गया। सीएचसी कप्तानगंज पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ सूर्यभान कुशवाहा सहित सभी इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ परवेज फार्मासिस्ट सहित सभी स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे। डिलेवरी रूम के निरीक्षण के दौरान टॉयलेट में गंदगी पायी गयी जिसके लिये नियमित वार्ड वाया को कड़ी फटकार लगाते हुये कड़ी चेतावनी दी गयी।

सीएचसी रामकोला में निरीक्षण के दौरान एक सर्पदंश के मरीज को वार्ड व्याव द्वारा इंजेक्शन लगाये जाने पर अपर सीएमओ द्वारा फार्मासिस्ट एवं वार्ड व्याव को कड़ी फटकार लगाते हुये कहा कि जिसकी जो ड्यूटी है वही करें। निरीक्षण के दौरान प्रभारी डॉ शेष कुमार सहित इमरजेंसी ड्यूटी में तैनात चिकित्सक फार्मासिस्ट एवं स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित मिले।

डिप्टी सीएमओ डॉ आरडी कुशवाहा द्वारा रात्रि 8.30 बजे सीएचसी दुदही का एवं रात्रि 10 बजे सीएचसी विशुनपुरा का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात बाल रोग विशेषज्ञ डॉ सिद्धार्थ सहित फार्मासिस्ट सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे तथा उनके द्वारा लगभग 15 घायल व्यक्तियो का इमरजेंसी में उपचार किया जा चुका था। डिलेवरी रूम के निरीक्षण में सारे स्टाफ ड्यूटी पर मिले तथा दो गर्भवती महिलाओं की डिलिवरी हुये थी पर मंत्रा एप्प पर एंट्री नही थी। जिसपर नाराजगी व्यक्त करते हुये समय से एंट्री करने के लिये निर्देशित किया गया। पैदाइशी में एक बच्चा ओवरवेट मिला जिसे बालरोग विशेषज्ञ द्वारा नही दिखाने पर स्टाफ नर्स की कड़ी फटकार लगाई और कहा कि जब इमरजेंसी में ही बालरोग चिकित्सक मौजूद थे तो फिर क्यों नही दिखाया गया।

# खाद्य विभाग ने मारा छापा 178 किलो जीरा जब्त

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

**महराजगंज।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन द्वारा मसालों की गुणवत्ता की जांच के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत जिले में विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों के नमूने संग्रहित किए गए। अभियान के दौरान नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर 178 किलोग्राम साबुत जीरा भी सीज किया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने महराजगंज स्थित रामसनेही जनरल स्टोर से सुबाष ब्रांड हल्दी पाउडर, निचलौल के अनिल ट्रेडर्स से कैच ब्रांड धनिया पाउडर तथा ठूठीबारी स्थित सत्यम जनरल स्टोर से बावर्ची ब्रांड धनिया और साबुत जीरा के नमूने जांच के लिए एकत्र किए। निरीक्षण के दौरान सत्यम जनरल स्टोर पर बावर्ची ब्रांड के साबुत जीरे के पैकेटों पर आवश्यक जानकारी अंकित नहीं मिली। इस पर कार्रवाई करते हुए लगभग 178 किलोग्राम जीरा, जिसकी अनुमानित कीमत 35,600 रुपये है, को सीज कर विक्रेता की सुरक्षित अभिरक्षा में सौंप दिया गया। अभियान खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के निर्देश पर चलाया गया। टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी हंसराज प्रसाद, अंकित सिंह और पवन गौड़ शामिल रहे।



# गोरखपुर में रोड कनेक्टिविटी को मिलेगा नया आयाम

## फोरलेन सहित करीब 697 करोड़ रुपये की लागत वाली चार सड़क परियोजनाओं का 11 जुलाई को सीएम योगी करेंगे लोकार्पण

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

**गोरखपुर।** साल दर साल सुदृढ़ हुई गोरखपुर की रोड कनेक्टिविटी को नया आयाम मिलने जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भटहट-बांसस्थान फोरलेन सहित करीब 697 करोड़ रुपये की चार सड़क परियोजनाओं की सौगात देने जा रहे हैं। इन सड़क परियोजनाओं से आवागमन सुगमता बढ़ेगी और विकास को भी नई गति मिलेगी। सीएम योगी के हाथों 11.6 किमी लंबी फोरलेन सड़क 11 जुलाई को जनता को समर्पित हो जाएगी। इसके लिए वामंत माता मंदिर के समीप आयोजित होने वाले समारोह के दौरान मुख्यमंत्री 54 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली सात विकास परियोजनाओं का शिलान्यास भी करेंगे।

11 जुलाई (शनिवार) को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों लोकार्पित होने वाली सड़क



परियोजनाओं में सबसे महत्वपूर्ण भटहट-बांसस्थान फोरलेन है। 11.6 किमी लंबे इस मार्ग पर ही प्रदेश का पहला आयुष विश्वविद्यालय भी बना है। एक साल पहले लोकार्पित आयुष विवि में इलाज कराने वालों की संख्या तेजी से बढ़ी है। फोरलेन सड़क बन जाने से सबसे अधिक सहूलियत आयुष चिकित्सा का लाभ लेने वालों को मिला है। मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप कार्यदायी संस्था लोक निर्माण विभाग, निर्माण खंड खंड तीन ने सड़क के दोनों ओर मानक के अनुरूप जल निकासी (ड्रेनेज) की व्यवस्था भी सुनिश्चित की है। सड़क लोकार्पण की चारों और शिलान्यास की सभी सात परियोजनाएं पिपराइच विधानसभा क्षेत्र की हैं।

### सीएम योगी के हाथों इन सड़कों का होगा लोकार्पण

-भटहट-बांसस्थान फोरलेन सड़क, लंबाई 11.6 किमी, लागत 689 करोड़ 35 लाख 33 हजार रुपये। -चकजलाल घोड़ादेउर होते हुए तरकुलही हनुमान मंदिर तक संपर्क मार्ग का निर्माण, लंबाई 4.85 किमी, लागत 3 करोड़ 59 लाख 40 हजार रुपये। -हाफिज नगर द्वितीय संपर्क मार्ग का नव निर्माण, लंबाई 2.05 किमी, लागत 1 करोड़ 67 लाख 25 हजार रुपये। -पिपराइच बरगदही मार्ग से सिरसिया महादेव मंदिर तक सड़क चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण, लंबाई 0.635 किमी, लागत 2 करोड़ 30 लाख 21 हजार रुपये।

### इन विकास कार्यों का सीएम करेंगे शिलान्यास

-भरवलिया से एकला (टेराकोटा उद्योग रिसर्च सेंटर) मार्ग का नवनिर्माण, लंबाई 2 किमी, लागत 1 करोड़ 53 लाख रुपये। -गुलरिहा रामनगर से एकला ग्राम तक मार्ग का चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण, लंबाई 3.5 किमी, लागत 6 करोड़ 95 लाख 71 हजार रुपये। -सरैया बांसस्थान मार्ग का चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण, लंबाई 13.8 किमी, लागत 38 करोड़ 32 लाख 92 हजार रुपये। -ग्राम सिरसिया में महादेव कुंड का पर्यटन विकास, लागत 3 करोड़ 98 लाख 85 हजार रुपये। -ग्राम बूढ़ाडीह में समय माता मंदिर का पर्यटन विकास, लागत 1 करोड़ 77 लाख 37 हजार रुपये। -ग्राम औरंगाबाद का ग्रामीण पर्यटन विकास, लागत 96 लाख 29 हजार रुपये। -जंगल डुमरी नंबर एक से फैलहवा कोदईसाह टोला तक लेपन कार्य, लागत 61 लाख 54 हजार रुपये।

# अपहरण की आशंका पर दौड़ी पुलिस

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

**गोरखपुर।** थाना गुलरिहा क्षेत्र में मंगलवार को रात्रि में उस समय हड़कंप मच गया, जब एक मोटरसाइकिल पर बैठे बच्चे के ÷बचाओ-बचाओ÷ चिल्लाने की सूचना पुलिस को मिली। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस हरकत में आ गई और संभावित अपहरण की आशंका को देखते हुए तत्काल व्यापक जांच शुरू कर दी गई। थाना गुलरिहा और थाना चिलुआताल की संयुक्त पुलिस टीमों ने मामले को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई की, जिससे कुछ ही घंटों में पूरे घटनाक्रम की सच्चाई सामने आ गई।

जानकारी के अनुसार, राहगीरों द्वारा पुलिस को सूचना दी गई कि एक मोटरसाइकिल पर जा रहा बच्चा लगातार मदद के लिए चिल्ला रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में खलबली मच गई। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर दोनों थानों की पुलिस टीमों को तुरंत अलर्ट किया गया और क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान शुरू कर दिया गया।

पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू की और मोटरसाइकिल की पहचान करने का प्रयास किया। इस दौरान कई संभावित रास्तों पर पुलिस टीमों को तैनात किया गया, ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि को रोका जा सके। मामले की गंभीरता को देखते हुए क्षेत्राधिकारी गोरखनाथ रवि कुमार सिंह स्वयं निगरानी कर रहे थे।

सूचना की संवेदनशीलता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. कोस्तुभ और पुलिस अधीक्षक नॉर्थ ज्ञानेंद्र भी लगातार मामले की मॉनिटरिंग कर रहे थे। देर रात तक पुलिस अधिकारी और टीम पूरी तरह सक्रिय रहे और हर पहलू से जांच की गई। करीब तीन घंटे की गहन जांच और पड़ताल के बाद जो सच्चाई सामने आई, उसने सभी को राहत दी। जांच में पता चला कि बच्चा किसी अपहरण का शिकार नहीं हुआ था, बल्कि वह अपनी मां और मामा के साथ ही मोटरसाइकिल से घर जा रहा था। दरअसल, बच्चा घर नहीं जाना चाहता था, इसी वजह से वह जोर-जोर से ÷बचाओ-बचाओ÷ चिल्ला रहा था, जिससे राहगीरों को अपहरण की आशंका हुई। पुलिस ने बच्चे और उसके परिजनों की पहचान कर पुष्टि की और सुनिश्चित किया कि बच्चा पूरी तरह सुरक्षित है। इसके बाद पुलिस और प्रशासन ने राहत की सांस ली। अधिकारियों ने बताया कि सतर्कता और त्वरित कार्रवाई के चलते मामले की सच्चाई समय रहते सामने आ गई, जिससे किसी भी तरह की अफवाह या अनहोनी की स्थिति टल गई।

क्षेत्राधिकारी गोरखनाथ रवि कुमार सिंह ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीमों ने तेजी से काम करते हुए सीसीटीवी फुटेज और अन्य माध्यमों से जांच की। उन्होंने कहा कि यह मामला पूरी तरह स्पष्ट हो चुका है और बच्चा अपने माता-पिता के साथ सुरक्षित है।

## प्रसिद्ध उद्यमी ओमप्रकाश जालान का निधन

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

**गोरखपुर।** गोरखपुर के प्रसिद्ध उद्यमी एवं समाजसेवी ओमप्रकाश जालान का बुधवार सुबह निधन हो गया। वह 72 वर्ष के थे। तबीयत बिगड़ने पर कल उन्हें एयर एंबुलेंस से गुरुग्राम स्थित मेदांता अस्पताल ले जाया गया था, जहां उपचार के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन की सूचना मिलते ही गोरखपुर के औद्योगिक, व्यापारिक और सामाजिक क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। ओमप्रकाश जालान अपने पीछे पत्नी पूनम जालान, पुत्र अनुज जालान व तनुज जालान सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनका पार्थिव शरीर बुधवार शाम तक गोरखपुर लाया जाएगा। गुरुवार सुबह राप्ती नदी के तट स्थित राजघाट पर उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। अंतिम यात्रा सुबह 9 बजे जंगल नकहा नंबर-2 स्थित उनके आवास से निकलेगी। उनके निधन पर शहर के उद्यमियों, व्यापारियों, सामाजिक संगठनों और शुभचिंतकों ने गहरा दुख व्यक्त किया।

# शिक्षकों का सम्मान व सुरक्षा सरकार की प्राथमिकता

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

**गोरखपुर।** प्रदेश सरकार के जल शक्ति मंत्री एवं जनपद के प्रभारी मंत्री स्वतंत्र देव सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना के अंतर्गत कार्ड वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शिक्षक, अभिभावक एवं अधिकारी मौजूद रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के वाराणसी से संबोधन के सजीव प्रसारण के साथ हुई। इस दौरान प्रदेश भर में 12 लाख शिक्षकों एवं उनके परिवारों को मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना का लाभ प्रदान किए जाने की जानकारी दी गई। साथ ही 1.10 करोड़ विद्यार्थियों को डीबीटी के माध्यम से यूनिफॉर्म, जूता, मोजा, स्वेटर, बैग एवं स्टेशनरी के लिए प्रति छात्र ?1200 की धनराशि



हस्तांतरित की गई। इसके अलावा 10 लाख शिक्षक एवं संविदा कर्मियों के सामाजिक सुरक्षा हेतु भारतीय स्टेट बैंक के साथ एमओयू निष्पादित किया गया तथा राष्ट्रीय स्तर पर चयनित स्वच्छ एवं हरित विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को सम्मानित किया गया।

सजीव प्रसारण के उपरांत प्रभारी मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने जनपद के माध्यमिक एवं बेसिक शिक्षकों को स्वास्थ्य कार्ड वितरित किए। साथ ही विद्यार्थियों के अभिभावकों को प्रतीकात्मक चेक एवं कस्तूरबा बालिका विद्यालय की प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त छात्राओं को अध्ययन सामग्री किट प्रदान की गई।

अपने संबोधन में मंत्री ने कहा कि आज का दिन शिक्षकों के लिए ऐतिहासिक है। यह योजना केवल एक पहल नहीं, बल्कि शिक्षकों के सम्मान और उनके सामाजिक सुरक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि शिक्षक समाज के निर्माण की आधारशिला हैं और राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

उन्होंने आगे कहा कि अब शिक्षकों को अपने और अपने परिवार के स्वास्थ्य को लेकर चिंता करने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि सरकार उनकी सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। इस योजना के माध्यम से उन्हें बेहतर चिकित्सा सुविधाएं मिलेंगी, जिससे उनका जीवन और अधिक सुरक्षित एवं सशक्त होगा।

मंत्री ने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश तेजी से विकास के पथ पर अग्रसर है और आज देश का ग्रोथ इंजन बनकर उभरा है। सरकार शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के साथ-साथ शिक्षकों के हितों की रक्षा और उनके आर्थिक एवं सामाजिक कल्याण के लिए निरंतर प्रयासरत है।

कार्यक्रम में विधान परिषद सदस्य ध्रुव कुमार त्रिपाठी एवं डॉ. धर्मेंद्र सिंह, महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, विधायक महेंद्र पाल सिंह, मुख्य विकास अधिकारी शाश्वत त्रिपुरारी सहित अन्य अधिकारी एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# गोरखपुर में एटीएस ने दी दस्तक, हड़कंप

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

**गोरखपुर।** शहर के इलाहीबाग इलाके में बुधवार तड़के एंटी टेररिस्ट स्क्वाड (एटीएस) और स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक मकान पर छापेमारी की। तिवारीपुर थाना क्षेत्र के माई डीगदही इलाके में सुबह करीब 5 बजे से चल रही इस कार्रवाई से पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया।

पुलिस और एटीएस की टीम ने इलाके को चारों तरफ से घेर लिया है और सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। मकान के आसपास भारी पुलिस बल तैनात है तथा आने-जाने वाले लोगों पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

सूत्रों के मुताबिक, जिस मकान पर छापेमारी की जा रही है उसका संबंध जमाल अहमद से बताया जा रहा है, जिनकी इलाहीबाग प्राथमिक विद्यालय के पास पेंट की दुकान है। हालांकि इस संबंध में अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। एटीएस और स्थानीय पुलिस की टीम मकान के अंदर गहन जांच में जुटी हुई है। छापेमारी की खबर फैलते ही आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई।

फिलहाल यह कार्रवाई किस मामले में की जा रही है, इसे लेकर अधिकारियों ने चुप्पी साध रखी है। एटीएस और पुलिस अधिकारियों ने जांच पूरी होने तक किसी भी प्रकार की टिप्पणी करने से इनकार किया है। मामले में आधिकारिक बयान का इंतजार किया जा रहा है, जबकि जांच जारी है।

## क्राईम डॉयरी

### पिपराइच पुलिस को मिली सफलता, दो चोर गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत गोरखपुर।** पिपराइच थाना क्षेत्र में चोरी की घटनाओं का खुलासा करते हुए पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने इनके कब्जे से चोरी का आई-पैड, मोबाइल फोन, टुल्लू पम्प, ब्लोवर, ग्लैंडर मशीन तथा 1500 रुपये नकद बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार, क्षेत्र में चोरी की घटनाओं को लेकर दर्ज मुकदमों की जांच के दौरान उदय निषाद और अभिषेक चौहान को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में दोनों ने चोरी की घटनाओं में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। घटना के संबंध में बताया गया कि 16 जून 2026 को अज्ञात चोरों ने एक घर का ताला तोड़कर एप्पल आई-पैड चोरी कर लिया था। वहीं, 16/17 जून की रात को एक निर्माणाधीन मकान से मोबाइल फोन, ग्राइंडर, ड्रिल मशीन, ब्लोवर, मोटर और बैग में रखा नकद धन भी चोरी कर लिया गया था। इन घटनाओं के संबंध में थाना पिपराइच में अलग-अलग मुकदमे दर्ज किए गए थे।

### गैंगस्टर एक्ट में तीन आरोपी गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत गोरखपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र में पुलिस ने संगठित अपराध के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए गैंगस्टर एक्ट से संबंधित तीन वांछित आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने यह कार्रवाई चलाए जा रहे अभियान के तहत की। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार अभियुक्तों में आशुतोष सिंह, हर्ष जायसवाल और अनिकेत भारती उर्फ गोलू शामिल हैं। ये सभी आरोपी गिरोह बनाकर विभिन्न आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त थे और आम लोगों के साथ सामूहिक रूप से गंभीर अपराध, विशेषकर हत्या के प्रयास जैसे मामलों को अंजाम देते थे। पुलिस ने बताया कि तीनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। साथ ही गिरोह के अन्य सदस्यों और उनकी गतिविधियों की भी जांच की जा रही है, ताकि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ किया जा सके।

### इंस्टाग्राम मैरिज ब्यूरो के नाम पर हुई ठगी

**स्वतंत्र भारत गोरखपुर।** पिपराइच थाना क्षेत्र में साइबर ठगों द्वारा मैरिज ब्यूरो के नाम पर एक युवती को झांसे में लेकर करीब 15 लाख रुपये की ठगी करने का मामला सामने आया है। पीड़ित पक्ष ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पिपराइच क्षेत्र निवासी पंकज कश्यप ने थानाध्यक्ष को दी शिकायत में बताया कि उनकी बहन सावित्री कश्यप के मोबाइल पर इंस्टाग्राम के जरिए एक मैरिज ब्यूरो का विज्ञापन आया। लिंक पर क्लिक करने के बाद व्हाट्सएप के माध्यम से राहुल सिंघानिया नाम के व्यक्ति से संपर्क हुआ, जिसने खुद को यूनाइटेड किंगडम (यूके) का निवासी बताया। आरोपी ने शादी का प्रस्ताव रखते हुए विश्वास जीत लिया और महंगे गिफ्ट भेजने की बात कही। उसने गिफ्ट के फोटो व वीडियो भेजकर आधार कार्ड की डिटेल मांगी और पार्सल भेजने का झांसा दिया। इसके बाद अलग-अलग नंबरों से कॉल और मैसेज कर पार्सल मुंबई एयरपोर्ट पर फंसा होने, डॉलर कन्वर्जन, इमिग्रेशन चार्ज और टैक्स के नाम पर लगातार पैसे मांगे गए। पीड़िता को डराया गया कि पार्सल में भारी मात्रा में नकदी और कीमती सामान है, जिस पर कार्रवाई हो सकती है। इसी दौरान इनकम टैक्स और सीबीआई की कार्रवाई का भय दिखाकर कई बार में रुपये जमा कराए गए। ठगों ने अलग-अलग खातों और यूपीआई के माध्यम से करीब 15 लाख रुपये वसूल लिए। शिकायत के अनुसार, पंजाब नेशनल बैंक और यूनियन बैंक के खातों में भी रकम ट्रांसफर कराई गई, जबकि कुछ भुगतान स्कैनर और ग्राहक सेवा केंद्र के माध्यम से कराए गए। कई बार भुगतान की रसीदें भी डराकर फड़वा दी गईं। पीड़ित ने बताया कि 23 जून से 29 जून 2026 के बीच यह पूरी ठगी की गई और 30 जून के बाद भी फोन कर लगातार धमकाया जा रहा है। ठगों ने पैसे न देने पर पूरे परिवार को फंसाने और जेल भेजने की धमकी दी।

## पत्थर नसब उखाड़ कर फेंका एक दर्जन पर केस

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

**सहजनवां, गोरखपुर।** सहजनवा थाना क्षेत्र के कुआवल कला में पत्थर नसब का पत्थर उखाड़ कर फेंकने वाले एक दर्जन आरोपियों पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी से विजयपाल पुत्र स्व लालमन ने उपजिलाधिकारी के यहां से पत्थर नसब का आदेश कराया था। दो तीन माह पूर्व आदेश के बाद राजस्व टीम द्वारा धारा 24 की पैमाइश कर पत्थर गाड़ दिया था। इसके बाद मनबढ़ों ने प्रशासन को चुनौती देते हुए गाली गुप्ता मारपीट पर आमादा हो गए। और पत्थर को उखाड़ कर फेंक दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी शशिकपूर, मुन्नार, विद्याधर, अजय, ऋषिकपुर, विशाल मनीष, रामहित, जोगिन्द्र, पूनम, किरन, धर्मशीला, रानी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# अदालतों से जीत के बाद भी नहीं मिला कब्जा

## प्रेस वार्ता में अरुण कुमार गुप्ता ने लगाई गुहार, पुलिसकर्मी पर रसूख के दुरुपयोग का आरोप

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

**गोरखपुर।** गोरखपुर जर्नलिस्ट प्रेस क्लब सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में हुमायूपुर उत्तरी निवासी अरुण कुमार गुप्ता ने अपनी जमीन पर अवैध कब्जे के प्रयास का गंभीर आरोप लगाते हुए न्याय की गुहार लगाई। उन्होंने बताया कि दीवानी न्यायालय, जिला न्यायालय और उच्च न्यायालय तीनों स्तर से मुकदमा उनके पक्ष में तय होने के बावजूद विपक्षी पक्ष जबरन कब्जा करने की कोशिश कर रहा है।

अरुण कुमार गुप्ता के अनुसार, उन्होंने 25 नवंबर 1999 को मौजा बसारतपुर, भेड़ियागढ़ स्थित विष्णुपुरम (दिवाकर गली) में आराजी नंबर-5 की 2408 वर्ग फीट जमीन विधिवत रजिस्ट्री के माध्यम से खरीदी थी। इस जमीन का ताजा राजस्व रिकॉर्ड (इंतखाब) दिनांक 3 जुलाई 2026 भी उनके नाम दर्ज है।

इस भूमि को लेकर 'रामसुचित बनाम अरुण कुमार गुप्ता' वाद दीवानी न्यायालय में विचाराधीन था, जिसमें अदालत द्वारा अमीन की पैमाइश कराई गई। अमीन की रिपोर्ट के आधार पर 29 अप्रैल 2006 को सिविल जज (सीनियर डिवीजन) ने फैसला अरुण कुमार गुप्ता के पक्ष में दिया। इसके बाद जिला जज न्यायालय में दायर पुनरीक्षण याचिका 15 जुलाई 2006 को खारिज हो गई और फैसला बरकरार रहा। वहीं, 30 जुलाई 2006 को उच्च न्यायालय ने भी निचली अदालत के निर्णय पर मुहर लगा दी।

प्रेस वार्ता में उन्होंने आरोप लगाया कि अदालतों से हारने के बाद विपक्षी पक्ष ने अन्य तरीकों से जमीन हड़पने का प्रयास शुरू किया। वर्ष 2023 में ओम प्रकाश शर्मा द्वारा विवादित भूमि को दीपेंद्र



प्रताप सिंह को कथित रूप से अवैध तरीके से बेच दिया गया, जबकि उनकी 1999 की रजिस्ट्री कानूनी रूप से प्रथम और वैध है।

अरुण कुमार गुप्ता ने बताया कि 2 जुलाई 2026 को दीपेंद्र प्रताप सिंह और उनकी पत्नी रजनी सिंह, जो पुलिस विभाग में उपनिरीक्षक पद पर तैनात हैं, के प्रभाव का इस्तेमाल करते हुए जमीन पर जबरन निर्माण और कब्जे का प्रयास किया गया। विरोध करने पर उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई और पुलिस में प्रभाव होने की बात कही गई।

पीड़ित ने आरोप लगाया कि संबंधित पुलिसकर्मी के प्रभाव के कारण स्थानीय स्तर पर कार्रवाई नहीं हो पा रही है। उन्होंने मांग की कि न्यायालय के आदेशों और स्थगन आदेश का पालन सुनिश्चित कराया जाए तथा उनकी जमीन से अवैध कब्जा हटवाया जाए।

अरुण कुमार गुप्ता ने मुख्यमंत्री एवं शासन-प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग करते हुए कहा कि दीपेंद्र प्रताप सिंह, रजनी सिंह एवं ओम प्रकाश शर्मा के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि उन्हें न्याय मिल सके।

## आरोपी गिरफ्तार

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

**गोरखपुर।** खजनी थाना क्षेत्र में छिनैती की घटना का पुलिस ने 24 घंटे के भीतर सफल अनावरण करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया, जबकि एक बाल अपचारी को अभिरक्षा में लिया गया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से छिनैती का सामान बेचकर प्राप्त 2,420 रुपये नकद और घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 07 जुलाई 2026 को मोटरसाइकिल सवार दो अज्ञात बदमाश वादी की मोटरसाइकिल के पीछे से आए और उसकी पत्नी के कान की बाली छीनकर फरार हो गए थे। घटना के संबंध में पीड़ित की तहरीर पर थाना खजनी में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी रवि प्रकाश प्रजापति पुत्र रामप्रीत प्रजापति निवासी रामपुर मलौनी, थाना खजनी को गिरफ्तार कर लिया। वहीं, घटना में शामिल एक बाल अपचारी को भी पुलिस अभिरक्षा में लेकर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

# छात्रा ने मैनेजमेंट में हासिल किया प्रथम स्थान

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

**सहजनवां, गोरखपुर।** बीआईटी के होटल मैनेजमेंट कोर्स की होनहार छात्रा नूरजहां ने डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय लखनऊ में प्रथम स्थान प्राप्त कर गोरखपुर और संस्थान का नाम रोशन किया है। इस अभूतपूर्व सफलता के लिए छात्रा नूरजहां को विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में उप्र की राज्यपाल महामहिम आन्नदी बेन पटेल के द्वारा स्वर्ण पदक प्रदान किया गया। एकेटीयु होटल मैनेजमेंट कोर्स के टॉप 10 छात्रों में 05 छात्र बीआईटी कालेज के ही है। बीआईटी संस्थान के लिए यह एक अत्ययंत गौरवपूर्ण पल है।

छात्रो की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर बीआईटी में खुशी का माहौल है। स्वर्ण पदक विजेता नूरजहां सहित पाँच छात्रों ने अपनी इस सफलता का श्रेय संस्थान के उत्कृष्ट शैक्षणिक माहौल, अनुभवी



शिक्षकों के मार्गदर्शन और अपने माता-पिता के अटूट सहयोग को दिया है। इस विशिष्ट उपलब्धि पर संस्थान के अध्यक्ष डॉ. आरए अग्रवाल एवं सचिव डॉ. रजत अग्रवाल ने नूरजहाँ सहित अन्य टापर छात्रों को बधाई दिए। इस अवसर पर एकेटीयू में बीआईटी के टॉप 5 के छात्रो को संस्थान द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सस्थान के निदेशक प्रशासन दीपक अग्रवाल सीटीओ विजय श्रीवास्तव, निदेशक एचआर संतोष त्रिपाठी, निदेशक बीआईटी डॉ. रूप रंजन, निदेशक फार्मेसी डॉ. आशीष सिंह, निदेशक डिग्री कालेज डॉ. अरुण पान्डेय, निदेशक होटल मैनेजमेंट कालेज डॉ. अभिषेक त्रिपाठी, निदेशक डिप्लोमा अभिनव श्रीवास्तव, सहित सभी विभागाध्यक्ष अधिष्ठाता शिक्षको ने छात्र को बधाई दी।

# 28.50 लाख की ठगी का आरोप

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

**सहजनवां, गोरखपुर।** जमीन दिलाने के नाम पर एक व्यक्ति से 28.50 लाख रुपये की कथित ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित ने तीन लोगों पर फर्जी दस्तावेज दिखाकर प्लॉट बेचने का सौदा करने, रुपये हड़पने और बाद में जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से कार्रवाई की गुहार लगाई है।

सिकरीगंज थाना क्षेत्र के बौरडीह निवासी सत्येंद्र मिश्र ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया है कि उन्हें जमीन की आवश्यकता थी। इस दौरान उनकी मुलाकात जमीन का कारोबार करने वाले अशोक कुमार नायक से हुई। आरोप है कि अशोक कुमार नायक ने उनकी मुलाकात बलबीर यादव से कराई और बताया कि सेक्टर-15, गीडा क्षेत्र में स्थित 714 वर्गमीटर का एक प्लॉट उनकी पत्नी चंद्रकला यादव के नाम है।

पीड़ित के अनुसार, उक्त प्लॉट का सौदा 57.50 लाख रुपये में तय हुआ, जिसके तहत उन्होंने विभिन्न तिथियों में चेक और आरटीजीएस के माध्यम से कुल 25 लाख रुपये का भुगतान किया। इसके अलावा जमीन को समतल कराने और मिट्टी भराई में करीब 3.50 लाख रुपये खर्च किए। आरोप है कि बाद में जब उन्होंने प्लॉट की रजिस्ट्री कराने का दबाव बनाया तो आरोपी टालमटोल करने लगे। इसी बीच उन्हें जानकारी मिली कि संबंधित प्लॉट का आवंटन पहले किसी अन्य व्यक्ति के नाम था और बाद में चंद्रकला यादव समेत अन्य लोगों के नाम हुआ, जिसे गीडा प्रशासन ने 15 मई 2025 को निरस्त कर दिया था। पीड़ित का आरोप है कि आवंटन निरस्त होने के बावजूद आरोपियों ने कूटरचित इकरारनामा तैयार कर उन्हें गुमराह किया और उनकी कुल 28.50 लाख रुपये की रकम हड़प ली। जब उन्होंने रुपये वापस मांगने या रजिस्ट्री कराने की बात कही तो उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई।

# मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना का शुभारंभ

**स्वतंत्र भारत बलरामपुर।** राज्यमंत्री, नगर विकास, शहरी समग्र विकास, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार राकेश कुमार राठौर ने एम.एल.के. पी.जी. कॉलेज, में आयोजित मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना के शुभारंभ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सहभागिता किया। कार्यक्रम के दौरान वाराणसी से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने योजना के राज्यव्यापी शुभारंभ का सजीव प्रसारण सभी उपस्थित जनों ने देखा एवं सुना। कार्यक्रम में विधायक सदर पल्टूराम, जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन, मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्ता सहित जनप्रतिनिधिगण एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। राज्यमंत्री ने शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक एवं रसोइयों को मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना के कार्ड वितरित किया तथा उन्हें



योजना के लाभों की जानकारी दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होने कहा कि किसी भी राष्ट्र की सबसे बडी पूंजी उसके शिक्षक होते हैं। शिक्षक केवल विद्यार्थियों को शिक्षा नहीं देते, बल्कि संस्कार, नैतिकता, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति की भावना का भी निर्माण करते हैं। ऐसे कर्मयोगी शिक्षकों के स्वास्थ्य की सुरक्षा करना सरकार का नैतिक दायित्व है। उत्तर प्रदेश सरकार ने इसी भावना के साथ मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना प्रारंभ कर शिक्षकों के सम्मान को नई ऊंचाई प्रदान की है। मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री सदैव यह मानते हैं कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का आधार स्वस्थ एवं सुरक्षित शिक्षक होता है। इसी सोच के अनुरूप पूरे देश में सबसे पहले उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना प्रारंभ कर शिक्षकों के स्वास्थ्य की चिंता को दूर करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया गया है। यह योजना केवल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने का माध्यम नहीं, बल्कि शिक्षकों के प्रति सरकार की संवेदनशीलता, सम्मान और प्रतिबद्धता का सशक्त प्रतीक है। अब किसी शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक अथवा रसोइया को गंभीर बीमारी की स्थिति में आर्थिक कठिनाइयों की चिंता नहीं करनी पडेगी। कैशलेस चिकित्सा सुविधा से उन्हें समय पर गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध होगा, जिससे वे निश्चिंत होकर पूरी ऊर्जा और समर्पण के साथ विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में अपना योगदान दे सकेंगे। जनपद में बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग के कुल 12,599 शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक एवं रसोइयों को मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना का लाभ प्रदान किया जाएगा।

# युवक की संदिग्ध हालत में मौत पर परिजनों ने अंतिम संस्कार से किया इनकार



**स्वतंत्र भारत संवाद बाबागंज प्रतापगढ़।** महेशगंज थाना के नारियांवा शिवगंज निवासी विजय सरोज 30 पुत्र श्यामलाल की संदिग्ध परिस्थितियों मे हुई मौत के मामले मे बुधवार को पीएम उपरान्त शव घर पहुंचने पर परिजनों ने अंतिम संस्कार करने से इनकार कर दिया।मुंबई से मृतक के भाई के आने के बाद परिवार का आक्रोश और बढ़ गया।महेशगंज पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और परिजनों को काफी देर तक समझाने का प्रयास किया,लेकिन वे अपनी मांगों पर अड़े रहे।बाद मे एसडीएम कुंडा वाचस्पति सिंह मौके पर पहुंचे।इस दौरान परिजनों ने उन्हें पांच सूत्रीय मांग पत्र सौंपा।मांगपत्र मे मृतक के परिवार को 10 लाख की आर्थिक सहायता भूमिहीन परिवार को दो बीघा कृषि योग्य भूमि, बच्चों की निःशुल्क शिक्षा एवं परिवार के एक सदस्य को संविदा पर नौकरी,प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास व कृषक दुर्घटना बीमा योजना के अंतर्गत पांच लाख की सहायता देने की मांग की गई।साथ ही दोषियों की गिरफ्तारी तक परिवार को सुरक्षा उपलब्ध कराने की भी मांग रखी गई।प्रशासन की ओर से नियमानुसार कार्रवाई तथा हरसंभव सहायता का आश्वासन दिए जाने के बाद परिजन अंतिम संस्कार के लिए राजी हो गए।

## खबर एक नजर

### हत्या मामले में 25 हजार ईनामी गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत संवाद जेठवारा प्रतापगढ़।** जेठवारा थाना अंतर्गत पूरे चंदन खटवारा मे वादी के भाई की गोली मारकर 29 जून को हत्या कर दिया।पुलिस ने सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत कर एक आरोपी को मुठभेड़ मे गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है,अन्य आरोपियों पर 25 हजार ईनाम घोषित किया गया।एसएचओ नरेन्द्र सिंह आदि ने मुखबिर की सूचना पर हत्यारोपी जितेंद्र वर्मा 33 पुत्र ललई वर्ष निवासी पूरे चंदन खटवारा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### पट्टी नगर पंचायत में कूड़े का ढेर,लाखों से बना एमआरएफ सेन्टर बेकार

**स्वतंत्र भारत संवाद प्रतापगढ़।**स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) अंतर्गत नगरों की साफ-सफाई को अधिक जोर समीक्षा बैठक मे ही होता है। लाखों रुपए की लागत से बने एमआरएफ सेंटरों मे सिर्फ ताले लगे रहते है,जिसमे सिर्फ नगर निकाय खजाने की छंटाई ज्यादा होती है।एमआरएफ सेन्टर मे पूंजी के तौर पर कुछ गट्ठर गत्ता प्लास्टिक रबड़ की चप्पल प्लास्टिक की थैली शीशे की बोतलें व धूल फांकती मशीन है। प्रत्येक वर्ष सिर्फ कचरा छंटाई के लिए करीब 40 लाख रुपए कागजों मे खर्च किया जाता है।नगर पंचायत पट्टी के सफाई सुपरवाइजर की घोर लापरवाही बरतने के कारण सफाई कर्मी कूड़ा कचरा एमआरएफ सेन्टर मे छंटाई करने के बजाय खुले मे आसपुर देवसरा जाने वाले मार्ग के किनारे फेंक कर उसमें आग लगा दिया जाता है,जिससे नगरवासियों समेत राहगीरों को उससे उठने वाले धुएं से काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।नगरवासियों का कहना है कि खुले मे फेंके जाने वाले कचरे से संक्रमण फैलने व आग लगाने के बाद निकलने वाले धुएं से श्वास संबंधी बीमारियों के फैलने का खतरा बना रहता है।ईओ और नगर अध्यक्ष शायद ही इस घोर लापरवाही की ओर ध्यान देते हों।

### सेवानिवृत शिक्षक के झोले में ब्लेड मारकर डेढ़ लाख उड़ाए

**स्वतंत्र भारत संवाद प्रतापगढ़।**लालगंज थाना के कल्याणपुर ढिंगवस निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक शिव कुमार खरे ने बैंक से डेढ़ लाख रुपए बुधवार को निकाल कर बस अड्डा पहुंचे जहां से उनके रुपए चोरी हो गए।शिव कुमार खरे ने बताया कि वर्ष 2020 मे सेवानिवृत्त होने के बाद उनकी एलआईसी की परिपक्व राशि एसबीआई की मुख्य शाखा,प्रतापगढ़ स्थित खाते में आई थी।बुधवार सुबह 10.51 बजे उन्होंने अपने खाते से 1.50 लाख निकाले।नकदी को कपड़े के झोले में रखकर वह ई-रिक्शा से कुंडा प्राइवेट बस अड्डे पहुंचे। वहां पानी पीने के लिए जब उन्होंने झोले से सामान निकालना चाहा तो उसमें रखा रुपये का बैग गायब मिला।जांच करने पर झोले में ब्लेड से चीरा लगा हुआ पाया।पीड़ित का आरोप है,कि अज्ञात बदमाशों ने रास्ते में या बस अड्डे पर भीड़ का फायदा उठाकर वारदात को अंजाम दिया।उन्होंने पुलिस अधीक्षक से सीसीटीवी फुटेज की जांच कर आरोपियों की गिरफ्तारी और चोरी गई रकम बरामद कराने कि मांग की है।क्षेत्राधिकारी नगर आशुतोष मिश्रा ने बताया कि मामले में तहरीर प्राप्त हो गई है।शिक्षक की शिकायत पर अभियोग पंजीकृत किया जा रही है।एसओजी जांच मे जुटी है। जल्द ही मामले का खुलासा करने का प्रयास किया जा रहा है।

### कूलर में उतरे करंट से छात्र की मौत

**स्वतंत्र भारत संवाद जेठवारा प्रतापगढ़।**जेठवारा थाना के चमरूपुर पठान गांव मे बुधवार की दोपहर एक दर्दनाक हादसे मे 16 वर्षीय छात्र की करंट लगने से मौत हो गई।घटना से पूरे गांव मे मातम छा गया।चमरूपुर पठान निवासी शिवकुमार विश्वकर्मा के बड़े बेटे अर्पित विश्वकर्मा 16 बुधवार की दोपहर घर के कूलर में अचानक करंट उतर आया और अर्पित उसकी चपेट में आ गया। परिजनों को जब घटना की जानकारी हुई तो आनन-फानन मे उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जा रहे थे कि दम तोड़ दिया।अर्पित इसी वर्ष हाईस्कूल की परीक्षा पास किया था।वह दो भाइयों में बड़ा था।बेटे की अचानक मौत से परिवार गहरे सदमे मे है।अर्पित का अंतिम संस्कार फाफामऊ स्थित गंगाजी घाट पर किया गया।

### गैंगस्टर को चार साल का कारावास

**स्वतंत्र भारत संवाद कुंडा प्रतापगढ़।** कुंडा कोतवाली अंतर्गत शेखपुर निवासी गैंगस्टर एक्ट मे आरोपी गुदुन पुत्र रोधाई को गैंगस्टर कोर्ट ने दोषी करार देते हुए चार साल का कारावास की सजा व 5 हजार जुर्माना की सजा सुनाई है।जुर्माना न जमा करने पर एक माह और कारावास मे बिताने होंगे।

### दुष्कर्म आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

**स्वतंत्र भारत संवाद संग्रामगढ़ प्रतापगढ़।**संग्रामगढ़ थाना के एसआई मुन्ना यादव ने दुष्कर्म मामले मे दर्ज मुकदमा से संबंधित आरोपी कुलदीप सरोज 26 पुत्र लल्लन सरोज निवासी सांडा हर्षपुर नेवादा खुर्द को उसके घर के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### बेखौफ बदमाशों ने दो घरों से लूटे लाखों के गहने

**स्वतंत्र भारत संवाद कुंडा प्रतापगढ़।**संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र मे चोर उचक्कों के कारण नागरिक सुरक्षा हाशिए की नोंक पर चल रही है।बीते दिनों कोंडरी गांव मे होमगार्ड के घर को निशाना बनाया।बीती रात चमेला का पुरवा मे नकब लगाकर घर में घुसे चोरों ने दो घरों से लाखों के गहने व नकदी समेट ले गए।सुबह जानकारी होने पर डायल 112 पुलिस को सूचित किया।संग्रामगढ़ थाना के चमेला का पुरवा निवासी हृदय लाल निर्मल उर्फ कल्लू के घर मे चोरों ने पक्की दीवार में सेंधमारी कर अन्दर घुसे।अलमारी का ताला तो? कर सोने चांदी के आभूषण समेत नकदी समेट लिया।दूसरी चोरी इसी गांव की रामावती के घर नकब लगाकर घर में घुसे चोरों ने लाखों के गहने व नकदी समेट ले गए।

# गड्ढों में तब्दील राजमार्ग, करोड़ों की स्वीकृति के बाद भी परेशानी



**स्वतंत्र भारत संवाद संग्रामगढ़ प्रतापगढ़।** लोक निर्माण विभाग खंड-1 अंतर्गत लालगंज से कालाकांकर राजमार्ग पर स्थित संग्रामगढ़ के आगे ब्रह्मदेव स्थान के पास करीब 200 मीटर दूर तक गड्ढों की भरमार है जिसमे गिरकर राहगीर चोटिल हो रहे है तो वहीं ट्रेलर जैसे बड़े वाहन भी फंस जाते है।गड्ढों की गहराई करीब एक फुट से अधिक है।उक्त राजमार्ग चित्रकूट धाम को जोड़ने वाला मुख्य राजमार्ग है। बीते कई साल तक उक्त जर्जर सड़क पर राहगीरों ने अपने दांत हाथ पांव तोड़े है तो कुछ ने अपनी जान गंवाई है।सावन माह मे कांवड़ यात्रा शुरू होगी और सड़क की यह हालत है।बता दें कि उक्त राजमार्ग के नवनिर्माण के लिए करीब 36 करोड़ की स्वीकृति के बाद ठेकेदार ने लालगंज से संग्रामगढ़ तक बीडीएम कार्य पूरा कर लिया है लेकिन संग्रामगढ़ के आगे ब्रह्मदेव नगर मे गड्ढा मुक्तिकरण नहीं किया और न ही बीडीएम कार्य पूरा किया,अब बरसात का समय होने के कारण उक्त गड्ढे तालाब मे तब्दील हो गए है।सहायक अभियंता चक्रधर मिश्रा की लापरवाही बरतने के कारण राहगीर चोटिल हो रहे है।

# दो बाइकों की टक्कर में 2 की मौत, 4 घायल

**स्वतंत्र भारत उतरौला/बलरामपुर।** थाना रेहरा बाजार मनकापुर मार्ग पर स्थित सुन्दरघाट जंगल में दो बाइकों की आमने सामने जोरदार भिडंत हो जाने से 10 वर्षीय मासूम बच्ची और एक अधेड व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई। इस हादसे में चार अन्य लोग भी गम्भीर रूप से घायल हो गए हैं,टक्कर इतनी भीषण थी, कि दोनों बाइकों के पर खच्चे उड गए। चीख- पुकार सुनकर स्थानीय लोग और पुलिस की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया।ससुराल जा रहे परिवार के साथ एक अनहोनी घटना घट गई है। थाना महराजगंज तराई के छतरपुर कौवापुर की रहने वाली पीडिता मैमुनिशा ने बताया कि उनका पुत्र इरफान सुबह अपनी पत्नी और बेटी के साथ ससुराल लक्ष्मनपुर बंजरिया हुसैन,थाना रेहरा बाजार जा रहा था। जैसे ही उनकी बाइक सुन्दर घाट जंगल के पास पहुंची, सामने से आ रही दूसरी बाइक के द्वारा सीधी भिडंत हो गई। इस हादसे में इरफान की 10 वर्षीय पुत्री गौसिया की ही मौके पर मौत हो गई। वहीं, इरफान और उनकी पत्नी असीसुन्निसा गम्भीर रूप से घायल हो गए। दूसरी बाइक सवार अधेड की भी मौके पर मौत हो गई, थाना रेहरा बाजार की तरफसे आ रही दूसरी बाइक पर सवार निजामुद्दीन पुत्र कल्लू निवासी ग्राम बडहरा भिटौरा थाना रेहरा बाजार की भी इस दुर्घटना में मौके पर ही मौत हो गई। वहीं उनके साथ बाइक पर मौजूद ईयाजुद्दीन और दूसरी बाइक का चालक राहुल वर्मा रोहित कुमार गम्भीर रूप से घायल हो गए। रेहरा बाजार के थानाध्यक्ष दुर्गेश सिंह ने बताया कि सभी घायलों को स्थानीय अस्पताल में प्राथमिक उपचार के लिए भेज दिया गया है। हालत गम्भीर होने से बलरामपुर रेफर कर दिया गया है। चूंकि घटना स्थल थाना धाने पुर जनपद गोण्डा क्षेत्र के अंतर्गत में आता है, इसलिए सम्बन्धित थाने को सूचना दे दी गई है। थाना धानेपुर पुलिस के द्वारा शवों को पोस्टमार्टम के लिए भी भेजकर अग्रिम कानूनी कार्यवाही की जा रही है। घटना के बाद से दोनों परिवारों में कोहराम मचा हुआ है और गांवों में भी सन्नाटा पसरा हुआ है।

### डम्फर से कुचलकर महिला की दर्दनाक मौत

**स्वतंत्र भारत** बलरामपुर। स्थानीय वीर विनय चौराहा के पास ण्मपीपी इन्टर कालेज के सामने एनएच 730 बौद्ध परिपथ पर बुधवार को डंपर की चपेट में आने से महिला की दर्दनाक मौत हो गई। ज्ञात हो कि थाना महाराजगंज तराई क्षेत्र के ग्राम जुडावनडीह नवासी राम सुंदर लाल यादव अपनी पत्नी जनक लली उर्फ रामकी देवी 50 वर्ष को लेकर डॉक्टर कय्यूम के अस्पताल में दवा कराने आये हुए थे। दवा कराकर वापस लौटते समय थाना कोतवाली नगर क्षेत्र में राष्ट्रीय राज मार्ग 730 पर वीरविनय चौराहे के एमपीपी स्कूल के सामने अनियंत्रित डंपर ने उसके मोपेड संख्या यूपी 47 एएच 8186 को पीछे से ठोकर मार दी ।

### पैर फिसलने से 20 वर्षीय युवक डूबकर मौत

**स्वतंत्र भारत उतरौला/बलरामपुर।** नगर पालिका परिषद उतरौला में स्थित श्री दुःखहरण नाथ मन्दिर पोखरा में पैर के फिसलने से डूबकर लगभग 20 वर्षीय युवक की मौत हो गई। यह घटना मंगलवार की रात्रि लगभग 8 बजे हुई। मृतक की पहचान मोहल्ला सुभाषनगर का निवासी अरुण कुमार कश्यप पुत्र घनश्याम कश्यप के रूप में हुई है। अरुण कुमार कश्यप मन्दिर में दर्शन करने के बाद पोखरा में हाथ-पैर धोकर जल भर रहा था,तभी यह हादसा हुआ। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर जमा हो गए। काफी मशक्कत करने के बाद युवक का शव पोखरा से बाहर निकाला गया। सूचना मिलने पर उतरौला कोतवाली की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र उतरौला पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम करने के लिए भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक अवधेश राज सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम आने के बाद आगे की कानूनी कार्यवाही की जायेगी है। परिजनों में रो रोकर उनका बुरा हाल हो रहा है।

### बलात्कार का मुकदमा दर्ज, युवक गया जेल

**स्वतंत्र भारत उतरौला/बलरामपुर।** थाना गैंडास बुजुर्ग की पुलिस ने बलात्कार के मामले में वांछित चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्यवाही की गई। वादी कविता यादव पत्नी राम नरेश यादव निवासी ग्राम चिचुडी सहगिया ने तहरीर देकर बताया है कि 06 जुलाई को गांव के बाहर शौच के लिए जाते समय विपक्षी नरेश पुत्र सन्ते निवासी चिचुढी सहगिया ने उसके साथ जबरदस्ती बलात्कार किया है। शिकायत करने पर आरोपी और उसके भाई रमेश ने वादी व परिजनों को गाली- गलौज और जान से मारने की धमकी भी दी है। इस तहरीर के आधार पर थाना गैंडास बुजुर्ग की पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 67/26 धारा 64(1)/352/351(3) बीएनएस के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया था।

# गोरखपुर क्षेत्र नवनियुक्त भाजपा अध्यक्ष विनोद राय हुआ सठियांव में स्वागत

**स्वतंत्रारत (मुबारकपुर)आज़मगढ** । विधानसभा मुबारकपुर क्षेत्र के सठियांव चौराहे पर बुधवार को दोपहर एक बजे नवनियुक्त गोरखपुर क्षेत्र के भाजपा अध्यक्ष विनोद राय का प्रथम आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने ढोल नगाड़े के साथ अपने नेता के आगमन के अवसर पर काफी उत्साहित दिखे । गोरखपुर क्षेत्र से भाजपा अध्यक्ष विनोद राय के बनते ही मुबारकपुर क्षेत्र में भाजपाइयों में काफी हर्ष का माहौल देखा गया। नवनियुक्त भाजपा अध्यक्ष यहां पहले चन्द्रशेखर ट्रस्ट जहानागंज पहुंचे थे। वहां से अपने काफिले के साथ सठियांव चौराहे पर पहुंचे जहां पर सठियांव ब्लाक प्रमुख पति अरबिंद सिंह व अजमतगढ़ ब्लाक प्रमुख पति मनीष मिश्रा के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूल माला पहनाकर



अपने नेता का स्वागत किया। ब्लाक प्रमुख पति अरबिंद सिंह ने कहा कि गोरखपुर क्षेत्र से अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी मिलने पर हम अपने अध्यक्ष का हृदय से स्वागत करते और हमारा संगठन और मजबूत हुआ है। इसका असर आगामी विधानसभा चुनाव में अवश्य दिखेगा। हम पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को धन्यवाद ज्ञापित करते हैं कि अध्यक्ष का चयन सही किया गया है। इस अवसर सदस्य जिला पंचायत अजय प्रकाश सिंह, अशोक पांडेय, डा. चंद्रशेखर सिंह, दुर्गेश सिंह, विभा बरनवाल, सौरभ सिंह, दुर्गविजय यादव, सूरज सिंह, शिव गोविंद सिंह, सजीवन सिंह, लक्ष्मीकांत सिंह, शमशुद्दीन प्रधान, राधेश्याम सिंह, सुरेश जयसवाल, हरेन्द्र चौधरी, प्रभात रंजन सिंह, सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद थे।

# दहेज प्रताड़ना व आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में पति को सात वर्ष की सजा

**स्वतंत्र भारत विस मऊ।** 15 वर्ष पुराने दहेज प्रताड़ना और आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में एडीजे एफटीसी प्रथम(सीएडब्ल्यू) दीपनारायण तिवारी ने पति को दोषी ठहराते हुए प्रत्येक को सात वर्ष के कठोर कारावास तथा पांच हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अदालत ने जुर्माना अदा न करने पर एक वर्ष का अतिरिक्त कारावास भुगतने का भी आदेश दिया।अभियोजन के अनुसार मुहम्मदाबाद गोहना थाना क्षेत्र के डगोली निवासी वादी मुकदमा कांता राम ने अपनी पुत्री पूनम की शादी वर्ष 2007 में कोपागंज थाना क्षेत्र पिपरौता निवास चंदन राम से की थी। विवाह के कुछ समय बाद से ही ससुराल पक्ष द्वारा दहेज की मांग को लेकर विवाहिता का उत्पीड़न किया जाने लगा। प्रताड़ना से तंग आकर दिनांक 17 मार्च 2011 को विवाहिता ने आत्महत्या कर ली, जिसके बाद मायके पक्ष की तहरीर पर कोपागंज थाने में पति चंदन राम,सास मुखिया देवी और ससुर सुभाष राम के खिलाफ दहेज प्रताड़ना एवं आत्महत्या के लिए उकसाने सहित संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया।अभियोजन पक्ष की ओर एडीजीसी (सीएडब्ल्यू) राजेश कुमार पाण्डेय ने 10 गवाहों के बयान के आधार पर अपना कथानक को साबित कराया।एडीजे एफटीसी (सीएडब्ल्यू)ने पति चंदन राम को आत्महत्या के लिए उकसाने का दोषी करार दिया। दहेज प्रताड़ना के मामले में चंदन राम को संदेह का लाभ देते हुए दोषमुक्त किया।सास मुखिया देवी और ससुर सुभाष राम को संदेह का लाभ देते हुए सभी आरोपों से दोष मुक्त किया।अदालत ने चंदन राम को सात वर्ष के कठोर कारावास और पांच हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने की स्थिति में एक वर्ष का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

# निर्माणाधीन परियोजनाओं का डीएम ने किया निरीक्षण

**स्वतंत्र भारतदेवरिया।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने आज राजकीय इंटर कॉलेज एवं जनपद साइबर थाने के प्रशासनिक भवन के निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण कर प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों को समयबद्ध एवं गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित करते हुए कहा कि किसी भी दशा में गुणवत्ता मानकों से समझौता न किया जाए। यदि निर्माण कार्यों में अनियमितता अथवा गुणवत्ता संबंधी शिकायत प्राप्त होती है तो संबंधित कार्यदायी संस्था एवं ठेकेदार के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।जिलाधिकारी ने सबसे पहले राजकीय इंटर कॉलेज परिसर में निर्माणाधीन कार्य परियोजनाओं यथा छात्रावास, संग्रहालय भवन, वाचनालय, शौचालय ब्लॉक तथा चारदीवारी के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। लगभग 19 करोड़



रुपये लागत की इस परियोजना का निर्माण उत्तर प्रदेश आवास विकास परिषद द्वारा कराया जा रहा है। उन्होंने कार्यदायी संस्था को निर्माण कार्यों में तेजी लाते हुए सभी परियोजनाओं को निर्धारित समयसीमा एवं गुणवत्ता मानकों के अनुरूप पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने जनपद साइबर थाने के प्रशासनिक भवन के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। इस परियोजना का निर्माण उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) द्वारा लगभग 3.53 करोड़ रुपये की लागत से कराया जा रहा है। उन्होंने कार्यदायी संस्था को गुणवत्ता के साथ समयबद्ध ढंग से निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान डीएसटीओ अरुण कुमार सिंह, एडीएसटीओ आनंद चौरसिया, कार्यदायी संस्थाओं के अधिशासी अभियंता, तकनीकी टीम के अभियंता तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



# प्रयागराज में मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का आयोजन

**हिंदी पत्रिका 'रेल त्रिवेणी' के नवीन अंक का विमोचन**



**स्वतंत्र भारत प्रयागराज।** बुधवार को मंडल रेल प्रबंधक/प्रयागराज, रजनीश अग्रवाल की अध्यक्षता में मण्डल कार्यालय के संकल्प सभागार में मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में प्रयागराज मंडल द्वारा प्रकाशित की जाने वाली हिंदी पत्रिका 'रेल त्रिवेणी' के नवीन अंक का विमोचन भी किया गया। मंडल रेल प्रबंधक ने बैठक में उपस्थित सभी शाखा प्रबंधकों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकारी कार्य राजभाषा में निष्पादित करना हमारा संवैधानिक, राष्ट्रीय एवं नैतिक दायित्व है। हमारा मंडल पूर्ण रूप से हिंदी क्षेत्र में स्थित है और हिंदी भाषी क्षेत्र में स्थित कार्यालयों में राजभाषा के शत-प्रतिशत प्रयोग के लिए यह अपेक्षा की जाती है कि राजभाषा कार्यान्वयन की सभी मदों में पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य किया जाए। उन्होंने कहा कि हालांकि हमारे मंडल में हिंदी का अधिक से अधिक प्रयोग हो रहा है फिर भी सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्यों को पूरी तरह से हासिल करने के लिए हमें और प्रयास करने की आवश्यकता है। राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) के अंतर्गत आने वाले सभी कागजात हिंदी-अंग्रेजी द्विभाषी रूप में जारी किए जाने अनिवार्य हैं। मैं चाहूँगा कि आप सभी अपने-अपने कार्यालयों में राजभाषा नीति का समुचित अनुपालन सुनिश्चित कराएं ताकि हमारा मंडल राजभाषा हिंदी के प्रयोग के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बना सके। उन्होंने आगे कहा कि राजभाषा हिंदी का प्रयोग-प्रसार बढ़ाने हेतु हमें सतत प्रयत्नशील रहना होगा।

इस अवसर पर अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं अपर मंडल रेल प्रबंधक (सामान्य) दीपक कुमार ने उपस्थित अधिकारियों को बताया कि उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में आयोजित विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार समारोह-2025 में प्रयागराज मंडल को राजभाषा में उत्कृष्ट कार्य हेतु महाप्रबंधक महोदय द्वारा सर्वोत्तम मंडल के लिए चल बैजयंती प्राप्त हुई। साथ ही उन्होंने अगली तिमाही में आयोजित किए जाने वाले राजभाषा पखवाड़ा में बढ़-चढ़कर सहभागिता करने के लिए प्रेरित किया।

बैठक में मंडल के समस्त शाखा प्रबंधक उपस्थित थें। सभी शाखा प्रबंधकों ने अपने-अपने शाखाओं में राजभाषा हिंदी की प्रगति के लिए किए जा रहे प्रयासों के बारे में बताया तथा हिंदी के प्रगामी प्रयोग हेतु कई सुझाव भी दिए। बैठक का संचालन श्री राजीव कुमार, सहा.मंडल वित्त प्रबंधक सह राजभाषा अधिकारी ने किया।

## जनता की सेवा व उनकी समस्याओं का निस्तारण करना प्रमुख प्राथमिकता ए एस पी मेजा बृजेश पाठक





**कोरांव स्वतंत्र भारत।** मेजा ए एस पी बृजेश पाठक ने आज कोरांव थाने का मुआयना किया, साथ ही पिडितो से मिलकर समस्याओं के निस्तारण का आश्वासन दिया। और पीड़ित बिना भय के उनसे स्वयं मिलें समस्याओं का निस्तारण होगा।इसी के साथ प्रभारी एस एच ओ सैलेन्द्र सिंह व मय पुलिस बल के साथ नगर का भ्रमण करते हुए संवेदनशील स्थानों का निरीक्षण किया गया,व आमजन से बात कर सुरक्षा का आश्वासन दिया गया।

## अरविंद सिंह कुशवाहा डिस्ट्रिक्ट कोऑपरेटिव बैंक प्रयागराज कौशांबी के पैनल अधिवक्ता नामित

**प्रयागराज।** उच्च न्यायालय इलाहाबाद के अधिवक्ता और विधि संवाददाता हाई कोर्ट इलाहाबाद अरविंद सिंह कुशवाहा पुत्र राम अवधेश सिंह को डिस्ट्रिक्ट कोऑपरेटिव बैंक प्रयागराज कौशांबी के मुकदमों की पैरवी के लिए अपने अधिवक्ता पैनल में शामिल किया है ' डिस्ट्रिक्ट कोऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष शिव मोहन मौर्य जी के अनुमोदन पर प्रभारी विधि अधिकारी की ओर से यह आदेश जारी किया गया है ' पत्र के अनुसार पैनल अधिवक्ता अरविंद सिंह कुशवाहा बैंक के खिलाफ उच्च न्यायालय जनपद न्यायालय प्रयागराज कौशाम्बी एवं अन्य न्यायालयों में दाखिल होने वाले मुकदमों की पैरवी करेंगे ' डिस्ट्रिक्ट कोऑपरेटिव बैंक समिति की बैठक में पारित किया गया है कि प्रयागराज कौशांबी एवं आवश्यकता पड़ने पर अन्य सक्षम न्यायालयों प्राधिकरणों के समक्ष बैंक के हितों का विधिक प्रतिनिधित्व करेंगे तथा बैंक के विधिक प्रकरणों में आवश्यक परामर्श एवं कार्यवाही नियमानुसार संपादित करेंगे ' बैंक आपसे अपेक्षा करता है कि बैंक के समस्त वादों एवं विधिक मामलों का संचालन पूर्ण निष्ठा,गोपनीयता एवं समय-समय पर प्रकरणों की प्रगति से बैंक को अवगत कराते रहेंगे। अरविन्द सिंह कुशवाहा को उच्च न्यायालय के अध्यक्ष राकेश पाण्डेय, महासचिव अखिलेश शर्मा,संयुक्त सचिव प्रशासन बैरिस्टर सिंह, आर एस कुशवाहा, अकील अहमद, राखी कुमारी पूर्व कार्यकारिणी सदस्य, त्रिपुरेश नारायण ओझा पूर्व कार्यकारिणी प्रत्याशी, रविंद्र गुप्ता, अजय यादव, रामबली वर्मा, संतोष सिंह बबलू,जीतेन्द्र कुशवाहा, अशोक पटेल, अजय मौर्य आदि ने बधाई दी है।

## 560 रुपये की शर्ट पर भड़के अभिभावक, स्कूल ड्रेस में मनमानी का आरोप

**मेजा प्रयागराज।** नए शैक्षणिक सत्र की शुरूआत के साथ ही निजी स्कूलों की ड्रेस, जूते, टाई और बेल्ट की कीमतों को लेकर अभिभावकों की नाराजगी बढ़ती जा रही है। भारतगंज की एक ड्रेस दुकान पर अभिभावकों ने स्कूल ड्रेस के नाम पर मनमाने दाम वसूलने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि चार वर्ष के बच्चे की एक शर्ट 560 रुपये में बेची जा रही है, जिससे गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। अभिभावकों का आरोप है कि स्कूल की ओर से निर्धारित दुकान से ही ड्रेस खरीदने का दबाव बनाया जाता है। भारतगंज स्थित यस बॉस गारमेंट्स (अहमद भाई, सिंगर सिलाई मशीन के पास) की एक रसीद भी सामने आई है, जिसमें ड्रेस के विभिन्न सामानों की कीमतें दर्ज हैं। अभिभावकों का दावा है कि यही सामान सामान्य बाजार में काफी कम कीमत पर उपलब्ध है, लेकिन निर्धारित दुकान पर अधिक मूल्य वसूला जा रहा है। अभिभावकों ने बताया कि स्कूल फीस, किताबें, कॉपियां और अन्य शैक्षणिक खर्च पहले ही उनकी आर्थिक स्थिति पर भारी पड़ रहे हैं। ऐसे में ड्रेस, जूते, टाई और बेल्ट के नाम पर मनमानी कीमतें वसूले जाने से उनकी परेशानी और बढ़ गई है। उनका कहना है कि चार साल के बच्चे की एक शर्ट 560 रुपये में बेचना किसी भी दृष्टि से उचित नहीं है। मामले को लेकर अभिभावकों ने जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग से निष्पक्ष जांच कराए जाने तथा यदि अनियमितता पाई जाए तो संबंधित स्कूल एवं जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## दिवानी न्यायालय की स्थापना को लेकर अधिवक्ताओं ने समाचार के माध्यम माननीयों का ध्यान आकर्षित कराया

**कोरांव स्वतंत्र भारत।** कोरांव तहसील जों जनपद की सबसे दूरस्थ व मध्य प्रदेश की सीमा से लगा हुआ है। जहां वादकारियों को मुकदमे की पैरवी के लिए बार बार प्रयागराज के चक्कर काटने पड़ते हैं।जिसको देखते हुए माननीय हाईकोर्ट द्वारा कोरांव व हंडिया में दीवानी न्यायालय का आदेश विगत पांच वर्षों पूर्व ही पारित हुआ था। जहां हंडिया में न्यायालय बन भी गया, किन्तु कोरांव तहसील परिसर में जमीन चिन्हित भी की गई, किन्तु आज तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका। इस बाबत पूर्व में जिला जज ने मौके पर स्थलीय निरीक्षण भी किया गया, किन्तु आज तक कार्य प्रारंभ नहीं हो सका।जिसको लेकर अधिवक्ताओं ने माननीय जिला जज से अपील की है कि जल्द दिवानी न्यायालय की स्थापना की जाय जिससे वादकारियों को सुगम ढंग से न्याय मिल सके। इस अवसर पर पूर्व बार एसोसिएशन अध्यक्ष अरुण कुमार मिश्र,लल्लन तिवारी, के पी सिंह,इन्द्रेश पाण्डेय, रोहिणी तिवारी,बेचन लाल सिंह, हेमवती कुमार सिंह, उमाकांत तिवारी, बालगोविंद पाण्डेय, अरूण कुमार तिवारी , रामचंद्र तिवारी सहित भारी मात्रा में अधिवक्ता बन्धुओं ने अपने विचार व्यक्त किए।

## सदस्य, गौसेवा आयोग ने "स्कूल चलो अभियान जन-जागरूकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो कौशाम्बी।** जनपद में सदस्य,उत्तर प्रदेश गौसेवा आयोग राजेश सिंह सेंगर,जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना सोनकर एवं विधायक चायल पूजा पाल ने आज द्वितीय चरण "स्कूल चलो अभियान 2026-27" जन-जागरूकता रैली को कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल एवं मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी उपस्थित रहे। जिला बेसिक शिक्षाधिकारी डॉ. कमलेन्द्र कुमार कुशवाहा ने कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य 6 से 14 वर्ष के सभी बच्चों का शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करना तथा उन्हें निःशुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना है। अभिभावकों को जागरूक करते हुए बताया गया कि यदि वे अपने बच्चों से प्यार करते हैं, तो उन्हें शिक्षा का अधिकार अवश्य दिलायें। सरकार द्वारा संचालित परिषदीय विद्यालयों में बच्चों को अनेक निःशुल्क सुविधाएं दी जा रही हैं, जिनमें मुफ्त किताबें, यूनिफॉर्म, जूते-मोजे, स्कूल बैग, मध्याह्न भोजन, स्वच्छ पेयजल, स्मार्ट क्लास और प्रशिक्षित शिक्षक शामिल हैं। शासन की मंशा के अनुरूप शिक्षा को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प दोहराया गया। घर-घर सम्पर्क कर अभिभावकों को प्रेरित किया जायेगा, ताकि कोई भी बच्चा शिक्षा से वन्चित न रह जाये।

# टर्फस्फीयर अंडर-18 फुटबॉल टूर्नामेंट का रोमांचक फाइनल संपन्न, नॉन चैलेंट एफसी बनी चैंपियन



**स्वतंत्र भारत प्रयागराज।** टर्फस्फीयर एरिना, प्रयागराज में आयोजित टर्फस्फीयर अंडर-18 फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला अत्यंत रोमांचक एवं संघर्षपूर्ण रहा। निर्धारित समय तक दोनों टीमों नॉन चैलेंट एफसी एवं द टेम्पेस्ट के बीच मुकाबला 2-2 की बराबरी पर समाप्त हुआ। इसके बाद विजेता का निर्णय पेनल्टी शूटआउट से किया गया, जिसमें नॉन चैलेंट एफसी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 3-1 से जीत दर्ज कर चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया।

इस प्रतियोगिता का आयोजन टर्फस्फीयर फुटबॉल अकादमी के कोच देवेंद्र कुशवाहा एवं आजाद पांडेय द्वारा इंटरैक्ट क्लब ऑफ प्रयागराज संगम के अध्यक्ष इंटरैक्टर कृतार्थ अस्थाना के सहयोग से किया गया।

समापन समारोह में रोटरी क्लब प्रयागराज संगम के अध्यक्ष रोटेरियन अमरेंद्र सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने विजेता एवं उपविजेता टीमों को बधाई देते हुए कहा कि खेल युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व, टीम भावना एवं आत्मविश्वास का विकास करते हैं। उन्होंने आयोजकों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएँ प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को अपनी क्षमता प्रदर्शित करने का उत्कृष्ट मंच प्रदान करती हैं।

इस अवसर पर क्लब की सचिव रोटेरियन साधना श्रीवास्तव सहित रोटेरियन अनुराग अस्थाना, रोटेरियन डॉ. गिरीश पांडे एवं रोटेरियन गीतिका अस्थाना भी उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

टूर्नामेंट के सफल आयोजन ने प्रयागराज के युवा फुटबॉल खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान किया तथा खेल भावना, अनुशासन और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का प्रेरणादायी संदेश दिया। प्रतियोगिता के समापन पर विजेता एवं उपविजेता टीमों को सम्मानित किया गया तथा सभी प्रतिभागियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की गई।

## प्रयागराज छावनी परिषद् के मुख्य अधिशाषी अधिकारी ने एजुकेशनल किट एवं बच्चों को कान की मशीन किया वितरण



**प्रयागराज।** प्रयागराज छावनी परिषद के मुख्य अधिशाषी अधिकारी नागेश पाण्डेय (आई .डी. इ.एस) द्वारा उड़ान स्पेशल स्कूल में एजुकेशनल किट एवं बच्चों को कान की मशीन का वितरण समारोह आयोजित हुआ। स्कूल चलो अभियान के तहत आज माननीय मुख्य अधिशाषी अधिकारी नागेश पाण्डेय (आई .डी. इ.एस) छावनी परिषद् प्रयागराज के द्वारा उड़ान स्पेशल स्कूल में एजुकेशनल किट एवं श्रवणबाधित बच्चों को कान की मशीन का वितरण किया गया इस अवसर पर स्कूल समन्वयक कैप्टन ऐ.के.सिन्हा, प्रधानाचार्य आशीष मिश्रा, छावनी परिषद् के सहायक अभियंता मानवेन्द्र सिंह, साइनेट्री इंस्पेक्टर अशोक कुमार एवं समस्त विशेष शिक्षकगण उपस्थित रहे ।

## बीजेपी नेता के बिगड़े बोल पर सपाइयों का हल्ला बोल

**प्राथमिक की दर्ज नहीं होने पर होगा उग्र आंदोलन : सोमदत्त पटेल**



**कोरांव प्रयागराज।** भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के द्वारा समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव के ऊपर बोले गए बिगड़े बोल से सपाइयों में आक्रोश व्याप्त है जिसके कारण विधानसभा अध्यक्ष सोमदत्त पटेल के नेतृत्व में सैकड़ो की संख्या में कार्यकताओं ने कोरांव थाने पहुंचकर हल्ला बोला और प्रभारी निरीक्षक कोरांव शैलेंद्र कुमार को शिकायती पत्र देकर विधिक कार्यवाही की मांग किया । इस मौके पर सपा नेता ने कहा कि जिस प्रकार से सत्ता के नशे में मदहोश होकर भाजपा नेता बिगड़े बोल बोल रहे हो रहे हैं ।वह निंदनीय है किसी भी दशा में पिछड़ा दलित समाज अपने नेता का अपमान बर्दाश्त नहीं करेगा आने वाले विधानसभा के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को इसका भारी खामियाजा भुगतना पड़ेगा सपा जिला उपाध्यक्ष राजेश पांडे ने प्रशासन को चेतावनी दिया कि यदि शीघ्र ही उक्त प्रकरण में प्राथमिकी दर्ज नहीं किया जाता है ।तो समाजवादी पार्टी सड़क से लेकर सदन तक उग्र आंदोलन को बाध्य होगी जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। मौके पर मुख्य रूप से रामदेव निडर शहादत अली, मेहताब खान, नगर अध्यक्ष अजीत पटेल, रविंद्र जैसल, अश्वनी पटेल नौशाद अंसारी, दीपक पटेल सुमन कोल, पवन सोनकर मनोजा देवी, यादवेंद्र अहीर, रामानुज, शिवदानी पाल पुष्कर यादव, अजय, ओम प्रकाश, महेंद्र, संत पाल, हरि प्रसाद, सीमा, आदि रहे।

## कौशाम्बी में भीषण सड़क हादसा पंचर बनाते समय अज्ञात वाहन ने चार लोगों को रौंदा

**दो सगे भाईयो समेत चार की हुई दर्दनाक मौत**




**स्वतंत्र भारत संवाददाता कौशाम्बी।** जनपद में मंगलवार की देर रात एक भीषण सड़क दुर्घटना हो गयी जिसमें चारपाई से लदे पिकअप वाहन का पंचर बनाते समय किसी अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे हादसे में पिकअप चालक समेत चार युवक गम्भीर रूप से घायल हो गये। घायलों को मेडिकल कॉलेज पहुंचने पर चिकित्सकों ने जांच कर सभी को मृत घोषित कर दिया।

मृतकों की शिनाख्त साबिर, अकबर पुत्र स्वर्गीय शरीफ निवासी वार्ड नम्बर 10, सिराथू सैनी, अनवर पुत्र स्वर्गीय मुमताज निवासी मूरतगंज और एहसान पुत्र स्वर्गीय सपातुल्लाह निवासी रसूलपुर, थाना कोखराज के रूप में हुई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है।

## युवा शक्ति के संकल्प से ही राष्ट्र का भविष्य होगा सशक्त : डॉ. कीर्तिका अग्रवाल



**प्रयागराज ब्यूरो।** वात्सल्य सभागार में आज आयोजित 'युवा शक्ति - युवाओं के साथ संवाद' कार्यक्रम उत्साह, ऊर्जा एवं प्रेरणादायक विचारों के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवा साथियों ने सहभागिता करते हुए राष्ट्र निर्माण, नेतृत्व, शिक्षा, सामाजिक दायित्व एवं युवाओं की भूमिका जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. कीर्तिका अग्रवाल ने कहा कि 'युवा केवल देश का भविष्य नहीं, बल्कि वर्तमान की सबसे बड़ी शक्ति हैं। उनके विचार, नवाचार, संकल्प और सकारात्मक ऊर्जा ही भारत को विकसित एवं आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।' उन्होंने युवाओं से समाजहित के कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाने, नेतृत्व क्षमता विकसित करने तथा राष्ट्रहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ ज्योति मराठे ने किया इस अवसर पर माया द्विवेदी, शानू, प्रिया, विशाखा, अमन, सी पी पाण्डेय, श्याम प्रकाश, अनुराग, एवं अन्य युवाओं ने संवाद के दौरान युवाओं ने शिक्षा, रोजगार, सामाजिक जागरूकता, नवाचार, डिजिटल अवसरों एवं नेतृत्व विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर अपने प्रश्न एवं सुझाव प्रस्तुत किए। डॉ. कीर्तिका अग्रवाल ने सभी प्रश्नों का विस्तारपूर्वक उत्तर देते हुए युवाओं को आत्मविश्वास, अनुशासन, सकारात्मक सोच एवं निरंतर सीखने की भावना के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। अंत में डॉ. कीर्तिका अग्रवाल ने सभी युवा साथियों का कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक सहभागिता एवं गरिमामयी उपस्थिति के लिए आभार व्यक्त किया तथा विश्वास व्यक्त किया कि युवा शक्ति के सामूहिक प्रयासों से समाज और राष्ट्र निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर रहेगा।

## प्रदेश सरकार द्वारा शुरू की गई कैशलेस डीबीटी व्यवस्था कर्मचारियों के लिए लाभकारी सिद्ध होगी : योगेश शुक्ल



**स्वतंत्र भारत मेजा, प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा वाराणसी से बेसिक शिक्षा विभाग से शिक्षक अनुदेशक शिक्षा मित्र रसोइया के लिए कैशलेस चिकित्सीय सुविधा तथा प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के शुभारंभ का सीधा प्रसारण बुधवार को मेजा तहसील स्थित विष्णु वाटिका गेस्ट हाउस में उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। जिसको प्रोजेक्टर के माध्यम से सभी ने सीधा प्रसारण देखा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद उपजिलाधिकारी मेजा श्रीमती नीलम उपाध्याय ने कहा कि ₹प्रदेश सरकार द्वारा शुरू की गई कैशलेस चिकित्सीय सुविधा और डीबीटी व्यवस्था शिक्षकों कर्मचारियों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी। इससे चिकित्सा सेवाएं अधिक सुलभ, पारदर्शी और प्रभावी बनेंगी तथा शिक्षकों कर्मचारियों और उनके परिवारों को समय पर गुणवत्तापूर्ण उपचार मिल सकेगा। सरकार की जनहितकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है।₹

विशिष्ट अतिथि भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता योगेश शुक्ला ने कहा कि ₹मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सुशासन और जनकल्याण की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। कैशलेस चिकित्सा सुविधा एवं डीबीटी जैसी योजनाएं जीवन को सरल बनाने के साथ-साथ व्यवस्था में पारदर्शिता और विश्वास को भी मजबूत करेंगी। उन्होंने शिक्षकों से सीधे संवाद के मुख्यमंत्री ने उनकी बहुप्रतीक्षित मांग को पूरा किया है।


कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख गंगा प्रसाद मिश्र ने उपस्थित मेजा उरुवा और मांडा के उपस्थित शिक्षकों रसोइयों अनुदेशक शिक्षा मित्र और माध्यमिक शिक्षक का मेजा में अभिनंदन करते हुए इस सुविधा के लाभ पर बधाई दी। कार्यक्रम के पूर्व मुख्यमंत्री कैशलेश चिकित्सीय सुविधा कार्ड का प्रतीकात्मक स्वरूप भी वितरित किया गया। अध्यक्षता जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि विक्रमा सिंह ने किया इस कार्यक्रम में कामेश्वर पटेल प्रदेश परिषद सदस्य व्यापार मंडल अध्यक्ष पप्पू उपाध्याय, चाणक्य इंटरनेशनल के संस्थापक अखिलेश मिश्र, भाजपा नेता अमरेश तिवारी माध्यमिक शिक्षा विभाग से नोडल सुनील सिंह बी के मिश्र प्रवीण दुबे जगदीश निगम विकास पाण्डेय विकास यादव सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का स्वागत भाषण खंड शिक्षा अधिकारी मेजा कैलाश सिंह ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह और अंगवस्त्र के साथ किया। कार्यक्रम का सफल संचालन उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ मेजा इकाई के अध्यक्ष मनीष तिवारी ने किया। कार्यक्रम में तहसील मेजा के अंतर्गत मांडा उरुवा मेजा ब्लॉक के बड़ी संख्या में शिक्षक शिक्षिका कर्मचारी, शिक्षा मित्र अनुदेशक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक अभिभावक उपस्थित रहे। सभी ने मुख्यमंत्री के संबोधन का सीधा प्रसारण देखा तथा राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का स्वागत किया। अंत में अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

## रजिस्ट्रेशन की समय-सीमा 15 जुलाई 2026 तक बढ़ाई

**वाराणसी।** कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय ने देश भर के इनोवेटर्स की जबरदस्त दिलचस्पी को देखते हुए,अपने प्रमुख राष्ट्रीय इनोवेशन प्लेटफॉर्म 'नवाचार मंत्र' के लिए रजिस्ट्रेशन की समय-सीमा 15 जुलाई, 2026 तक बढ़ा दी है। इससे और भी इच्छुक उद्यमियों को अपने बेहतरीन आइडिया को सफल बिजनेस में बदलने का अवसर मिलेगा। अब तक 'नवाचार मंत्र' के आधिकारिक रजिस्ट्रेशन पोर्टल के जरिए इच्छुक उद्यमियों और इनोवेटर्स के हजारों रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं। मंत्रालय की देखरेख में शुरू किए गए 'नवाचार मंत्र' को 'नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर एंटरप्रेन्योरशिप एंड स्मॉल बिजनेस डेवलपमेंट' (निस्बड) द्वारा कार्यान्वित किया जा रहा है, और आईआईटी दिल्ली का 'फाउंडेशन फॉर इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी ट्रांसफर' (एफआईटीटी) इसमें नॉलेज पार्टनर के तौर पर काम कर रहा है।

## मासूम की मौत, घायल बच्ची से मिले चेयरमैन बीरेन्द्र सरोज 'फौजी', हरसम्भव मदद का दिलाया भरोसा



**स्वतंत्र भारत संवाददाता कौशाम्बी।** जनपद में मंझनपुर विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत टेंवां गांव में हुए दर्दनाक हादसे ने पूरे इलाके को गमगीन कर दिया। जिसमें पीपल पेड़ और बिजली का पोल टूटकर गिरने से मनोज सरोज के 2 वर्षीय पुत्र प्रिन्स की दर्दनाक मौत हो गयी, जबकि उनकी 5 वर्षीय बालिका जान्हवी गम्भीर रूप से घायल हो गयी है ।घटना की जानकारी मिलते ही नगर पालिका परिषद मंझनपुर के अध्यक्ष बीरेन्द्र सरोज 'फौजी' पीड़ित परिवार के घर पहुंचे। उन्होंने शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर गहरी संवेदना व्यक्त की और इस कठिन घड़ी में उन्हें ढांढस बंधाते हुए हरसम्भव सहयोग का भरोसा दिया। नगर पालिका परिषद अध्यक्ष बीरेन्द्र सरोज ने सम्बन्धित अधिकारियों से वार्ता कर पीड़ित परिवार को शासन की ओर से मिलने वाली आर्थिक सहायता यथाशीघ्र उपलब्ध कराने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि दुख की इस घड़ी में पूरा समाज पीड़ित परिवार के साथ खड़ा है और प्रशासन से हर सम्भव मदद दिलाने का प्रयास किया जायेगा ।क्षेत्र में इस हादसे के बाद शोक की लहर दौड़ गयी है। स्थानीय लोगों ने भी घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए घायल बच्ची के शीघ्र से शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की ।ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत मासूम प्रिंस की पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें, शोक संतप्त परिवार को यह असहनीय दुःख सहने की शक्ति प्रदान करें तथा घायल जान्हवी को जल्द पूर्ण स्वास्थ्य लाभ दें। साथ में विजय तिवारी भी उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेश चिकित्सा योजना का शुभारम्भ, शिक्षकों को मिले कैशलेस हेल्थ कार्ड






**स्वतंत्र भारत ब्यूरो कौशाम्बी।** जनपद में सदस्य, उत्तर प्रदेश गौसेवा आयोग राजेश सिंह सेंगर, जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना सोनकर एवं विधायक चायल पूजा पाल ने उदयन सभागार में आयोजित मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया।

सदस्य, उत्तर प्रदेश गौसेवा आयोग, जिला पंचायत अध्यक्ष एवं विधायक चायल ने शिक्षकों-अनिल कुमार सिंह, राम बाबू दिवाकर, विनय कुमार सिंह, ओमदत्त त्रिपाठी, विपिन कुमार, विभा सिंह, नीरज शुक्ला, सोनी केशरवानी, अनन्त कुमार सिंह, आशीष शुक्ला, राकेश कुमार, मोहम्मद अयूब सिद्दीकी व धर्मेश कुमार मिश्रा को प्रतीकात्मक रूप से कैशलेस चिकित्सा कार्ड प्रदान किया।

सदस्य, उत्तर प्रदेश गौसेवा आयोग ने भारत का भविष्य गढ़ने वाले शिक्षकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आप सौभाग्यशाली हैं कि आप शिक्षक हैं। शिक्षक देश का आधार होता है। शिक्षक राष्ट्र का निमार्ता है। शिक्षक समाज का दर्पण होता है। उन्होंने सभी शिक्षकों से अपील की, कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के साथ ही साथ बच्चों को संस्कार भी प्रदान करें तथा उनमें राष्ट्रभावना भी जागृत करें। उन्होंने शिक्षकों से कहा कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के साथ ही बच्चों से नवाचार भी कराया जाये।

जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना सोनकर ने कहा कि सरकार शिक्षकों के स्वास्थ्य एवं कल्याण के प्रति पूर्णतः संवेदनशील है। मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना शिक्षकों एवं उनके आश्रितों को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

विधायक चायल पूजा पाल ने मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना की शुरूआत करने के लिए माननीय मुख्यमंत्री का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार ने प्रदेश में शिक्षा एवं शिक्षकों के हित में अनेक कल्याणकारी कार्य किये हैं। सरकार बच्चों के उज्जवल भविष्य एवं उनके सर्वांगीण विकास के लिए कार्य कर रही है। सरकार ने सराहनीय पहल करते हुए शिक्षामित्र एवं अनुदेशकों का मानदेय बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने शिक्षकों एवं उनके परिवार की स्वास्थ्य की चिन्ता करते हुए मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना शुरू कर लाभान्वित करने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री द्वारा बच्चों को यूनिफॉर्म, जूता-मौजा आदि के लिए उनके अभिभावकों के खातों में रुपए-1200 हस्तान्तरित किया गया। उन्होंने शिक्षकों से कहा कि आप लोग बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करें। बच्चे देश के भविष्य हैं।

मुख्यमंत्री के वाराणसी में आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया तथा उपस्थित लोगों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सम्बोधन को सुना। मुख्यमंत्री ने एक करोड़ 10 लाख बच्चों के अभिभावकों के खाते में रुपए 1200-1200 हस्तान्तरित किया, जिसमें जनपद कौशाम्बी के 01 लाख 19 हजार 641 बच्चों के अभिभावकों के खाते में रुपए 1200-1200 हस्तान्तरित किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी डॉ.अमित पाल, मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी, जिला विद्यालय निरीक्षक एल0बी0 मौर्य एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. कमलेन्द्र कुमार कुशवाहा सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## नापाक हथकंडे

आतंकवाद को लेकर पाकिस्तान की जहां पूरी दुनिया में थू-थू हो रही है और भारत से भी वह ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से माकूल जवाब पा चुका है, वहीं आपराधिक, अनैतिक और आतंकी कार्रवाइयों के लिए भारत में अपना नेटवर्क मजबूत करने और यहां अराजकता फैलाने की मुहिम को ताकत देने में वह लगातार व्यस्त है। उसकी खुफिया एजेंसी आईएसआई ने एक बार फिर भारतीय, विशेष रूप से उत्तर प्रदेश, पंजाब और राजस्थान जैसी जगहों के युवकों का ब्रेनवॉश कर उन्हें इस्तेमाल करने का अभियान चला रखा है। इनको वह सभी तरह की सहूलियतें और साज-सामान तो मुहैया करा ही रहा है, अब इन्हें उत्तेजित करने के लिए हथियार और नशीले पदार्थों की खेपें भी भेजी जा रही हैं। इसके लिए रियल-टाइम वीडियो फीड भेजने की क्षमता से युक्त अत्याधुनिक ड्रोन इस्तेमाल किए जा रहे हैं। इससे इनके तस्कर भारतीय सुरक्षाबलों की गतिविधियों पर नजर रखने में मदद हासिल करते हैं। इन ड्रोन की दिशा और ऊंचाई को इस तरह नियंत्रित किया जाता है कि उनकी पहचान करना मुश्किल हो जाए। ये ड्रोन सैटेलाइट तकनीक से लैस हैं जिससे वे भारतीय सीमा में काफी अंदर तक घुस सकते हैं और उन्हें रोक पाना भी कठिन हो जाता है। यह तकनीक आम तस्करों के पास उपलब्ध नहीं होती। एक रिपोर्ट के अनुसार, सैटेलाइट-सक्षम ड्रोन का इस्तेमाल इस बात का संकेत है कि पाक का सरकारी तंत्र या सुरक्षा प्रतिष्ठान तस्करों को तकनीकी मदद मुहैया करा रहा है। मकसद एक ही है कि भारत में अधिकतम सीमा तक हथियारों और नशे के कारोबार को फैलाकर यहां के ज्यादा से ज्यादा नौजवानों को खोखला किया जाए तथा उपद्रव-अशांति फैलाने के लिए उन्हें इस्तेमाल किया जाए। आगे चलकर इनको ही आंतकवाद की मुख्य धारा में शामिल कर लिया जाएगा। पाक के इस नापाक इरादों की गूंज उस अमेरिका तक में भी है जो ऐन मौके पर उसकी पीठ पर हाथ रखता है। वहां के एक सांसद ने तो एक इंटरव्यू में अल कायदा सरगना ओसामा बिन लादेन को पनाह देने में पाकिस्तान की भूमिका का भी जिक्र किया है। उनका कहना है कि यह नहीं भूलना चाहिए कि पाकिस्तान ने लादेन को करीब एक दशक तक छिपा कर रखा था। यानी कारनामे पूरी दुनिया में उजागर हैं लेकिन टेढ़ी दुम टेढ़ी ही बनी हुई है। भारत तो इन जलील हरकतों का सामना कर ही रहा है और इनका पुरजोर जवाब भी दे रहा है लेकिन दुनिया के अन्य देशों को भी इस बेशर्मी की असलियत को पहचान कर उसी के मुताबिक पाक के साथ व्यवहार करना चाहिए। भूलना नहीं चाहिए कि पाकिस्तान आतंकवाद का निर्यातक भी है। आज नहीं तो कल बाकी देश भी इसके निशाने पर आएंगे।

## बीमारियों के दिन

मौसम में बदलाव होता है तो इसमें तमाम अनिश्चितताएं पैदा हो जाती हैं। जैसे कभी बारिश, कभी तेज धूप, कभी जबरदस्त उमस लोगों को बेहाल किए रहती है। यहां तक तो ठीक है। किसी न किसी ढंग से ये बदलाव सहन कर लिए जाते हैं। लेकिन दिक्कत तब बढ़ जाती है जब जब इसके लगातार बदलते तेवर सीधे स्वास्थ्य को निशाना बनाने लगते हैं। चूंकि इस बार भीषण गर्मी है, बारिश अभी भी अनिश्चित है तो ज्यादा नमी के कारण उमस कहर बन कर आई है। नतीजा यह है कि वायरल बुखार के मरीज तेजी से बढ़ रहे हैं और बच्चों में डायरिया-उल्टी-दस्त की समस्या भी बढ़ी है। वायरल बुखार इस मामले में खतरनाक होता है कि इसे सामान्य बुखार समझकर लोग आमतौर पर नजरअंदाज कर देते हैं। जबकि बदलते मौसम में वायरल को लेकर कोई ढिलाई नहीं बरतनी चाहिए। दूसरी बात यह कि वायरल बुखार संक्रमण से भी होता है। तब जरूरी यह है कि बुखार या संक्रमण के लक्षण दिखाई देने पर तुरंत डॉक्टर की सलाह ली जाए। इस बुखार को लेकर बच्चों और बुजुर्गों का ज्यादा ही ध्यान रखना जरूरी है। मौसम में बदलाव के फलस्वरूप जहां वायरल का खतरा बढ़ा है, वहीं त्वचा रोग तथा पेट को लेकर भी समस्याएं बढ़ी हैं। चिकित्सकों की सलाह है कि ऐसी अनिश्चितता के समय साफ-सफाई, पर्याप्त पानी पीने, सादा-संतुलित भोजन लेने और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर सावधानी बरती जाए तो जोखिम भरी बीमारियों से काफी कुछ बचाव हो सकता है। यह इसलिए भी जरूरी है कि आजकल तेज बुखार, शरीर और जोड़ों में दर्द, गले में खराश, सिरदर्द, खांसी, मांसपेशियों में दर्द और त्वचा पर हल्के धब्बे जैसी समस्याएं आती हैं लेकिन सामान्य दिनों के मुकाबले इस समय ये ज्यादा खतरनाक होती हैं। बेहतर यह है कि इनसे जुड़ी छोटी से छोटी दिक्कत होने पर भी डॉक्टर की सलाह ली जाए। मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए अस्पतालों को भी अपने यहां सभी व्यवस्थाएं चाक चौबंद रखनी चाहिए।

## काँव-काँव

♦♦♦

**चंपत ने चुप्पी तोड़ी, कहा बैंक व अनिल मिश्रा जिम्मेदार**
महासचिव की जिम्मेदारी लेकर आप धृतराष्ट्र क्यों बने रहे!

**धर्म धन की भाजपा की राजनीति का अब अंत : अखिलेश यादव**
अब आप धर्म धन रक्षा की राजनीति शुरू कर दीजिए।

**मौखिक साक्ष्य बिना विभागीय दंड नहीं : हाईकोर्ट**
फिर तो मुंह बंद करवाने का हुनर खूब परवान चढ़ेगा।

**जनसहभागिता से मनाएंगे हरियाली का उत्सव**
सरकार के संरक्षण में वन कटान के मातम में भी जनसहभागिता की ज़रुरत।

**एसटीएफ कर्मियों की हत्या करने वाले ठोकिया गैंग के डकैत की रिहाई नहीं**
डकैत की जान बच गई, ठोक दिए जाने का खतरा टला।

**सोशल मीडिया का मंच भारतीय कानून से ऊपर नहीं**
भारतीय कानून के महत्व की ऐसी जानकारी को सोशल मीडिया जन-जन तक पहुंचा रहा है।

♦♦♦

# कृत्रिम बुद्धिमत्ता और स्वास्थ्य

– डॉ. मयंक भारद्वाज

वर्ष की शुरुआत में नयी दिल्ली में आयोजित 'एआइ इंपैक्ट समिट' ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआइ) की अभूतपूर्व संभावनाओं को रेखांकित किया. उस सम्मेलन में पुणे के एक हेल्थ-टेक स्टार्टअप द्वारा विकसित एआइ सक्षम उपकरण विशेष आकर्षण का केंद्र रहा, जो सर्वाइकल कैंसर की सस्ती और सुलभ प्रारंभिक जांच को संभव बनाता है. वहीं, 'वाइसा एआइ' ने यह प्रदर्शित किया कि एआइ आधारित चैटबॉट भावनात्मक और मानसिक स्वास्थ्य संबंधी सहायता भी प्रभावी ढंग से प्रदान कर सकते हैं. असल में, एआइ जटिल चिकित्सीय आंकड़ों का विश्लेषण कर चिकित्सा सेवाओं को अधिक प्रभावी बनाते हैं।


एआइ प्रणाली इलेक्ट्रॉनिक हेल्थ रिकॉर्ड, एक्स-रे, सीटी स्कैन, एमआरआइ जैसी छवियों, प्रयोगशाला रिपोर्टों और जीनोमिक आंकड़ों का तीव्र एवं सटीक विश्लेषण कर सकती है. इससे रोगों की समय पर पहचान, उपचार योजना और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार हो रहा है. भारत की स्वास्थ्य व्यवस्था एआइ के व्यापक उपयोग के लिए अत्यंत अनुकूल है. यद्यपि, देश में डॉक्टर-जनसंख्या अनुपात लगभग 1:811 है, जो डब्ल्यूएचओ के 1:1000 के मानक से बेहतर है, फिर भी गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता में भारी क्षेत्रीय असमानता है. साथ ही, गैर-संक्रामक रोगों का बढ़ता बोझ, वृद्ध होती आबादी तथा स्वास्थ्य सेवाओं की लगातार बढ़ती लागत देश के सामने गंभीर चुनौतियां हैं।

ऐसे में तकनीक आधारित 'इंटेलिजेंट सॉल्यूशंस' हमारी स्वास्थ्य व्यवस्था को अधिक सक्षम और प्रभावी बना सकते हैं. अस्पतालों तक सीमित न रहकर एआइ अब रोग निगरानी, महामारी की पूर्व चेतावनी, टीकाकरण की योजना, संसाधनों के बेहतर आवंटन तथा आपातकालीन प्रबंधन के माध्यम से सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यवस्था को भी अधिक सशक्त बना रही है. जब एआइ को टेलीमेडिसिन के साथ जोड़ा जाता है, तब इसके लाभ और व्यापक हो जाते हैं. भारत की लगभग 65 प्रतिशत जनसंख्या गांवों में रहती है, जबकि विशेषज्ञ चिकित्सक और उन्नत स्वास्थ्य सुविधाएं मुख्यतः शहरी क्षेत्रों तक सीमित हैं. एआइ संचालित टेलीमेडिसिन दूरस्थ परामर्श, सटीक निदान व रोगियों की निरंतर निगरानी संभव बनाकर इस भौगोलिक दूरी को कम कर रही है. सरकार की विभिन्न पहलें भी, जैसे 'इ-संजीवनी' टेलीमेडिसिन प्लेटफॉर्म', 'आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन' आदि एक समेकित डिजिटल स्वास्थ्य पारिस्थितिकी तंत्र विकसित कर रही हैं। एआइ की परिवर्तनकारी क्षमता का प्रभाव स्तन कैंसर की जांच के क्षेत्र में देखने को मिलता है. भारत में महिलाओं में स्तन कैंसर सबसे अधिक पाया जाने वाला कैंसर है, किंतु पारंपरिक मैमोग्राफी की अधिक लागत, सीमित उपलब्धता तथा ग्रामीण क्षेत्रों में इसकी कम पहुंच के कारण प्रारंभिक जांच अब भी बड़ी चुनौती है. इन समस्याओं के समाधान के लिए बेंगलुरु स्थित हेल्थ-टेक स्टार्टअप 'निरामई' ने 'थर्मलाइटिक्स' नामक एआइ आधारित स्तन कैंसर जांच प्रणाली विकसित की है, जो शुरुआती अवस्था में ही शारीरिक




असामान्यताओं की पहचान कर सकती है. यह तकनीक पूरी तरह गैर-आक्रामक (नॉन-इंसिव), विकिरण मुक्त और बिना किसी शारीरिक संपर्क के जांच करने वाली है. इसके पोर्टेबल स्वरूप के कारण इसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, मोबाइल स्वास्थ्य शिविरों और दूरदराज के ग्रामीण क्षेत्रों में आसानी से ले जाया जा सकता है. हालांकि, एआइ की इस क्षमता के साथ कई नैतिक और व्यावहारिक चुनौतियां भी जुड़ी हुई हैं। एआइ प्रणाली संवेदनशील रोगी आंकड़ों पर निर्भर करती है, जिससे गोपनीयता, साइबर सुरक्षा और अनधिकृत पहुंच जैसी गंभीर चिंताएं उत्पन्न होती हैं. यदि एआइ मॉडल पक्षपातपूर्ण या अपूर्ण आंकड़ों पर प्रशिक्षित हों, तो वे गलत या भेदभावपूर्ण परिणाम दे सकते हैं. इसके अतिरिक्त, अधिकतर एआइ मॉडल की आंतरिक निर्णय प्रक्रिया को समझना चिकित्सकों के लिए भी कठिन होता है. इससे एआइ आधारित चिकित्सा निर्णयों पर विश्वसनीयता का संकट खड़ा हो सकता है. सर्वाधिक महत्वपूर्ण यह है कि एआइ कभी भी मानवीय संवेदनशीलता, नैतिक विवेक और उस चिकित्सीय अनुभव का स्थान नहीं ले सकता, जो रोगी केंद्रित स्वास्थ्य सेवाओं की आत्मा है। भारत के अनेक अस्पतालों, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में, अभी भी गुणवत्तापूर्ण डिजिटल स्वास्थ्य रिकॉर्ड, इंटरनेट सुविधा और आवश्यक तकनीकी बुनियादी ढांचे का अभाव है. एआइ प्रणाली को लागू करने की उच्च लागत, प्रशिक्षित मानव संसाधन की कमी तथा व्यापक कानूनी व नियामक ढांचे का न होना भी इसके विस्तार में बड़ी बाधाएं हैं. निःसंदेह, एआइ स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक तेज, सटीक और प्रभावी बनाकर चिकित्सा क्षेत्र में एक नये युग की शुरुआत कर रहा है. किंतु इसे चिकित्सकों के विकल्प के रूप में नहीं, बल्कि उनके एक सशक्त सहयोगी के रूप में देखा जाना चाहिए. स्वास्थ्य सेवाओं का भविष्य तकनीक और मानवीय विशेषज्ञता के संतुलित समन्वय में ही सुरक्षित है. इसके लिए मजबूत डाटा संरक्षण कानून, पारदर्शी एल्गोरिदम, प्रभावी नियामक व्यवस्था और नैतिक शासन की सख्त जरूरत है।

## ।। यथार्थ गीता ।।



स्वामी अड़गड़ानंद

### अथ त्रयोदशोऽध्याय:

(गतांक से आगे

उन्होंने बताया कि साधना के पूर्तिकाल में परमतत्त्व परमात्मा का प्रत्यक्ष दर्शन ही ज्ञान है। ज्ञान का अर्थ है साक्षात्कार। इसके अतिरिक्त जो कुछ भी है, अज्ञान है। जानने योग्य वस्तु है परात्पर ब्रह्म। वह न सत् है, न असत्- इन दोनों से परे है। उसे जानने के लिये लोग हृदय में ध्यान करते हैं, बाहर मूर्ति रखकर नहीं। बहुत से लोग सांख्य-माध्यम से ध्यान करते हैं, तो शेष निष्काम कर्मयोग, समर्पण के साथ उसकी प्राप्ति के लिये उसी निर्धारित कर्म आराधना का आचरण करते हैं। जो उसकी विधि नहीं जानते. वे तत्त्वस्थित महापुरुष के द्वारा सुनकर आचरण करते हैं। वे भी परमकल्याण को प्राप्त हो जाते हैं। अतः कुछ भी समझ में न आये तो उसके ज्ञाता महापुरुष का सत्संग आवश्यक है।

स्थितप्रज्ञ महापुरुष के लक्षण बताते हुए योगेश्वर श्रीकृष्ण ने कहा कि- जैसे आकाश सर्वत्र सम रहता हुआ भी निर्लेप है, जैसे सूर्य सर्वत्र प्रकाश करते हुए भी निर्लेप है, ठीक इसी प्रकार स्थितप्रज्ञ पुरुष, सर्वत्र सम ईश्वर को जैसा है वैसा ही देखने की क्षमतावाला पुरुष क्षेत्र से अथवा प्रकृति से सर्वथा निर्लेप है। अन्त में उन्होंने निर्णय दिया कि क्षेत्र और क्षेत्रज्ञ की जानकारी ज्ञानरूपी नेत्रों द्वारा ही सम्भव है। ज्ञान, जैसा कि पीछे बताया गया, उस परमात्मा के प्रत्यक्ष दर्शन के साथ मिलनेवाली जानकारी है। शास्त्रों को बहुत रटकर दुहराना ज्ञान नहीं बल्कि अध्ययन तथा महापुरुष से उस कर्म को समझकर, उस कर्म पर चलकर मनसहित इन्द्रियों के निरोध और उस निरोध के भी विलयकाल में परमतत्त्व को देखने के साथ जो अनुभूति होती है, उसी अनुभूति का नाम ज्ञान है। क्रिया आवश्यक है। इस अध्याय में मुख्यतः क्षेत्रज्ञ का विस्तार से वर्णन किया गया। वस्तुतः क्षेत्र का स्वरूप व्यापक है। **क्रमशः...**

## ।। चाणक्य नीति ।।

♦♦♦

**दूरागतं पथि श्रान्तं वैवश्येन गृहमागतम्।**
**अनर्चयित्वा यो भुङ्क्ते स स वै चाण्डाल उच्यते।।**

दूर से आये हुए परिचित अथवा अपरिचित व्यक्ति को, रास्ता चलते से थके-मांदे व्यक्ति को तथा विवशता के कारण आश्रय की इच्छा से घर में आये व्यक्ति को बिना खिलाये-पिलाये, तो स्वयं खा-पी लेता है, उसे चाण्डल कहते हैं।

♦♦♦

# पेट्रोल में एथनाल : आखिर ये माजरा क्या है?



–निर्मल रानी

भारत में इन दिनों पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथनाल का मिश्रण किये जाने यानी ई 20 पेट्रोल के इस्तेमाल से होने वाले नुक़्सान को लेकर बहस छिड़ गयी है। इसके प्रयोग से देश भर से वाहनों के इंजन ख़राब होने की ख़बरें मीडिया में आने लगी हैं। ई20 उपभोक्ता अब न केवल इसकी शिकायतें करने लगे हैं बल्कि जगह जगह इसे लेकर धरना प्रदर्शन भी होने लगे हैं। गत दिनों तो दिल्ली के जंतर मंतर पर भी ई 20 मिश्रित पेट्रोल के विरोध में प्रदर्शन किया गया।और इससे वाहनों को होने वाले नुकसान को लेकर सरकार को अवगत कराया गया। भारत में हो रहे इसके विरोध व इसके इस्तेमाल से आ रही परेशानियों व वाहनों को हो रहे कथित नुक़्सान की ख़बरों के बीच पड़ोसी देश भूटान ने भी भारतीय तेल कंपनियों से एथनाल मिश्रित ई 20 पेट्रोल वहां न भेजने व केवल पूर्व में भेजा जा रहा केवल शुद्ध एक्सपी 100 जैसे पेट्रोल की आपूर्ति करने को कहा है। भूटान द्वारा इसका कारण यह बताया गया है कि पेट्रोल पंपों पर भण्डारण के पुराने भूमिगत फ़्यूल टैंक में ई 20 पेट्रोल के भण्डारण की वजह से पानी के रिसाव का जोखिम है जिससे एथनाल मिश्रित ईंधन ख़राब हो सकता है। क्योंकि इथेनॉल की प्रवृति नमी को आकर्षित करने वाली होती है और वातावरण से नमी लेने पर ईंधन की गुणवत्ता घट सकती है और इंजन में अनेक प्रकार की समस्याएं हो सकती हैं। इसके अलावा पहाड़ी इलाक़े में स्टोरेज और सप्लाई श्रृंखला को आधुनिक करना भी आवश्यक होगा, जिसमें तत्काल परिवर्तन करना जोखिमपूर्ण माना गया। भूटान द्वारा अपनी आपत्ति में पहाड़ी रास्तों में वाहन के परफ़ार्मेंस पर भी फ़र्क पड़ने का संदेह व्यक्त किया गया है। भारत में भी देश भर से गाड़ियों के ख़राब होने,गाड़ियों की पेट्रोल टंकी के गलने व ज़ंग लगने, माइलेज कम होने व इंजन के ख़राब होने तक की शिकायतें आने लगी हैं। और उधर इसी ई 20 पेट्रोल की आपूर्ति व खपत की आड़ में शुद्ध पेट्रोल यानी एक्सपी100 का मूल्य 167 रूपये प्रति लीटर तक हो गया है। एथनाल के उपयोग से केवल गाड़ियां ही ख़राब नहीं हो रही हैं बल्कि इसके उत्पादन में भी पानी का भी बेतहशा दुरूपयोग किया जा रहा है जिससे भविष्य में यह जलसंकट का कारण भी बन सकता है। ग़ौरतलब है कि एथनॉल का उत्पादन चावल ,मक्का और गन्ना आदि की फ़सलों से होता है। और इन सभी फ़सलों की पैदावार में बेतहाशा पानी का इस्तेमाल होता है। इसके बाद जब इसी फ़सल से एथनॉल बनाया जाता है तो इसमें और भी ज़्यादा पानी ख़र्च होता है। मिसाल के तौर पर चावल से 1 लीटर एथनॉल बनाने में लगभग 10790 लीटर पानी ख़र्च होता है जबकि मक्का से 1 लीटर एथनॉल बनाने में क़रीब 4670 लीटर पानी की खपत होती है इसी तरह गन्ने से मात्र 1 लीटर एथनाल बनाने में तक़रीबन 3630 लीटर पानी लगता है। गोया पेट्रोल में एथनॉल मिश्रण की नीति देश के जल बचाने के अभियान के ठीक विरुद्ध जलसंकट खड़ा करने में भी सहायक हो सकती है। ज़रा सोचिये कि जब श्व20 पेट्रोल की आपूर्ति में जल का इतना इस्तेमाल होता है तो यदि भारत सरकार के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी की इच्छानुसार पेट्रोल में 85 प्रतिशत मिश्रण कर ई 85 की आपूर्ति की योजना पर अमल किया गया तो भारत जैसे उस देश में पानी के अकाल को कैसे टाला जा सकेगा जहां के कई इलाक़ों में पहले ही पीने का पानी लोगों को मयस्सर नहीं है ? हालांकि अब ख़बर यह भी आ रही है कि भारी विरोध के बीच केंद्र सरकार अब ई25 पेट्रोल को लागू करने की योजना को फिलहाल टाल सकती है। सरकारी सूत्रों के अनुसार सरकार अब इस ई25 बदलाव को जल्दबाज़ी में लागू करने के बजाय चरणबद्ध तरीक़े से आगे बढ़ाने पर विचार कर रही है।

देश में पेट्रोल में एथनाल के मिश्रण को लेकर कुछ ज़िम्मेदार लोगों के विरोधाभासी बयान भी सुनाई दे रहे हैं। इसकी वजह से आम लोगों में एथनाल के मिश्रण के प्रति अविश्वास व भ्रम की स्थिति पैदा हो रही है। मिसाल के तौर पर टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के कंट्री हेड और एग्ज़ीक्युटिव वाईस प्रेसिडेंट विक्रम गुलाटी ने अपने एक इंटरव्यू में पहले तो यह स्वीकार किया था कि ई 20 पेट्रोल के इस्तेमाल से 'बेशक फ़्यूल एफ़िशिएंसी में कुछ कमी आती है।' परन्तु बाद में उन्होंने ही प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसे परफ़ॉर्मेंस के मामले में 'बेहतरीन ईंधन' भी बता डाला। इसी तरह भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) के बायोफ़्यूलस के एक्ज़ीक्यूटिव डायरेक्टर अनुराग सरावगी ने भी स्वीकार किया था कि एथनॉल मिश्रित पेट्रोल का इस्तेमाल करने से गाड़ियों की माइलेज में 30 प्रतिशत तक कमी आ सकती है। इतना ही नहीं बल्कि भारत के अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी ने गत 30 जून को सर्वोच्च न्यायलय में एक सुनवाई के दौरान अदालत को यह भी बताया कि ई-20 पेट्रोल का इस्तेमाल फ़िलहाल एक प्रयोग के तौर पर किया जा रहा है। इस बात के सार्वजनिक होने के बाद तो लोगों में और भी आक्रोश फैल गया कि आख़िर प्रयोग के तौर पर उन्हें 'गिनी पिग' अर्थात प्रयोग किये जाने वाला जीव क्यों बनाया जा रहा है। उसके बाद सरकार की तरफ़ से यह स्पष्टीकरण जारी किया गया कि अटॉर्नी जनरल के हवाले से कही जा रही बातें ग़लत हैं। कर्नाटक के गृह मंत्री प्रियांक खड़गे ने भी एक तरह से अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी की बातों का समर्थन करते हुए इस बात पर नाराज़गी जताई कि 3.6 करोड़ भारतीय कार मालिकों पर इसतरह के प्रयोग क्यों किए जा रहे हैं? उन्होंने कहा कि अभी भारत में 10 में से 9 गाड़ियां ई 20 के अनुकूल नहीं हैं। उन्होंने यह भी कहा कि यह नीति आम सहमति के बिना और इसके होने वाले परिणामों को समझे बग़ैर लागू कर दी गई है । खड़गे ने यह भी कहा, हमारी गाड़ियों में इसे ज़बरदस्ती डालने के बाद आप राष्ट्रीय स्तर पर ईंधन बदलने की इस प्रक्रिया को 'प्रयोग' नहीं कह सकते। उन्होंने कहा कि जब सरकार का अपना डेटा ही अभी तक तैयार नहीं है, तो नागरिकों को नुक़्सान साबित करने की चुनौती नहीं दी जा सकती । आम लोग 'गिनी पिग' नहीं हैं न ही हमारी सड़कें टेस्ट ट्रैक हैं और देश के उपभोक्ताओं की जेबें सरकार के ट्रायल का बजट नहीं हैं। खड़गे ने ई20 को वापस लेने मांग करते हुये कहा कि सरकार पहले इसे प्रयोग के योग्य, स्वीकार्य व प्रमाणित ईंधन साबित करे, फिर इसे प्रयोग करने की नीति लागू करें।

## प्रेरक प्रसंग

### महान होने की परिभाषा

चीनी दार्शनिक कन्फ्यूशियस की महानता से चीन का सम्राट भी परिचित था। एक दिन वह कन्फ्यूशियस से बोला, तुम मुझे उस व्यक्ति के पास ले चलो जो महान हो। कन्फ्यूशियस बोला, लेकिन मुझसे महान भी तो कोई होगा? कन्फ्यूशियस बोला ; मुझसे महान भी तो कोई होगा? महामहिम आप से अधिक महान कौन हो सकता है। आपकसत्य को जानने की भावना रखते हैं और तो ऐसी भावना रखता है वही महान है।

कन्फ्यूशियस बोला, आपसे अधिक महान में हूं क्योंकि सत्य के प्रति मेरा अनुराग (प्रीति) है।

और तुमसे भी अधिक महान कौन है? सम्राट ने पूछा ।

कन्फ्यूशियस बोला यह तो ढूढ़ना पड़ेना। इतना कहकर वह सम्राट को लेकर चल पड़ा। कुछ आगे चलने पर उन्हें एक वृद्ध व्यकित दिखा ; जो कुआं खोद रहा था। उसे देखकर कन्फ्यूशियस बोला महामहिम मुझसे भी अधिक महान यह वृद्ध है।

सम्राट ने पूछा कैसे?

कन्फ्यूशियस बोला इसकी काफी आयु व्यतीत हो चुकी है, शरीर भी दुबला - पतला है- तब भी कुआ खोद रहा है। परोपकार की भावना है । परोपकार में ही इसको आनंद की अनुभूति होती है। जिसका तन और मन दोनों ही अनुभूति में निमग्न हों उससे बढ़कर महान अन्य कौन हो सकता है।

## आपका पत्र मिला

### बारिश में स्कूली बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित हो

देश के विभिन्न हिस्सों में भारी से भारी बारिश के चलते जनजीवन अस्त-व्यस्त होने के साथ-साथ उसका भयावह रूप लोगों में दहशत पैदा कर रहा है। चाहे महाराष्ट्र हो या केरल, राजस्थान हो या गुजरात, मध्यप्रदेश हो या उत्तराखंड हर जगह, हर क्षेत्र से खबरें आ रही है कि पानी ने तबाही मचा दी है।

गत वर्ष भारी बारिश के चलते राजस्थान के झालावाड़ में स्कूल की छत गिरने से 7 मासूम बच्चों की दबकर दर्दनाक मृत्यु हो गई थी। इसी तरह गत वर्ष कई स्थानों पर ऐसी घटनाएं हुई थी। अतः अंधाधुंध बारिश के सैलाब को देखते हुए स्कूल व अन्य विभागों को अभी से सतर्क हो जाना चाहिए, ताकि भारी बारिश के चलते झालावाड़ जैसी घटना की पुनरावृत्ति ना हो। सभी राज्यों के विभाग प्रमुख व सभी स्कूलों के प्रधानाध्यापक व शिक्षक अपनी जिम्मेदारी समझते हुए ऐसे भवन जो जर्जर, जीर्ण-शीर्ण, दीवारें तथा छतें कमजोर व खतरनाक स्थिति में हो तो तत्काल अपने विभाग को सूचना करते हुए ऐसे सुरक्षित भवनों में शालाएं संचालित करें जहां बच्चों व स्टाफ को कोई खतरा या क्षति ना हो। पानी गिरने से पहले बचाव की पार बांधने में ही समझदारी है। अन्यथा नुकसान होने के बाद रोना के सिवा कोई चारा नहीं है।

**हेमा हरि उपाध्याय 'अक्षत'**
**वाया ई-मेल**

इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।
आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं।
संपादक,
स्वतंत्र भारत
1, जॉपलिंग रोड,
लखनऊ-226001
E-mail : swatantrabharat77@gmail.com



# कॉलेज और स्कूल जाने वाली लड़कियों के लिए बेस्ट हैं शर्ट स्टाइल टॉप

स्कूल और कॉलेज जाने वाली लड़कियां क्या पहने इस बात को लेकर हमेशा कंफ्यूज रहती हैं। एक जैसे कपड़े पहनकर जाने पर अधिकतर लड़कियों को शर्मिंदगी भी महसूस होती है। अगर आप भी उन्हीं लड़कियों में से एक है, तो यह खबर आपके लिए खास हो सकती है, क्योंकि आज हम आपको कुछ ऐसे लेटेस्ट शर्ट स्टाइल टॉप डिजाइन के बारे में बताएंगे, जिन्हें पहनकर आप कॉलेज में अपनी खूबसूरती का जलवा बिखेर सकती है।

**फ्लोरल प्रिंट कॉटन शर्ट स्टाइल टॉप-** अगर आप कॉलेज में एक जैसे कपड़े पहन कर जाती है और अब ऐसे कपड़े पहनकर बोर हो गई है, तो अब आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। आप इस खूबसूरत फ्लोरल प्रिंट कॉटन शर्ट स्टाइल टॉप को ट्राई कर सकती है। इस तरह का टॉप आपकी खूबसूरती में चार चांद लगा देगा और आपको डिफरेंट लुक देने में मदद करेगा।

**ब्राऊन वी नेक शर्ट स्टाइल टॉप-** यही नहीं अगर आपके स्कूल में कोई फंक्शन है और आप उस फंक्शन में खूबसूरत दिखना चाहती है, तो आपके लिए यह लेटेस्ट ब्राऊन वी नेक शर्ट स्टाइल टॉप भी एक बेस्ट ऑप्शन हो सकता है। इसे पहनकर आप न सिर्फ स्कूल बल्कि कॉलेज में भी जा सकती है। इस तरह के टॉप इन दिनों काफी चर्चा में है, जो अधिकतर लड़कियों को बेहद पसंद आ रहे हैं।

**कॉटन शर्ट स्टाइल टॉप**

आप चाहे तो अपने कॉलेज में इस खूबसूरत कॉटन शर्ट स्टाइल टॉप को पहनकर जा सकती हैं। इस तरह के टॉप दिखने में शर्ट की तरह होते हैं, लेकिन यह असल में टॉप होते हैं। इसे आप क्रीम या वाइट कलर की पेंट या जींस के साथ शामिल कर अपने आउटफिट को बेहतर बना सकती हैं। इस तरह का टॉप आपको ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह मिल जाएगा। इसे पहनकर आप बला की खूबसूरत दिख सकती है।

**स्ट्राइप्ड शर्ट स्टाइल टॉप**

अपनी खूबसूरती से सभी का दिल जीतने के लिए और दोस्तों के बीच अपनी पर्सनालिटी को बेहतर बनाने के लिए आप इस खूबसूरत स्ट्राइप्ड शर्ट स्टाइल टॉप को ट्राई कर सकती हैं। इस तरह के टॉप भी इन दिनों काफी चर्चा में है, जो अधिकतर लड़कियों को बहुत पसंद आ रहे हैं। इस टॉप में आपको और भी कई कलर और साइज मिल जाएंगे। इसे आप ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह से खरीद सकती हैं।

# स्लिम गर्ल्स को दिखना है मॉडर्न, मौनी रॉय के साड़ी लुक्स से लें इंस्पिरेशन



टीवी की दुनिया से अपना करियर शुरू करने वाली मौनी रॉय कई बॉलीवुड फिल्मों से भी फैंस का दिल जीत चुकी हैं। अभिनेत्री अपनी एक्टिंग के साथ फैशन सेंस से भी फैंस को दीवाना बनाए रहती हैं। उनका हर लुक बेहद कातिलाना होता है। इंडियन हो या वेस्टर्न एक्ट्रेस अपने हर लुक में बवाल मचाती हैं। तो आज हम आपको उनके कुछ साड़ी लुक्स दिखाने जा रहे हैं। जिनको स्लिम गर्ल्स कैरी करके अपना लुक मॉडर्न बना सकती हैं। **ब्लैक साटन साड़ी-** ब्लैक कलर की साड़ी अधिकतर हर महिला की पसंद होती है। ऐसे में आप मौनी रॉय के इस ब्लैक साटन साड़ी लुक पर जरूर फिदा हो गई होंगी। अभिनेत्री ब्लैक कलर की सिंपल साड़ी में बला की खूबसूरत लग रही हैं। उनकी ब्लैक साड़ी पर गोल्डन कलर के पैच बने हुए हैं। जबकि उन्होंने इस साटन साड़ी के संग स्ट्रैपी ब्लाउज कैरी किया हुआ है। ऐसे में उनका लुक काफी बोल्ड नजर आ रहा है। साथ में गोल्डन झुमकी, ब्रॉड नेकलेस और बन हेयर स्टाइल उनके लुक को काफी अट्रैक्टिव बना रहे हैं। स्लिम गर्ल्स मौनी के इस ब्लैक साड़ी लुक से इंस्पिरेशन ले सकती हैं।

**जॉर्जेट पिंक साड़ी-** मौनी रॉय की बेबी पिंक जॉर्जेट साड़ी भी स्लिम गर्ल्स के लिए परफेक्ट ऑप्शन है। इसको कैरी करने के बाद उनका लुक चार्मिंग नजर आएगा। इस तरह की साड़ियां यंग गर्ल्स को बेहद पसंद आती हैं।

**लाइनिंग साड़ी लुक-** स्लिम गर्ल्स यदि खुद को डिसेंट लुक में देखना चाहती हैं, तो उनके लिए मौनी रॉय का लाइनिंग साड़ी लुक बेस्ट रहेगा। इसको आप किसी ऑफिस इवेंट में कैरी करके जा सकती हैं। मौनी ने ब्लैक साड़ी के संग व्हाइट और लाइनिंग वाला कॉलर नेक ब्लाउज पहना हुआ है। इसके साथ ग्लॉसी मेकअप और बन हेयर स्टाइल से अपना लुक कंप्लीट किया हुआ है। हर बार की तरह मौनी का यह साड़ी लुक भी काफी डिसेंट और ग्लैमरस नजर आ रहा है।

# कुर्ती सिलवाते समय इन 3 बातों का जरूर रखें ध्यान



महिलाएं अपने लुक को खास बनाने के लिए न सिर्फ चेहरे को खूबसूरत बनाती है, बल्कि अपने आउटफिट को भी परफेक्ट बनाने के लिए टेलर से डिजाइनर आउटफिट स्टिच करवाती है। ऐसे में अगर आप भी किसी टेलर से कुर्ती बनवाने वाली है, तो यह खबर आपके लिए खास हो सकती है। आज हम आपको 3 जरूरी बातें बताएंगे, जिनकी मदद से आप अपने आउटफिट को परफेक्ट तरीके से बनवा सकती हैं।

**सही फैब्रिक का करें चुनाव-** जब भी आप टेलर से कुर्ती बनवाने जाए, तो सबसे पहले कपड़े का चुनाव करें। कुर्ती बनवाने के लिए सही फैब्रिक होना बहुत मायने रखता है। ऐसे में आप पार्टी वियर कुर्ती बनवाने के लिए सिल्क, जॉर्जेट या शिफॉन का फैब्रिक चुन सकती है। वहीं अगर आप आने- जाने में या रोजाना पहनने के लिए कुर्ती बनवा रही है, तो आपके लिए कॉटन या रेयान का फैब्रिक सही रहेगा। सही फैब्रिक आपके लुक को गॉर्जियस बनाने में मदद करेंगी और इससे सही फिटिंग भी आएगी।

**टेलर को सही साइज या फिटिंग वाली कुर्ती दें-** इसके अलावा जब भी आप टेलर से कुर्ती बनवाए, तो अपना नाप यानी साइज सही तरीके से दें। आप चाहे तो टेलर को अपनी कोई फिटिंग वाली कुर्ती नाप के लिए भी दे सकती हैं। इसके अलावा नाप देने के साथ कहां तक की बाजू और कैसे डिजाइन वाला गला बनाना है, इसकी भी जानकारी आप अपने टेलर को एक डायरी में लिखवा दें, ताकि यह जानकारी उसके पास रखी रहे और वह आसानी से आपका आउटफिट तैयार कर दें।

**ब्रा लूप का भी करें इस्तेमाल-** यही नहीं अगर आप किसी टेलर से कुर्ती या कोई गाउन बनवाने वाली है, तो कुर्ती सिलवाते वक्त ब्रा लूप जरूर लगवाएं। ऐसा करने से ब्रा की स्ट्रिप बाहर नहीं दिखेगी और ना ही आपके शोल्डर से कपड़ा फिसलेगा। यह आपके आउटफिट को शानदार बना देगी साथ ही आपके लुक को गॉर्जियस बनाने में मदद करेंगे।

इन बातों का ध्यान रखकर आप टेलर से कुर्ती बनवा सकती हैं। यह टिप्स आपके आउटफिट को परफेक्ट बनाने में मदद करेंगी।

# जेनजी गर्ल्स के लिए बेस्ट हैं इस तरह के ट्रेडिशनल आउटफिट



जेनजी गर्ल्स हमेशा अपने आउटफिट को लेकर परेशान रहती हैं। चाहे बात एथनिक की हो या ट्रेडिशनल कि वे आउटफिट सिलेक्ट करने में काफी कन्फ्यूज रहती हैं। ऐसे में अगर आप भी ट्रेडिशनल वियर देख रही हैं, तो यह खबर आपके लिए बेस्ट हो सकती है। आज हम आपको कुछ ऐसी ट्रेडीशनल ड्रेस बताएंगे, जिन्हें आप किसी भी फेस्टिवल के दौरान पहन सकती हैं। आइए जानते हैं इनके बारे में।

**लाल प्रिंटेड प्री-ड्रेप्ड साड़ी-** अगर आप भी किसी फेस्टिवल पर भीड़ से हटकर दिखना चाहती हैं और अपने लुक को अट्रैक्टिव बनाना चाहती हैं, तो अब आप इस तरह के खूबसूरत ट्रेडीशनल लाल प्रिंटेड प्री-ड्रेप्ड साड़ी को शामिल कर सकती हैं। इसे पहनकर आप बला की खूबसूरत लगेंगी और अपने लुक को डिफरेंट बना सकेंगी। इसे आप ऑनलाइन खरीद सकती हैं या बाजार से कपड़ा लाकर इसे बनवा भी सकती हैं। इस ड्रेस को पहनकर आप अपने फेस्टिवल को यादगार बना सकती हैं।

**पर्ल हॉल्टर कुर्ता चूड़ीदार सूट**

अपनी खूबसूरत से सभी का दिल जीतने के लिए और फेस्टिवल पर डिफरेंट लुक पाने के लिए आप इस तरह के पर्ल हॉल्टर कुर्ता चूड़ीदार सूट को शामिल कर सकती हैं। इसे भी आप बाजार से कपड़ा लाकर बनवा सकती हैं। इस आउटफिट के साथ आप एक्सेसरीज शामिल कर अपने लुक को पूरा कर सकती हैं। इसे पहन कर आप किसी हसीना से कम नहीं लगेगी। यह ड्रेस आपके फेस्टिवल लुक को खास बनाने में भी मदद करेगी।

**सैल्मन पिंक एम्बेलिश्ड लहंगा साड़ी-** आप चाहे तो किसी भी फेस्टिवल के दौरान इस तरह के खूबसूरत ट्रेडीशनल सैल्मन पिंक एम्बेलिश्ड लहंगा साड़ी को शामिल कर सकती हैं। ऐसे आउटफिट भी इन दिनों काफी चलन में है, जो अधिकतर लड़कियों को बहुत पसंद आ रहे हैं। इसके साथ आप एक्सेसरीज भी शामिल कर सकती हैं। इस आउटफिट को भी आप ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह से खरीद सकती हैं।

**सैल्मन पिंक कुर्ती विद शरारा**

आप चाहे तो किसी भी फेस्टिवल के दौरान इस तरह की खूबसूरत सैल्मन पिंक कुर्ती विद शरारा को भी शामिल कर अपने लुक को अट्रैक्टिव और गॉर्जियस बना सकती हैं। ऐसी ड्रेस आपको ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह मिल जाएगी। आप चाहे तो बाजार से कपड़ा लाकर भी इसे बनवा सकती हैं। इसे पहनकर आप फेस्टिवल पर अपने लुक को पूरा कर सकती हैं। इस तरह की ड्रेस जेनजी लड़कियों के लिए एक बेस्ट ऑप्शन हो सकती है।

**ओवरसाइज आउटफिट्स**

ओवरसाइज टी-शर्ट्स, शर्ट्स और हुडीज आज के जेन जी फैशन में सबसे ज्यादा ट्रेंड में हैं। ये आउटफिट्स न सिर्फ स्टाइलिश दिखते हैं बल्कि पहनने में बेहद आरामदायक भी होते हैं। इनका रिलैक्स्ड फिट पूरे दिन कंफर्ट देता है और इन्हें डेनिम, शॉर्ट्स या स्कर्ट के साथ आसानी से स्टाइल किया जा सकता है, जिससे एक कूल स्ट्रीट लुक तैयार होता है।

**बैगी जींस और वाइड-लेग पैंट्स-** बैगी जींस और वाइड-लेग पैंट्स 90S फैशन की वापसी के साथ फिर से ट्रेंड में आ गए हैं। हाई-वेस्ट और लूज फिट स्टाइल आज की लड़कियों की पहली पसंद बन चुका है। इन्हें क्रॉप टॉप या फिटेड टॉप के साथ पहनकर एक बैलेंस्ड और ट्रेंडी लुक बनाया जा सकता है, जो कैजुअल और स्टाइलिश दोनों लगता है।

# चाहती हैं न्यू और स्टाइलिश लुक तो करें ट्राइ ये को-ऑर्ड सेट



हर महिला स्टाइलिश लुक चाहती है और इसके लिए वो बेहतरीन आउटफिट्स का चुनाव करती है। लेकिन, अगर आप अपने स्टाइल को न्यू टच देना चाहती हैं, तो आप को-ऑर्ड सेट्स का चुनाव कर सकती हैं। फैशन की दुनिया में ये आउटफिट्स इन दिनों काफी ट्रेंड में हैं और न्यू और स्टाइलिश लुक पाने के लिए बेहतरीन है। ये आपको कई सारे डिजाइन और पैटर्न में मिल जाएंगे। ये पहनने में आरामदायक होते हैं, और साथ ही इनमें आपका लुक खूबसूरत और स्टाइलिश नजर आता है।

**प्रिंटेड को-ऑर्ड सेट-** यह प्रिंटेड को-ऑर्ड सेट ऑफिस या किसी इवेंट में स्टाइल करने के लिए एक बेस्ट ऑप्शन हो सकता है। यह प्रिंटेड को-ऑर्ड सेट 3/4 स्लीव्स और राउंड नेक डिजाइन में आता है। यह आपको कई सारे रंगों और डिजाइन में मिल जाएगा, और इसमें आपका लुक सुंदर और अलग नजर आएगा। आप इसे ऑनलाइन के साथ-साथ ऑफलाइन भी लगभग 1000 से 1500 रुपये की कीमत में खरीदकर स्टाइल कर सकती हैं।

**लेस वर्क को-ऑर्ड सेट-** अपने लुक को एक न्यू टच देने के लिए आप इस तरह के लेस वर्क को-ऑर्ड सेट का चुनाव कर सकती हैं। इस को-ऑर्ड सेट में बेहद ही खूबसूरत लेस वर्क किया हुआ होता है, और इसमें आपका लुक अलग व सुंदर नजर आएगा। इस तरह के को-ऑर्ड सेट आपको कई सारे कलर ऑप्शन के साथ मिल जाएंगे।

**फ्लोरल प्रिंट को-ऑर्ड सेट-** भीड़ से अलग दिखने और अपने लुक को न्यू टच देने के लिए आप इस तरह के फ्लोरल प्रिंट को-ऑर्ड सेट स्टाइल कर सकती हैं। यह को-ऑर्ड सेट फ्लोरल प्रिंट में आता है और इसमें आपका लुक सुंदर और स्टाइलिश नजर आएगा। इस को-ऑर्ड सेट को आप ऑफिस या कहीं घूमने जाने के दौरान स्टाइल कर सकती हैं, और इसे आप सस्ते कीमत में खरीदकर पहन सकती हैं।

# पुराने लॉन्ग कुर्ते को फेंकने के बजाय ऐसे करें इस्तेमाल



अगर आप भी एक जैसे कपड़े पहनकर बोर होने लगी हैं और अब उन कपड़ों को किसी को दे देती हैं या फेंक देती हैं, तो ये खबर आपके लिए खास हो सकती हैं, क्योंकि आज हम आपको कुछ ऐसे आसान टिप्स बनाएंगे, जिनका इस्तेमाल कर आप उन कपड़ों से नई और स्टाइलिश चीजें बना सकती हैं, वो भी कम खर्च में। आईए जानते हैं उन चीजों के बारे में।

**पुरानी लॉन्ग कुर्ती से बनाएं शॉर्ट कुर्ती-** अगर आप भी अपने पुराने कुर्ते को बार-बार पहनकर परेशान हो गई और उस कुर्ते को किसी को देने वाली है या फेंकने वाली है, तो अब आप उसको फेकने के बजाय उसका इस्तेमाल कर शॉर्ट कुर्ती बना सकती हैं. शॉर्ट कुर्ती बनाने के लिए आप कुर्ते को काटकर उस पर पिको करवा सकती हैं या फिर बाजार से लेस खरीद कर डिजाइनर लेस भी कुर्ते की बॉर्डर पर लगा सकती हैं इससे नया लुक क्रिएट होगा।

**पुरानी लॉन्ग कुर्ती से बनाएं पिलो कवर-** अगर आपके पास हैवी और भरा हुआ कुर्ता है, तो अब आप उसे फेकने के बजाय उस कुर्ते का नए तरीके से इस्तेमाल कर सकती हैं. इसका इस्तेमाल करने के लिए आप इसे काट कर पिलो कवर बना सकती हैं।

# ऊन और रंगीन धागों से घर पर ऐसे बनाएं टैसल हैंडबैग



आज के समय में लडकियां अपने लुक का खास ध्यान रखती हैं। कॉलेज गोइंग गर्ल्स् तो अपने आउटफिट्स, फुटवियर, एसेसरीज और बैग्स सब कुछ एक से एक डिजाइन में खरीदती हैं। बैग्स की बात करें तो आजकल मार्केट में मिलने वाले हैंडबैग काफी महंगे होते हैं। ऐसे में अगर आप कम पैसे में कुछ अलग और स्टाइलिश बनाना चाहती हैं तो टैसल हैंडबैग बना सकती हैं। खास बात तो ये है कि इसे बनाने के लिए आपको कोई महंगा सामान भी नहीं खरीदना पड़ेगा।

घर में अगर आपके ऊन, कलरफुनल धागे रखें हुए हैं तो आसानी से इसे बनाया जा सकता है। आज हम आपको अपने इस लेख में बता रहे हैं कि आप कैसे इस बैग को घर पर बना सकती हैं। आइए जानते हैं-

**बैग बनाने के लिए क्या-क्या चाहिए?**

कलरफुल ऊन या धागे।
कोई स्ट्रॉन्ग कैनवास या जूट का छोटा बैग।
कैंची, सुई और धागा। ग्लू गन या फैब्रिक गोंद।
लकड़ी के मोती या सजावट का कोई सामान।
सबसे पहले बनाएं टैसल। ऊन को 20-25 बार अपनी हथेली या किसी कार्डबोर्ड पर लपेट लें। अब एक तरफ से धागे को बांध दें। दूसरी तरफ से कैंची से काट दें। अब ऊपर की तरफ थोड़ा धागा बांधकर टैसल का शेप दे दें। इसी तरह अलग-अलग कलर्स के कई टैसल तैयार कर लें।

**सबसे पहले बनाएं टैसल-** ऊन को 20-25 बार अपनी हथेली या किसी कार्डबोर्ड पर लपेट लें। अब एक तरफ से धागे को बांध दें। दूसरी तरफ से कैंची से काट दें। अब ऊपर की तरफ थोड़ा धागा बांधकर टैसल का शेप दे दें। इसी तरह अलग-अलग कलर्स के कई टैसल तैयार कर लें।

**बैग को और स्टाइलिश कैसे बनाएं?**

टैसल के साथ छोटे मोती लगा सकती हैं।
मिरर वर्क का इस्तेमाल कर सकती हैं।
बैग पर हाथ से कोई डिजाइन बना सकती हैं।
अलग-अलग कलर के ऊन मिलाकर इसे मल्टीकलर लुक दे सकती हैं।

**कॉलेज के लिए है परफेक्ट**

आपको बता दें कि इस बैग का वेट काफी हल्का होता है और ये देखने में भी काफी ट्रेंडी लगता है। आप इसमें बुक्स, नोटबुक, मोबाइल, चार्जर और छोटी-मोटी जरूरी चीजें रख सकती हैं। साथ ही ये दिखने में भी काफी स्टाइलिश लगता है।



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

**दैनिक पंचांग लखनऊ**
**बृहस्पतिवार, 9 जुलाई 2026**

श्री शुभ सम्वत् 2083 शके 1948 श्री सूर्य उत्तर अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते ग्रीष्म ऋतौ आषाढ़ मासोत्तमे कृष्ण पक्षे, नवमी तिथौ गुरु वासरे 10/39/ अश्विनी नक्षत्रे 14/57/ सुकर्मा योग 10/12/ गर करणे 10/89/ मेष राशिगत चन्द्रमा घं. मि. पर।

**व्रत एवं त्यौहार-** भद्रा प्रारम्भ घं. 21 मि. 28 से।

**मेष :** कार्य व्यापार में सुधार होगा। इच्छित कार्य पूर्ति होगी। पुराने मित्रों से भेंट होगी चिंता जनक समाचार होगा।

**वृष :** रुका कार्य बनेगा। मनोरंजन का कार्य सुलभ होगा। सम्मान के प्रति सचेत रहें। स्वास्थ्य साधारण रहेगा।

**मिथुन :** आत्मिक हर्ष होगा। परिश्रम से सफलता मिलेगी। व्यापारिक अवरोध की निवृत्ती होगी। परिजनों की उपेक्षा मिलेगी।

**कर्क :** गृह उपयोगी वस्तुओं में वृद्धि होगी। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। पुरुषार्थ सार्थक होगा। रुके कार्य में प्रगति होगी।

**सिंह :** जीवनसाथी का सहयोग एवं सानिध्य मिलेगा। धन सम्मान में वृद्धि होगी। आय-व्यय में संतुलन आवश्यक है। आलस्य त्यागे।

**कन्या :** व्यर्थ की उलझन रहेगी। यात्रा की स्थिति सुखद एवं लाभकारी रहेगी। व्यस्तता अधिक होगी। आत्मबल में सुधार होगा।

**तुला :** वरिष्ठ परिजनों पर व्यय होगा। धर्म में आस्था बढ़ेगी। मनोमालिन्य दूर होगा। इच्छाशक्ति क्षीण रहेगी।

**वृश्चिक :** सुख में कमी रहेगी। कटु वचन ना कहें। यात्रा से लाभ। धैर्य बनाएं रखें। आर्थिक मामलों में जोखिम न उठाएं। व्यय भार बढ़ेगा।

**धनु :** शारीरिक सुख में वृद्धि होगी। परिवार में सुख साधन की वृद्धि होगी। दुर्गा जी की उपासना से लाभ होगा। असम्मान का भाव रहेगा।

**मकर :** बुद्धि चातुर्य से उत्तम धन लाभ होगा। संयम एवं धैर्य से कार्य के होने की संभावना है। यात्रा का योग।

**कुंभ :** यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद एवं लाभकारी रहेगी। शासन सत्ता का सहयोग। व्यावसायिक प्रगति का योग बनेगा।

**मीन :** पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। यात्रा सुख में होगी। मनोमालिन्य दूर होगा।



# पूर्व विधायक की टिप्पणी से नाराज भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया विरोध प्रदर्शन

**स्वतंत्र भारत मऊ।** मुहम्मदाबाद गोहना बीते 6 जुलाई को शहीद चौक पर भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष गोरखपुर विनोद राय के प्रथम आगमन पर आयोजित स्वागत कार्यक्रम के दौरान कथित रूप से की गई टिप्पणी को लेकर बुधवार को भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता छोटू प्रसाद के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने पूर्व भाजपा विधायक श्रीराम सोनकर से से माफी मांगने की बात की गई । छोटू प्रसाद ने आरोप लगाया कि स्वागत कार्यक्रम के दौरान पूर्व विधायक श्रीराम सोनकर ने छोटू प्रसाद को 'छोटी सोच का नेता' कहकर अपमानित किया। उन्होंने कहा कि वह पिछले 35 वर्षों से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के माध्यम से भारतीय जनता पार्टी की निष्ठापूर्वक सेवा करते आ रहे हैं। इसके बावजूद सार्वजनिक मंच से उनके लिए अपमानजनक शब्दों का प्रयोग किया गया, जिससे न केवल उनकी व्यक्तिगत प्रतिष्ठा बल्कि समर्पित कार्यकर्ताओं का भी मनोबल प्रभावित हुआ है। उन्होंने कहा कि जब तक पूर्व विधायक अपने बयान पर खेद व्यक्त कर माफी नहीं मांगते, तब तक विरोध जारी रहेगा। साथ ही इस पूरे मामले को संगठन के माध्यम से भाजपा के उच्च पदाधिकारियों तक पहुंचाया जाएगा, ताकि उचित कार्रवाई हो सके। प्रदर्शन में भाजपा मंडल अध्यक्ष जनार्दन शर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष रामशरण चौहान, अंकित सरोज, मुन्ना सिंह, ठाकुर प्रसाद सिंह सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# 11 हज़ार वोल्ट तार के चपेट आने से गम्भीर रूप से घायल

**स्वतंत्र भारत ग़ाज़ीपुर।** खबर गाज़ीपुर से है जहां रजदेपुर न्यू कालोनी के मुहल्ला निवासिनी 8 वर्षीया जिकरा पुत्री इरशाद अहमद उर्फ गुड्डू जो कि अपने ननिहाल में आई हुई थी। मंगलवार की शाम को वह अपने कुछ हम उम्र सहेलियों के साथ घर के छत पर खेल रही थी। इस दौरान घर के छत से सटकर जा रहे 11 हजार वोल्ट के तार की चपेट में वह आकर गम्भीर रूप से झुलस गई। संयोग ही था कि उसकी सहेलियां वहां से दूर हट गई वरना कोई बड़ा हादसा होने से टाला नहीं जा सकता था। इस हादसे के पीछे मोहल्ले के लोग बिजली विभाग के अधिकारियों को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। मोहल्ला वासियों का कहना है कि पूर्व में भी इस तार की वजह से दो गंभीर हादसे से हो चुके हैं।

विभाग के अधिकारियों को पूर्व में भी लगातार हो रहे हाथों से अवगत कराया गया था लेकिन तार हटाने की कोई प्रक्रिया विभाग द्वारा नहीं शुरू की गई। करंट की चपेट में आकर झुलसी बच्ची की हालत नाजुक बनी हुई है। मेडिकल कॉलेज में उसका इलाज चल रहा है।

# संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत बनपोखरा में साफ-सफाई का निरीक्षण

**स्वतंत्र भारत मधुबन।** संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत बुधवार को फतेहपुर मंडाव विकास खंड के बनपोखरा गांव में विशेष साफ-सफाई अभियान का निरीक्षण किया गया। इस दौरान खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) अनिल मौर्य एवं प्रभारी एडीओ पंचायत ने सफाई व्यवस्था का जायजा लिया और संबंधित कर्मचारियों को नियमित सफाई, जलभराव की रोकथाम तथा स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने ग्रामीणों से भी स्वच्छता बनाए रखने, कूड़ा निर्धारित स्थान पर डालने तथा संचारी रोगों से बचाव के लिए जागरूक रहने की अपील की।

# ट्रैक्टर और बाइक की टक्कर में बाइक सवार की मौत

**स्वतंत्र भारत मऊ।** सराय लखंसी थाना क्षेत्र के बहरीपुर जयपुरिया स्कूल के पास ट्रैक्टर और मोटरसाइकिल की आमने-सामने टक्कर हो गई जिसमें मोटरसाइकिल सवार युवक की मौत हो गई। बताया जाता है कि प्रभाकर पुत्र स्वर्गीय राजदेव 21 वर्ष निवासी परसपुरा चमरियां थाना सरायलखंसी बुधवार की दोपहर लगभग 2:00 बजे अपनी मोटरसाइकिल पर सवार होकर डुमरांव चट्टी बाजार करने जा रहा था। अभी वह सराय लखंसी थाना क्षेत्र के बहरीपुर जयपुरिया स्कूल के पास ट्रैक्टर और मोटरसाइकिल की आमने-सामने टक्कर हो गई। देखते ही देखते स्थानीय लोगों के भीड़ एकत्रित हो गई तभी किसी ने पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रैक्टर को हिरासत में लेकर मोटरसाइकिल सवार युवक को जिला अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सक डॉ शहीर ने जांचोपरांत के बाद मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी हाउस भेज दिया वहीं इस मामले में सरायलखंसी थाना प्रभारी से बात हुई तो उन्होंने बताया कि एक मोटरसाइकिल और ट्रैक्टर ट्राली आपस में भिड़ंत हुई है जिसमें एक युवक की मौत हो गई है । अभी 5 बजे पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम कराया जाएगा।


# कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, हरिहरपुररानी-श्रावस्ती

पत्रांक 469 /पन्द्रहवा केन्द्री य वित्त/पंचम राज्य वित्त आयोग/निविदा/2026–27 दिनांक: 06.07.2026

## निविदा सूचना

क्षेत्र पंचायत हरिहरपुररानी में वर्ष 2026–27 में केन्द्रीय वित (पन्द्रहवा बित्त)/पंचम राज्य वित्त आयोग के अर्न्तगत स्वीकृत निम्न परियोजनाओं पर कार्य कराये जाने हेतु पंजीकृत ठेकेदारों से बन्द लिफाफे में निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदायें **दिनांक– 09.07.2026 से 22.07.2026. को 01 बजे तक** डाक द्वारा अथवा नियमानुसार धनराशि कार्यालय में पटल सहायक के पास जमा कर सीधे कार्यालय में प्राप्त किए जा सकते है, तदोपरान्त **दिनांक 23.07.2026 को अपरान्ह 03 बजे** से खण्ड विकास अधिकारी की उपस्थिति में (टेण्डर समिति अवर अभियन्ता ग्रा0अभि0वि0 एवं लेखाकार ) द्वारा खोली जायेगी, जिसमें निविदादाताओं, नामित सदस्यों को उपस्थित रहना अनिवार्य है। दिये गये तिथि एवं समय के पश्चात निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।

| क्र.स. | परियोजना का नाम | कार्य का स्थल | कार्य की माप | अनुमानित लागत लाख रू0 में | धरोहर की धनराशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि | वित्त आयोग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | राज्य वित्त (नव निर्माण) | | | | | | |
| 1 | ग्राम पंचायत अमवा के गांव अमवा में मंगली के खेत से अली रजा के खेत तक खड़ण्जा निर्माण कार्य | अमवा में | 490.00 मी0 | **9.04** | 02 प्रतिशत | 3 माह | राज्य वित्त आयोग |
| 2 | ग्राम पंचायत पटना खरगौरा के गांव रमनगरा में खुर्शेद नाला पी0डब्लू0डी0 रोड से नमनगरा गांव तक खड़ण्जा निर्माण कार्य | रमनगरा में | 380.00 मी0 | **6.17** | 02 प्रतिशत | 3 माह | राज्य वित्त आयोग |
| 3 | ग्राम पंचायत चहलवा कोडरी में राजितराम के खेत से अरविन्द कुमार के खेत तक खड़ण्जा निर्माण कार्य | चहलवा कोडरी में | 485.00 मी0 | **9.71** | 02 प्रतिशत | 3 माह | राज्य वित्त आयोग |
| 4 | ग्राम पंचायत चहलवा मदरहवा के गांव गड़रपुरवा में पी0डब्लू0डी0 रोड से राजा भिनगा के फार्म तक खड़ण्जा निर्माण कार्य | गड़रपुरवा में | 480.00 मी0 | **9.68** | 02 प्रतिशत | 3 माह | राज्य वित्त आयोग |
| 5 | ग्राम पंचायत अकबरपुर में जूनियर स्कूल से पी0डब्लू0डी0 रोड से होते हुये पानी टंकी तक खड़ण्जा निर्माण कार्य | अकबरपुर में | 480.00 मी0 | **8.83** | 02 प्रतिशत | 3 माह | राज्य वित्त आयोग |
| 6 | ग्राम पंचायत परशुरामपुर के गांव पसियन पुरवा में मालिकराम के घर से बृज मोहन के घर तक खड़ण्जा निर्माण कार्य | पसियन पुरवा में | 350.00 मी0 | **7.00** | 02 प्रतिशत | 3 माह | राज्य वित्त आयोग |
| 7 | ग्राम पंचायत मंगहा में शमशान घाट जाने वाले रास्ते पर पुलिया निर्माण कार्य | मंगहा में | 01 अदद | **7.98** | 02 प्रतिशत | 3 माह | राज्य वित्त आयोग |
| 8 | ग्राम पंचायत सेमरी के गांव सेमरी में महन्त सत्यराम पब्लिक स्कूल से विजय बहादुर के घर तक सी0सी0 रोड का निर्माण कार्य | सेमरी में | 100.00 मी0 | **5.89** | 02 प्रतिशत | 3 माह | राज्य वित्त आयोग |
| | | | योग | 64.30 | | | |
| | राज्य वित्त आयोग (मरम्मत) | | | | | | |
| 9 | ग्राम पंचायत अमवा के गांव परावन पी0डब्लू0डी0 रोड से गोड़धोई पी0डब्लू0डी0 रोड तक खड़ण्जा मरम्मत कार्य | परावन में | 985.00 मी0 | **9.80** | 02 प्रतिशत | 3 माह | राज्य वित्त आयोग |
| 10 | ग्राम पंचायत अकबरपुर के गांव पचपकड़ी में नदी पुल से नउवा पुरवा तक खड़ण्जा मरम्मत कार्य | पचपकड़ी में | 330.00 मी0 | **3.25** | 02 प्रतिशत | 3 माह | राज्य वित्त आयोग |
| 11 | ग्राम पंचायत अमवा के गांव रंजीतपुर में पी0डब्लू0डी0 रोड से बीरेन्दर पाठक के घर खड़ण्जा मरम्मत कार्य | रंजीतपुर में | 625.00 मी0 | **5.93** | 02 प्रतिशत | 3 माह | राज्य वित्त आयोग |
| 12 | ग्राम पंचायत लक्ष्मनपुर इटवरिया के गांव भमरापुर में पी0डब्ल0डी0 रोड से चिन्ता महराज के खेत तक खड़ण्जा मरम्मत कार्य | भमरापुर म | 800.00 मी0 | **7.57** | 02 प्रतिशत | 3 माह | राज्य वित्त आयोग |
| | | | योग | 26.55 | | | |
| | 15वीं केन्द्रीय वित्त (टाइड) | | | | | | |
| 13 | ग्राम पंचायत पटना खरगौरा में जनता इण्टर कालेज पटना खरगौरा में आर0ओ0 वाटर कूलर का स्थापना कार्य | खरगौरा में | 01 अदद | **3.08** | 02 प्रतिशत | 3 माह | 15वीं केन्द्रीय वित्त आयोग |
| 14 | ग्राम पंचायत सेमरी चकपिहानी के गांव सेमरी में ब्रहमदत्त इण्टर कालेज में आर0ओ0 वाटर कूलर का स्थापना कार्य | सेमरी में | 01 अदद | **3.08** | 02 प्रतिशत | 3 माह | 15वीं केन्द्रीय वित्त आयोग |
| 15 | ग्राम पंचायत सेमरी चकपिहानी के गांव चकपिहानी में राधेश्याम के घर से दक्षिण नाला तक नाली निर्माण कार्य | चकपिहानी में | 300 मी0 | **5.98** | 02 प्रतिशत | 3 माह | 15वीं केन्द्रीय वित्त आयोग |
| 16 | ग्राम पंचायत सेमरी चकपिहानी के गांव बालानगर में चन्दिका वर्मा के घर से तालाब तक नाली निर्माण कार्य | बालानगर में | 200 मी0 | **4.08** | 02 प्रतिशत | 3 माह | 15वीं केन्द्रीय वित्त आयोग |
| | | | योग | 16.22 | | | |
| | 15वीं केन्द्रीय वित्त (अनटाइड) | | | | | | |
| 17 | ग्राम पंचायत अशरफ नगर के सुल्तानजोत में काशीराम विद्यालय के पास हाईमास्ट लाइट की स्थापना कार्य | सुल्तानजोत | 01 अदद | **0.76** | 02 प्रतिशत | 3 माह | 15वीं केन्द्रीय वित्त आयोग |
| 18 | ग्राम पंचायत अकबरपुर के गांव सेमरा में रामदेव त्रिपाठी के घर के पास हाईमास्ट लाइट की स्थापना कार्य | सेमरा में | 01 अदद | **0.76** | 02 प्रतिशत | 3 माह | 15वीं केन्द्रीय वित्त आयोग |
| 19 | ग्राम पंचायत सेमरी चकपिहानी के गांव काशीजोत में गीता शुक्ला के घर के पास शिव मन्दिर पर हाईमास्ट लाइट की स्थापना कार्य | काशीजोत में | 01 अदद | **0.76** | 02 प्रतिशत | 3 माह | 15वीं केन्द्रीय वित्त आयोग |
| 20 | ग्राम पंचायत सेमरी चकपिहानी के गांव सकटूपुर में बाबू राम उपाध्याय के घर के पास हाईमास्ट लाइट की स्थापना कार्य | सकटपुर | 01 अदद | **0.76** | 02 प्रतिशत | 3 माह | 15वीं केन्द्रीय वित्त आयोग |
| 21 | ग्राम पंचायत चहलवा मदरहवा के गांव गड़रपुरवा में फार्म चौराहे पर हाईमास्ट लाइट की स्थापना कार्य | गड़रपुरवा में | 01 अदद | **0.76** | 02 प्रतिशत | 3 माह | 15वीं केन्द्रीय वित्त आयोग |
| 22 | ग्राम पंचायत खजुहा झुनझुनिया के गांव रजगढ़वा में बड़े बाबा कुट्टी पर हाईमास्ट लाइट की स्थापना कार्य | रजगढ़वा में | 01 अदद | **0.76** | 02 प्रतिशत | 3 माह | 15वीं केन्द्रीय वित्त आयोग |
| 23 | ग्राम पंचायत उमायल खुर्द में विजय कुमार तिवारी के घर के पास हाईमास्ट लाइट की स्थापना कार्य | उमायल खुर्द में | 01 अदद | **0.76** | 02 प्रतिशत | 3 माह | 15वीं केन्द्रीय वित्त आयोग |
| 24 | ग्राम पंचायत पूरे अकारी के गांव मुनीमपुर चौराहे पर अक्लेश पाठक के मन्दिर के पास हाईमास्ट लाइट की स्थापना कार्य | मुनीमपुर में | 01 अदद | **0.76** | 02 प्रतिशत | 3 माह | 15वीं केन्द्रीय वित्त आयोग |
| 25 | ग्राम पंचायत किशुनपुर चोरवाभारी के गांव मुर्तिहा में रामदेव ओझा के घर के पास शिव मन्दिर पर हाईमास्ट लाइट की स्थापना कार्य | मुर्तिहा में | 01 अदद | **0.76** | 02 प्रतिशत | 3 माह | 15वीं केन्द्रीय वित्त आयोग |
| 26 | ग्राम पंचायत लक्ष्मनपुर कोठी के जगपति मन्दिर पर हाईमास्ट लाइट की स्थापना कार्य | जगपति मन्दिर पर | 01 अदद | **0.76** | 02 प्रतिशत | 3 माह | 15वीं केन्द्रीय वित्त आयोग |
| 27 | ग्राम पंचायत तुरषमा में गांव के चौराहे पर हाईमास्ट लाइट की स्थापना कार्य | तुरषमा | 01 अदद | **0.76** | 02 प्रतिशत | 3 माह | 15वीं केन्द्रीय वित्त आयोग |
| 28 | ग्राम पंचायत भंगही में सुभाष यादव के घर के पास हाईमास्ट लाइट की स्थापना कार्य | भंगही में | 01 अदद | **0.76** | 02 प्रतिशत | 3 माह | 15वीं केन्द्रीय वित्त आयोग |
| 29 | ग्राम पंचायत हरिहरपुररानी के गांव गददी पुरवा में राजेन्द्र बी0डी0सी0 के घर के पास हाईमास्ट लाइट की स्थापना कार्य | गददी पुरवा में | 01 अदद | **0.76** | 02 प्रतिशत | 3 माह | 15वीं केन्द्रीय वित्त आयोग |
| 30 | ग्राम पंचायत अमवा के गांव बसन्तुपर में आशाराम बी0डी0सी0 के घर के पास हाईमास्ट लाइट की स्थापना कार्य | बसन्तापुर में | 01 अदद | **0.76** | 02 प्रतिशत | 3 माह | 15वीं केन्द्रीय वित्त आयोग |
| 31 | ग्राम पंचायत रेवलिया में राम नरायन पाल बी0डी0सी0 के घर के पास हाईमास्ट लाइट की स्थापना कार्य | रेवलिया में | 01 अदद | **0.76** | 02 प्रतिशत | 3 माह | 15वीं केन्द्रीय वित्त आयोग |
| 32 | ग्राम पंचायत नौबस्ता में वृक्षराज बी0डी0सी0 के घर के पास हाईमास्ट लाइट की स्थापना कार्य | नौबस्ता में | 01 अदद | **0.76** | 02 प्रतिशत | 3 माह | 15वीं केन्द्रीय वित्त आयोग |
| 33 | ग्राम पंचायत अमवा के गांव सुजानडीह में सालिक राम पाण्डेय के घर के पास हाईमास्ट लाइट की स्थापना कार्य | सुजानडीह में | 01 अदद | **0.76** | 02 प्रतिशत | 3 माह | 15वीं केन्द्रीय वित्त आयोग |
| 34 | ग्राम पंचायत पटना खरगौरा के खरगौरा में ओमकार यादव के घर के पास हाईमास्ट लाइट की स्थापना कार्य | खरगौरा में | 01 अदद | **0.76** | 02 प्रतिशत | 3 माह | 15वीं केन्द्रीय वित्त आयोग |
| 35 | ग्राम पंचायत मंगहा के गांव पाटन पुरवा में चौराहे पर हाईमास्ट लाइट की स्थापना कार्य | पाटन पुरवा में | 01 अदद | **0.76** | 02 प्रतिशत | 3 माह | 15वीं केन्द्रीय वित्त आयोग |
| 36 | ग्राम पंचायत असनहरिया के गांव धोबदौरिया में दुर्गा मन्दिर के पास हाईमास्ट लाइट की स्थापना कार्य | धोबदौरिया में | 01 अदद | **0.76** | 02 प्रतिशत | 3 माह | 15वीं केन्द्रीय वित्त आयोग |
| 37 | ग्राम पंचायत शाहपुर कलां के गांव ऊचें शाहपुर में काली मन्दिर पर हाईमास्ट लाइट की स्थापना कार्य | ऊचें शाहपुर में | 01 अदद | **0.76** | 02 प्रतिशत | 3 माह | 15वीं केन्द्रीय वित्त आयोग |
| 38 | ग्राम पंचायत अमवा के गांव सुजानडीह में छत्रधारी बाबा के स्थान पर हाईमास्ट लाइट की स्थापना कार्य | सुजानडीह में | 01 अदद | **0.76** | 02 प्रतिशत | 3 माह | 15वीं केन्द्रीय वित्त आयोग |
| 39 | ग्राम पंचायत शाहपुर कलां के गांव खाले शाहपुर में जसवन्त वर्मा के घर के पास मन्दिर पर हाईमास्ट लाइट की स्थापना कार्य | खाले शाहपुर में | 01 अदद | **0.76** | 02 प्रतिशत | 3 माह | 15वीं केन्द्रीय वित्त आयोग |
| | योग | | | 17.48 | | | |
| | महायोग – | | | 124.55 | | | |

**नियम एवं शर्ते :–**

1. निविदा में परियोजना लागत की 10 प्रतिशत जमानत की धनराशि नगद/बैंक ड्राफ्ट द्वारा जमा करना होगा।
2. निविदा अस्वीकृत होने की दशा में जमानत की धनराशि तीन दिवस में वापस प्राप्त की जा सकती है।
3. निविदा स्वीकृत होने के पश्चात एक सप्ताह के अन्दर स्वीकृत कार्य स्थल पर मानक के अनुसार अवर अभियन्ता ग्रा0 अभि0वि0 की तकनीकी देख–रेख में कार्य कराया जायेगा, तत्पश्चात भुगतान की कार्यवाही की जायेगी।
4. किसी भी दशा किसी भी परियोजना पर अग्रिम भुगतान नही किया जायेगा।
5. कार्य मानक/गुणवत्ता के अनुसार ही कराया जायेगा, कार्य मानक के अनुरूप न होने पर जमानत जप्त कराने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।
6. निविदा में दी गयी दरें आगामी 06 माह तक प्रभावी होगीं।
7. किसी भी विवाद की दशा में अधोहस्ताक्षरी का निर्णय अन्तिम/ सर्वमान्य होगा।
8. निविदा प्रपत्र दिनांक 09.07.2026 से कार्यालय द्वारा किसी भी कार्य दिवस में 500 रू0 प्रति निविदा प्रपत्र मूल्य एवं 18 प्रतिशत जी0एस0टी0 की धनराशि जमा कर क्रय किये जा सकेंगें।

**खण्ड विकास अधिकारी**
**हरिहरपुररानी, श्रावस्ती**

# डीएम ने दिये विद्यालयी वाहनों की फिटनेस परमिट दस्तावेज के सत्यापन एवं सुरक्षा मानकों के निर्देश

## बिना वैध दस्तावेजों के कोई भी विद्यालयी वाहन न हों संचालित

**स्वतंत्र भारत (अंबेडकरनगर)** जिलाधिकारी ईशा प्रिया की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्कूल वाहन परिवहन सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में विद्यालयी वाहनों की सुरक्षा, वैधानिक अभिलेखों के सत्यापन तथा शासन द्वारा निर्धारित सुरक्षा मानकों के प्रभावी अनुपालन की विस्तृत समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि विद्यालयों में संचालित सभी वाहनों के पंजीकरण प्रमाण-पत्र, फिटनेस, बीमा, परमिट, प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण-पत्र एवं चालक के ड्राइविंग लाइसेंस सहित समस्त अभिलेखों का नियमित सत्यापन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि बिना वैध दस्तावेजों के कोई भी विद्यालयी वाहन संचालित न हो। बैठक में विद्यालयी वाहन चालकों एवं परिचालकों के लिए निर्धारित यूनिफॉर्म, वाहनों में सुरक्षा व्यवस्था, विद्यालय स्तर पर परिवहन सुरक्षा समिति के गठन तथा उसकी नियमित बैठकों के आयोजन पर भी चर्चा की गई। शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक वर्ष जनवरी, अप्रैल, जुलाई एवं अक्टूबर माह में विद्यालय परिवहन सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित कर उसकी कार्यवाही जिला परिवहन सुरक्षा समिति को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि जिन विद्यालयों में समिति का गठन नहीं हुआ है वहां समिति का गठन करते हुए सभी समस्त विद्यालय आगामी 30 जुलाई तक समिति का बैठक कर कार्यवाही एआरटीओ को उपलब्ध कराएं। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों एवं विद्यालय प्रबंधनों को निर्देशित किया कि छात्र-छात्राओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। विद्यालयी वाहनों के संचालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी तथा सभी सुरक्षा मानकों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सख्त निर्देश हैं कि स्कूली बच्चों की सुरक्षा के साथ कोई खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं है, इसका कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर विधायक कटेहरी धर्मराज निषाद, अध्यक्ष जिला पंचायत श्याम सुंदर वर्मा उर्फ साधु वर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी हरेन्द्र कुमार, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ज्योत्स्ना बंधु, एआरटीओ सहित विभिन्न विद्यालयों के प्रबंधक/प्रधानाचार्य आदि उपस्थित रहे।

# दी गयी तहरीर पर कार्यवाही न होने से अधिवक्ता संघ नाराज

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में अब अधिवक्ताओं का आक्रोश भी खुलकर सामने आने लगा है। मामले में ट्रस्ट के पदाधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज न होने से नाराज अधिवक्ता संघ ने बैठक कर आंदोलन को और तेज करने की रणनीति बनाई है। अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष कालिका मिश्रा ने कहा कि यदि मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो अधिवक्ता संघ आगामी 22 जुलाई को राम मंदिर ट्रस्ट की बैठक का घेराव करेगा और ट्रस्ट पदाधिकारियों से सीधे सवाल-जवाब भी करेगा। राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले को लेकर लगातार बढ़ रहे राजनीतिक और सामाजिक दबाव के बीच अब अधिवक्ता संघ की सक्रियता ने इस पूरे प्रकरण को नया मोड़ दे दिया है। ऐसे में सबकी निगाहें पुलिस प्रशासन और जांच एजेंसियों की आगामी कार्रवाई पर टिकी हुई हैं।

# विवादों का आपसी सहमति और मध्यस्थता से करें निस्तारण : जनपद न्यायाधीश

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशों तथा जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अयोध्या रणंजय कुमार वर्मा के मार्गदर्शन में प्रभारी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अयोध्या स्वर्णमाला सिंह के निर्देशन में जनपद अयोध्या में "समाधान समारोह-2026" के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं जन-जागरूकता अभियान का संचालन किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैरा लीगल वालंटियर्स विभिन्न क्षेत्रों में जाकर नागरिकों को मध्यस्थता एवं सौहार्दपूर्ण विवाद निस्तारण के प्रति जागरूक कर रहे हैं। प्रभारी सचिव स्वर्णमाला सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि न्यायमूर्ति सूर्यकान्त, मुख्य न्यायाधीश, सर्वोच्च न्यायालय के मार्गदर्शन में सर्वोच्च न्यायालय में लंबित ऐसे वाद, जिनका आपसी सहमति एवं मध्यस्थता के माध्यम से समाधान संभव है, उनके त्वरित एवं सौहार्दपूर्ण निस्तारण के उद्देश्य से "समाधान समारोह-2026" का आयोजन किया जा रहा है। प्रभारी सचिव ने जनपद अयोध्या के सभी ऐसे पक्षकारों से विशेष अपील की है, जिनके वाद सर्वोच्च न्यायालय में लंबित हैं अथवा जिन्हें माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा मध्यस्थता हेतु अयोध्या को संदर्भित किया गया है, कि वे मध्यस्थता प्रक्रिया में सक्रिय सहभागिता करते हुए आपसी सहमति से अपने विवादों का निस्तारण कराएं। साथ ही, राज्य पक्षकार के रूप में लंबित वादों में विभिन्न सरकारी विभागों से भी यह अनुरोध किया गया है कि वे इस समाधान समारोह में सम्मिलित होकर अपने विवादों को आपसी सहमति एवं मध्यस्थता के माध्यम से निस्तारण करें। मध्यस्थता न केवल समय एवं धन की बचत करती है, बल्कि आपसी संबंधों को भी सुरक्षित रखते हुए स्थायी एवं संतोषजनक समाधान प्रदान करती है।

## खाद्य विभाग के लिंक पर पंजीकरण करायें किसान

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** जिला खाद्य विपणन अधिकारी धनंजय सिंह ने बताया कि खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 में धान खरीद योजना का लाभ अधिक से अधिक किसानों तक पहुचाये जाने के दृष्टिगत कृषि विभाग के डाटाबेस में उपलब्ध जनपद के समस्त किसानों को एस0एम0एस0 के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार करने हेतु सम्बन्धित पटल प्रभारी को निर्देशित किया। उन्होंने सभी किसानों से अनुरोध किया कि धान विक्रय हेतु खाद्य विभाग के लिंक पर अनिवार्य रूप से पंजीकरण कराये तथा न्यूनतम समर्थन मूल्य धान कामन 2441.00 रुपए/कुंतल का लाभ प्राप्त करें। इससे संबंधित अन्य जानकारी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

# बॉलीवुड अभिनेता अनुपम खेर ने किया रामलला का दर्शन



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** फिल्म अभिनेता अनुपम खेर अपनी आनेवाली फिल्म की शूटिंग शुरू करने से पहले गुरुवार को अयोध्या पहुंचे। उन्होंने सबसे पहले रामलला और हनुमान जी के दरबार में पहुंचकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और भगवान श्रीराम का आशीर्वाद लिया। दर्शन के बाद उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए राम मंदिर में दान की चोरी के मामले पर अपनी प्रतिक्रिया भी दी। अनुपम खेर ने कहा कि 'चोर हर जगह मिल सकते हैं, लेकिन इससे किसी मंदिर की गरिमा, पवित्रता और सम्मान कम नहीं हो जाता। जिस राम मंदिर के निर्माण में 500 वर्षों का संघर्ष लगा, उसकी प्रतिष्ठा कुछ लोगों की गलत हरकतों से प्रभावित नहीं हो सकती।' उन्होंने चोरी की घटना की तुलना घर में होने वाली चोरी से करते हुए कहा कि 'अगर आपके घर में चोरी होती है तो आप चोर को दोषी ठहराते हैं, घर को नहीं। ठीक उसी तरह राम मंदिर में हुई चोरी के लिए दोषी व्यक्ति हैं, मंदिर नहीं। पूरे हिंदू समाज और हमारे अपने लोगों को भी इस बात को समझना चाहिए। 'दान की भावना पर बात करते हुए अनुपम खेर ने कहा कि श्रद्धालु भगवान को दान किसी सौदे या रिश्वत के रूप में नहीं देते। उन्होंने कहा, 'लोग भगवान को दान इसलिए देते हैं क्योंकि उनकी आस्था होती है। वे यह सोचकर दान नहीं करते कि बदले में भगवान स्वयं उस धन की सुरक्षा करेंगे। अभिनेता ने कहा कि आस्था और विश्वास किसी भी घटना से कमजोर नहीं होने चाहिए। उन्होंने श्रद्धालुओं से मंदिर की पवित्रता और भगवान श्रीराम के प्रति अपनी श्रद्धा बनाए रखने की अपील की। अयोध्या दौरे के दौरान अनुपम खेर ने बताया कि वह अपनी नई फिल्म की शूटिंग के सिलसिले में आए हैं और शूटिंग शुरू करने से पहले रामलला के दर्शन करना उनके लिए सौभाग्य और आध्यात्मिक अनुभव है।

# पूर्व मंत्री की सुरक्षा के लिये पुलिस को दिया प्रार्थना पत्र



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** पार्षद प्रतिनिधि अरौनी पासवान के नेतृत्व में अनुसूचित जाति के लोगों ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र सौंपा। उन्होंने पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे व उनके परिवार की सुरक्षा बढ़ाई जाने की मांग को लेकर यह ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि पूर्व मंत्री तेजनारायण पांडे पवन हमेशा जहां भी अन्याय होता है, वहाँ न्याय दिलाने के लिए खड़े रहते हैं। दलित समाज की जब भी आयी वो हमेशा उनके दुख मुसीबत में न सिर्फ खड़े रहे हर सम्भव मदद भी किए। आज जब उन्होंने प्रभु श्रीराम मंदिर का चढ़ावा चोरी प्रकरण उठाया है उनको और उनके परिवार को जान से मारने की धमकी दी जा रही है। पार्षद प्रतिनिधि अरौनी पासवान व अनुसूचित जाति के लोगों ने मांग किया कि पूर्व मंत्री की तुरंत सुरक्षा बढ़ाई जाए, जिससे उनकी जानमाल को कोई खतरा न रहे। प्रवक्ता राकेश यादव ने बताया कि इस मौके पर अरौनी पासवान, प्रवक्ता राकेश यादव, सुनील रावत, संजय चौधरी, पंकज कोरी, सत्य श्याम कोरी, रामू पासवान, वीरेंद्र गौतम, बत्रा देव पासवान, अमन रावत, कमलेश सोलंकी इत्यादि लोग मौजूद थे।

# पूजन-अर्चन कर महापौर व नगर आयुक्त ने किया शिलान्यास



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** ऐतिहासिक घंटाघर चौक और सिविल लाइन स्थित स्वतंत्रता स्मारक आचार्य नरेंद्र देव पार्क को अब आर्किटेक्चरल एलईडी फसाड लाइटिंग से सजाया जाएगा। घंटाघर चौक में महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी ने नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार के साथ समारोहपूर्वक सौंदर्यीकरण कार्य का शुभारंभ किया। महापौर दोपहर सवा 12 बजे अन्य साथियों के साथ घंटाघर की छत पर पहुंचे और वैदिक रीति-रिवाज से पूजन-अर्चन किया। उन्होंने नारियल फोड़कर कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर पूर्व उप सभापति राजेश गौड़, पार्षद अनिल सिंह, विशाल पाल, धर्मवीर, सोमू यादव, अजय पांडेय, भाजपा नेता आलोक द्विवेदी, संग्राम सिन्हा, नगर निगम के सहायक अभियंता निर्माण राजपति यादव तथा अवर अभियंता प्रकाश जाह्नवी सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश पांडेय ने बताया कि घंटाघर चौक को लाल चौक की तर्ज पर सजाने का निर्णय लिया गया है। इसके तहत घंटाघर पर आर्किटेक्चरल एलईडी फसाड लाइटिंग लगाई जाएगी, जिसे डीएमएक्स कंट्रोल सिस्टम से नियंत्रित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि भवन की रूपरेखा को उभारने के लिए एलईडी स्ट्रिप एवं लाइनर लाइटिंग लगाई जाएगी। इसके साथ ही भवन पर नीचे से ऊपर की ओर प्रकाश डालने के लिए अप-लाइटिंग की जाएगी। इससे संध्या और रात्रि के समय घंटाघर चौक का स्वरूप अत्यंत आकर्षक दिखाई देगा। शहरवासी तथा पर्यटक इसकी खूबसूरती का आनंद ले सकेंगे। उन्होंने बताया कि सिविल लाइन स्थित आचार्य नरेंद्र देव पार्क, जहां शहीद स्मारक स्थित है, उसे भी फसाद लाइटिंग से सजाया और संवारा जाएगा। महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी एवं नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार ने कृष्णा नगर फेस-2 कॉलोनी का भी निरीक्षण किया। यहां एक गली का स्तर नीचे होने के कारण जलभराव की समस्या बनी रहती थी। स्थानीय अधिवक्ता रामशेखर की शिकायत पर दोनों अधिकारी मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों से बातचीत करने के बाद उनकी मांग के अनुरूप गली को ऊंचा करने के लिए निर्माण विभाग के अधिकारियों को तत्काल आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।

# संतों ने महंत अवध शरण दास को सौंपी महंती



**स्वतंत्र भारत अयोध्या (सं)।** गुप्तारघाट स्थित राम जानकी मंदिर गुप्तारगढ़ी एवं जानकी रमण कुंज प्रमोदवन, अयोध्या धाम में संत परंपरा के अनुरूप महंताई समारोह आयोजित किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार और धार्मिक विधि-विधान के बीच ब्रह्मलीन महंत परमानंद दास उर्फ प्रेमनारायण दास के शिष्य अवध शरण दास को आश्रम का नया महंत घोषित किया गया। संत-महंतों और धर्माचार्यों ने उन्हें कंठी, चादर और तिलक अर्पित कर महंत पद की औपचारिक मान्यता प्रदान की। महंत परमानंद दास उर्फ प्रेमनारायण दास का विगत 6 जून को साकेतवास होने के बाद मंदिर की परंपराओं, ठाकुरजी की सेवा-पूजा तथा राग-भोग की व्यवस्था के लिए उत्तराधिकारी के चयन की प्रक्रिया पूरी की गई। संत समाज ने साधु परंपरा का निर्वाहन करते हुए अवध शरण दास को महंत पद की जिम्मेदारी सौंपी। इस अवसर पर जगतगुरु स्वामी रामदिनेशाचार्य, महंत गिरीश दास, महंत जन्मेजय शरण, महंत शशिकांत दास, महंत मनीष दास, महंत अमित कुमार दास, महंत रामभद्र शरण, महंत देव शरण सहित अनेक संत उपस्थित रहे। संतों ने नवनियुक्त महंत अवध शरण दास को आशीर्वाद देते हुए आश्रम की निरंतर उन्नति और धर्मसेवा के विस्तार की कामना की।

# हाईवे पर पुलिस प्रशासन सतर्क

**स्वतंत्र भारत रुदौली (सं.)** राष्ट्रीय राजमार्ग 27 के भेलस चौराहे पर स्थिति भारतीय स्टेट बैंक व रामनरेश मिष्ठान भंडार के सामने लखनऊ से अयोध्या जाने वाली राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-27) पर बीते दिन हुए भीषण सड़क हादसे के बाद पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। हादसे की गंभीरता को देखते हुए हाईवे पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की चेतावनी दी गई है। भेलसर चौकी प्रभारी युवराज सिंह एवं शुजागंज चौकी प्रभारी अभिषेक सिंह ने संयुक्त रूप से बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर किसी भी प्रकार से वाहन खड़ा करना पूरी तरह प्रतिबंधित है। पुलिस अधिकारियों ने यह भी कहा कि रात 10:00 बजे के बाद यदि हाईवे के आसपास कोई दुकान, होटल या अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठान खुला पाया गया तो संबंधित संचालकों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी जिससे किसी भी प्रकार की दुर्घटना कम हो जाय।

# नलकूप रोस्टर ताक पर, किसानों की धान की फसल सूखने के कगार पर



**स्वतंत्र भारत मिल्कीपुर (सं.)** मिल्कीपुर तहसील के ग्रामसभा इटौंजा में स्थित 248 बीजी राजकीय नलकूप इन दिनों विवाद का केंद्र बन गया है। कुछ दबंग काश्तकार रोस्टर की परवाह किए बिना अपनी मनमानी से सिंचाई कर रहे हैं, जिसके चलते आसपास के छोटे और मझोले किसानों की न तो धान की रोपाई हो पा रही है और न ही लगी हुई फसल को पानी मिल पा रहा है। विरोध करने पर गाली-गलौज और मारपीट की धमकी दी जाती है। इटौंजा और आसपास के करीब 40-50 काश्तकार इस नलकूप से जुड़े हैं। जिन किसानों ने समय से धान की रोपाई कर ली थी, उनकी फसल अब पानी के अभाव में पीली पड़कर सूखने लगी है। वहीं जिनकी रोपाई अभी बाकी है, वे खेतों में पानी न आने के कारण रोपाई शुरू ही नहीं कर पा रहे। किसानों का प्रशासन से मांग है कि नलकूप पर तत्काल नए सिरे से रोस्टर लागू कराया जाए, दबंगों पर कार्रवाई हो और नियमित रूप से ऑपरेटर की ड्यूटी सुनिश्चित की जाए।

# मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस योजना का हुआ शुभारम्भ



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ द्वारा आज मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना का लाभ प्रदान करने व अन्य योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु प्रदेश में कार्यरत नियमित/ मानदेय, स्व वित्त पोषित, अशासकीय मान्यता प्राप्त विद्यालयों के शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशकों एवं विद्यालय में कार्यरत रसोइयों, अन्य शिक्षक, शिक्षिकाओं को कैशलेस चिकित्सा सुविधा का लाभ तथा एसबीआई के अंतर्गत विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लाभ और सभी बच्चों के लिए डीबीटी योजना का शुभारंभ किया जाने के अवसर पर आज जनपद अयोध्या के सर्किट हाउस में मुख्य अतिथि सूर्य प्रताप शाही की अध्यक्षता में विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह, विशिष्ट अतिथि महापौर नगर निगम महंत गिरीशपति त्रिपाठी, भाजपा अध्यक्ष राधेश्याम त्यागी, विधायक रुदौली रामचंद्र यादव एवं जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी, मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक पवन कुमार तिवारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लाल चन्द्र की उपस्थिति में इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि सूर्यप्रताप शाही द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी द्वारा मुख्य अतिथि सूर्य प्रताप शाही को बुके भेंट कर उनका स्वागत किया गया। मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह द्वारा महापौर गिरीश पति त्रिपाठी को बुके भेंट कर उनका स्वागत किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह को बुके भेंट कर उनका स्वागत जिला विद्यालय निरीक्षक पवन कुमार तिवारी जी द्वारा किया गया। इसी के साथ ही मुख्य अतिथि सूर्य प्रताप शाही जी ने माध्यमिक विद्यालयों के भी 10 शिक्षकों को मुख्यमंत्री शिक्षा कैशलेस चिकित्सा योजना का कार्ड वितरित किया।

# युवा सपा नेता ने दी तहरीर




**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** छात्र सभा प्रदेश उपाध्यक्ष शिवांशु तिवारी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के ऊपर सोशल मीडिया पर हो रहे ट्वीट और भ्रामक प्रचार को लेकर कोतवाली नगर में एफआईआर दर्ज करने की तहरीर दी। आज सपा प्रदेश उपाध्यक्ष छात्र सभा शिवांशु तिवारी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के ऊपर सोशल मीडिया पर हो रहे ट्वीट को लेकर प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर को तहरीर देकर यह मांग की सांसद निशिकांत दुबे प्रियंका राय, ग्लोबल भारत टीवी, अखिलेश सिंह अमित भारद्वाज आदि द्वारा अपने एक पोस्ट पर राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के ऊपर की गई। प्रवक्ता राकेश यादव के अनुसार जिसमे दावा किया जा रहा है की राम जन्मभूमि चोरी की मामले में गिरफ्तार टीन्नू यादव से अखिलेश यादव की 980 बार बात हुई है जबकि यह बात पूर्णता तथ्यहीन गलत और मनगढ़ंत है फेसबुक पर पीठाधीश्वर जगतगुरु आचार्य परमहंस तपस्वी छावनी रामघाट अयोध्या द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के प्रति वीडियो पर अनर्गल बातें अभद्र शब्दों का प्रयोग कर झूठे आरोप लगाए जा रहे हैं जो की बिल्कुल निराधार एवं मनगढ़ंत हैं।

# आमजन को मिलेगा सुरक्षित माहौल : सी.ओ. चंदेल

**स्वतंत्र भारत टांडा (सं.)** क्षेत्राधिकारी टांडा प्रदीप सिंह चंदेल ने कहा कि क्षेत्र में कानून का राज कायम रखना और आमजन को सुरक्षित माहौल उपलब्ध कराना पुलिस की पहली जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई जारी रहेगी और किसी भी तरह की आपराधिक गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत में सीओ प्रदीप सिंह चंदेल ने कहा कि थाना पुलिस को लगातार सक्रिय रहने के निर्देश दिए गए हैं। बाजारों, प्रमुख चौराहों और संवेदनशील स्थानों पर नियमित गश्त के साथ संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की सघन जांच कराई जा रही है, ताकि अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके। पुलिस और आम नागरिकों के बीच बेहतर संवाद स्थापित कर कानून व्यवस्था को और मजबूत बनाया जाएगा। सीओ ने लोगों से अपील की कि यदि कहीं कोई संदिग्ध व्यक्ति, गतिविधि या कानून व्यवस्था से जुड़ी कोई सूचना मिले तो तत्काल पुलिस को अवगत कराएं।

# प्रभु झूलेलाल महोत्सव 12 जुलाई से : अमृत राजपाल



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** 74 वें प्रभु झूलेलाल चालीहा महोत्सव (40 दिवसीय) तैयारी बैठक सिंधु सेवा समिति कार्यालय रामनगर में हुई। 12 जुलाई से 21 अगस्त तक यह उत्सव हर्षोल्लास से मनाया जायेगा। समिति अध्यक्ष व अमृत राजपाल ने इस बैठक की अध्यक्षता की व संचालन संस्था महासचिव नरेंद्र क्षेत्रपाल ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए संस्था अध्यक्ष अमृत राजपाल ने कहा कि इस आयोजन के माध्यम से सिंधी समाज जन-जन में सहभागिता एवं एकजुटता का संदेश देगा। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि चालीहा महोत्सव 40 दिवसीय आरती पूज्य संत नवल राम दरबार रामनगर मे 12 जुलाई से रात्रि 8.30 से 9 बजे तक प्रतिदिन होगी। उक्त बैठक में ओम प्रकाश अंदानी, गिरधारी चावला, मोहन मंध्यान, नरेंद्र क्षेत्रपाल, सुरेश पंजवानी, राकेश तलरेजा, सुनील मंध्यान, शंकर राजपाल, विजय लखमानी, गनी राहेजा, सुरेश तलरेजा, सौरभ लखमानी, पंकज खेतपाल, विनोद हिंगोरानी, बंटी माखेजा, रोहित बिजलानी आदि उपस्थित रहे।

# वूला पंथ के संत-महंतों ने बैठक कर सौंपा ज्ञापन



**स्वतंत्र भारत अयोध्या (सं.)।** वूला पंथ गोविंद द्वारा पल्टू दास जी अखाड़ा के संतों ने उप जिलाधिकारी सोहावल को संबोधित एक ज्ञापन एसएचओ अश्वनी कुमार पांडेय को सौंपा। ज्ञापन में संतों की तरफ से मुख्य तीन मांगे की गई हैं। इससे पहले वूला पंथ गोविंद द्वारा पल्टू दास जी अखाड़ा की एक बैठक बुधवार को संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता वूला पंथाचार्य महंत डा. सत्यनाम दास ने की, जिसमें पल्टू दास अखाड़ा के महंत शिव प्रकाश दास उर्फ फलाहारी बाबा, महंत रामप्रकाश दास, महंत निर्भय दास, कौशल दास, दयाशंकर दास उर्फ राजेश्वर दास, विनोद दास, प्रदीप दास, कृष्णा दास, श्यामलाल दास, वूला पंथ गोविंद दवारा पल्टू दास जी अखाड़ा के सचिव अच्छे लाल, हेमंत दास आदि उपस्थित रहे। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि महंत शिव प्रकाश दास उर्फ फलाहारी बाबा चेला प्रभु दास पल्टू दास जी अखाड़ा-सत्यराम ज्ञानयोग आश्रम मोकलपुर अयोध्या के सर्वमान्य महंत हैं। वूला पंथ द्वारा अन्य किसी भी व्यक्ति को पंथ द्वारा महंत नही बनाया गया है। मठ के संचालन में किसी के द्वारा बाधा उत्पन्न ना की जाये। इसको शासन-प्रशासन सुनिश्चित करे। धर्मेंद्र शास्त्री नामक व्यक्ति द्वारा दूसरे पंथ-परम्परा के लोगों से मिलकर 18 मार्च 2025 को एक फर्जी महज्जरनामा बनाया गया। बाहरी लोगों का एक गिरोह बनाकर जो मठ-मंदिर की संपत्ति बर्बाद किए। साथ ही साथ काफी धन चोरी कर ले गए। उनके ऊपर कानूनी कार्रवाई की जाये। वूला पंथ में नियमानुसार कोई हस्तक्षेप ना करे और महंत शिवप्रकाश दास उर्फ फलाहारी बाबा को सुरक्षा प्रदान की जाये। इन सब बातों पर गंभीरता से विचार करते हुए तत्काल अमल में लाया जाए। अन्यथा 5 दिन उपरांत वूला पंथ के सभी साधु-संत सत्याग्रह करेंगे। बैठक के बाद वूला पंथ गोविंद द्वारा पल्टू दास जी अखाड़ा के सचिव अच्छे लाल ने बताया उक्त बैठक में वूला पंथ के संत-महंतों ने मुख्य तीन बिंदुओं गहनता पूर्वक चर्चा की। जिसमें इन्हीं मुख्य तीन बातों पर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। इसी से संबंधित उप जिलाधिकारी सोहावल को एक ज्ञापन सौंपा गया है। जिस पर प्रशासन की तरफ से आश्वासन दिया गया है कि ज्ञापन में कही बातों पर अमल किया जायेगा।

# डीएम ने पर्यटन विकास कार्यों की गुणवत्ता के लिए दिए निर्देश

## हरिऔध कला केन्द्र के ऑडिटोरियम एवं हॉल की किराया दरें निर्धारित, तत्काल प्रभाव से होंगी लागू

**स्वतंत्र भारत आजमगढ़।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद, आजमगढ़ की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जनपद में पर्यटन एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के विस्तार, पर्यटन स्थलों के विकास, हरिऔध कला केन्द्र के प्रभावी संचालन तथा विभिन्न निर्माणाधीन पर्यटन परियोजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में वर्तमान में जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के प्रशासनिक नियंत्रण में संचालित हरिऔध कला केन्द्र के संबंध में शासन की मंशा के अनुरूप इसे पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मोड पर संचालित किये जाने के प्रस्ताव पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि पीपीपी मॉडल के माध्यम से कला केन्द्र का बेहतर प्रबंधन, रखरखाव तथा सांस्कृतिक गतिविधियों का प्रभावी संचालन सुनिश्चित किया जा सकेगा, जिससे जनपद की सांस्कृतिक पहचान को नई गति मिलेगी। बैठक में हरिऔध कला केन्द्र में निर्मित 444 सीट क्षमता वाले आधुनिक ऑडिटोरियम तथा भू-तल पर स्थित पूर्वी हॉल (रसोई सहित) के उपयोग हेतु किराया दरों का निर्धारण भी किया गया। निर्णय के अनुसार ऑडिटोरियम का किराया 30,000 रुपये तथा 18 प्रतिशत जीएसटी सहित कुल 35,400 रुपये निर्धारित किया गया है। इसी प्रकार पूर्वी हॉल (रसोई सहित) का एक दिन का किराया 10,000 रुपये तथा 18 प्रतिशत जीएसटी सहित कुल 11,800 रुपये निर्धारित किया गया है। यह दरें तत्काल प्रभाव से लागू होंगी। जनपदवासी, विभिन्न संस्थान/संस्थाएं, सामाजिक एवं सांस्कृतिक संगठन तथा निजी प्रतिष्ठान अपने कार्यक्रम, संगोष्ठी, सम्मेलन, सांस्कृतिक आयोजन एवं अन्य समारोहों के लिए हरिऔध कला केन्द्र स्थित जिला पर्यटन कार्यालय से संपर्क कर ऑडिटोरियम एवं हॉल की बुकिंग करा सकते हैं। उन्होंने हरिऔध कला केन्द्र में ऊर्जा संरक्षण एवं संचालन व्यय में कमी लाने के उद्देश्य से सोलर प्लांट स्थापित किये जाने पर भी विशेष बल दिया। बैठक में जनपद में संचालित पर्यटन विकास परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि सभी निर्माणाधीन पर्यटन स्थलों का नियमित स्थलीय निरीक्षण किया जाए। निरीक्षण के दौरान संबंधित स्थल की भौगोलिक स्थिति, विकास खण्ड एवं तहसील का स्पष्ट उल्लेख किया जाए तथा प्रत्येक परियोजना की गुणवत्ता पर विशेष निगरानी रखी जाए। उन्होंने कहा कि सभी कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप उच्च गुणवत्ता के साथ समयसीमा के भीतर पूर्ण कराये जाएं, जिससे जनपद के पर्यटन विकास को गति मिल सके। जिलाधिकारी ने शासन की उस योजना की भी समीक्षा की जिसके अंतर्गत 100 वर्ष या उससे अधिक पुराने मंदिरों, मठों, धर्मशालाओं, कुण्डों एवं अन्य धार्मिक स्थलों के जीर्णोद्धार का प्राविधान है। उन्होंने निर्देशित किया कि प्राप्त सभी प्रस्तावों का प्राथमिकता के आधार पर स्थलीय निरीक्षण कराया जाए। यदि संबंधित स्थल पर पर्याप्त भूमि उपलब्ध हो तथा कोई प्रतिकूल तथ्य न हो, तो कार्यदायी संस्था ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, प्रखण्ड आजमगढ़ के माध्यम से तत्काल आगणन तैयार कराकर शासन को अग्रसारित किया जाए, ताकि पात्र स्थलों का शीघ्र जीर्णोद्धार कराया जा सके। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी परीक्षित खटाना, मुख्य कोषाधिकारी अनुराग श्रीवास्तव, जिला पर्यटन सूचना अधिकारी नवीन सिंह, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग संकर्षण लाल, अधिशासी अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, क्षेत्राधिकारी नगर शुभम तोदी, परिषद के सदस्य ऋषिकांत राय सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



# 12 जुलाई के वृहद वृक्षारोपण अभियान की तैयारियों की समीक्षा, विभागों को दिए आवश्यक निर्देश

**स्वतंत्र भारत देवरिया।** 12 जुलाई, 2026 को आयोजित होने वाले वृहद वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत वन एवं वन्यजीव विभाग को 13,46,000, पर्यावरण विभाग को 1,52,000, ग्राम्य विकास विभाग को 13,97,000, कृषि विभाग को 4,32,000, पंचायती राज विभाग को 1,53,000 तथा अन्य विभागों को लक्ष्य आवंटित किया गया है। इस प्रकार जनपद में कुल 39,91,900 पौधरोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस संबंध में 08 जुलाई, 2026 को विकास भवन के गांधी सभागार में मुख्य विकास अधिकारी राजेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में सभी विभागाध्यक्षों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में वृक्षारोपण एवं पौधों की उत्तरजीविता सुनिश्चित करने के लिए सभी विभागों को विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए गए। बैठक में निर्देशित किया गया कि प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्र पर दो-दो सहजन के पौधे लगाए जाएं। प्रत्येक पंचायत भवन पर आंवला, सहजन एवं नींबू के पौधे लगाए जाएं। इसके अलावा अमृत सरोवर, विद्यालयों एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर भी आंवला, सहजन सहित अन्य उपयुक्त पौधों का वृक्षारोपण कराया जाए। वृक्षारोपण अभियान में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं तथा समाज के सभी वर्गों की व्यापक सहभागिता सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। साथ ही वृक्षारोपण गतिविधियों को सोशल मीडिया से जोड़ने तथा हरित विद्यालय, हरित ग्राम एवं हरित पंचायत सचिवालय की अवधारणा को धरातल पर उतारने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।बैठक में राष्ट्रीय राजमार्गों एवं अन्य सड़कों के किनारे, विद्यालयों, सार्वजनिक स्थलों, चारागाहों तथा पशु आश्रय केंद्रों सहित विभिन्न स्थलों की उपयोगिता के अनुसार पौधरोपण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। इसके अतिरिक्त आईजीआरएस शिकायतों के निस्तारण के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे मौके पर जाकर शिकायतकर्ता से वार्ता करते हुए प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण एवं संतोषजनक निस्तारण सुनिश्चित करें।



## खबर एक नजर

### विभिन्न पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षा तिथि 21 जुलाई

**स्वतंत्र भारत आजमगढ़।** महाराजा सुहेलदेव विश्वविद्यालय आजमगढ़ के प्रशासनिक भवन में स्थित कुलपति सभागार में विश्वविद्यालय परीक्षा सेल की बैठक में आज की प्रवेश परीक्षा की तिथि 21 जुलाई 2026 को कराए जाने पर सहमति बनी, साथ ही कुछ विषयों में ज्यादा अभ्यर्थी होने के कारण ऑनलाइन समर्थ पोर्टल बंद कर दिया गया ।अन्य पाठ्यक्रमों हेतु सशर्त रजिस्ट्रेशन की अनुमति दी गई है ।इस बीच 15 जुलाई 2026 से प्रवेश के इच्छुक छात्रों की काउंसलिंग भी शुरू की जाएगी। विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी ने बताया कि कुलपति प्रोफेसर संजीव कुमार जी की अध्यक्षता में प्रवेश सेल की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए, जिसमें 21 जुलाई 2026 को चुनिंदा विषयों में जिसमें नियत सीट से तीन गुना अभ्यर्थी आ गए हैं उसमें प्रवेश परीक्षा कराना तथा अन्य विषयों में 15 जुलाई से काउंसलिंग प्रक्रिया शुरू करना, साथ ही साथ सशर्त रजिस्ट्रेशन दिनांक 20 जुलाई 2026 तक करने की अनुमति देना तथा महाविद्यालयों के समस्त पाठ्यक्रमों /विषयों में प्रवेश हेतु तिथि 20 जुलाई 2026 तक तिथि विस्तारित करना भी शामिल है। कुलसचिव कार्यालय से जारी सूचना के अनुसार प्रवेश परीक्षा 2 घंटे की होगी, परीक्षा वस्तुनिष्ठ प्रकार की होगी, प्रश्नों की संख्या 75 होगी, कोई नकारात्मक अंक नहीं दिया जाएगा । ध्यातव्य हो कि प्रवेश परीक्षा के आयोजन के समय एवं प्रवेश के समय किसी भी प्रकार का वेटेज नहीं देय होगा एवं प्रवेश के लिए मेरिट प्रवेश परीक्षा के प्राप्तांकों के आधार पर बनाई जाएगी। विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय की अधिकृत वेबसाइट से भी प्राप्त की जा सकती है। प्रवेश समिति की बैठक में कुल सचिव श्री अमृतलाल, परीक्षा नियंत्रक श्री आनंद कुमार, सहायक कुलसचिव डॉ. महेश कुमार व नित्यानंद आदि के साथ-साथ समिति से संबंधित प्राध्यापकगण आज उपस्थित थे।

### हिंदू विरोधी मानसिकता एवं ढोंग है कांग्रेस की सद्बुद्धि यात्रा' ओंकार पाण्डेय

**स्वतंत्र भारत आजमगढ़।** भाजपा नेता ओंकार पाण्डेय ने मंदिर चढ़ावा प्रकरण को लेकर कांग्रेस द्वारा 7 जुलाई को निकाली गयी सद्बुद्धि पदयात्रा पर तीखा हमला बोलते हुये इसे हिंदू विरोधी मानसिकता एवं ढोंग करार दिया और कहा कांग्रेस को स्वयं अपनी सद्बुद्धि के लिये यात्रा निकालने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि जिस कांग्रेस ने वर्षों तक प्रभु श्रीराम के अस्तित्व पर सवाल उठाया, प्रभु श्री राम के मंदिर निर्माण रोकने के लिये अदालतों में वकीलों की फौज खड़ी की, प्राण प्रतिष्ठा जैसे ऐतिहासिक गौरवपूर्ण अवसर पर कांग्रेस नेताओं को आमंत्रित किया गया था परंतु उन्होंने समारोह का बहिष्कार कर करोड़ों राम भक्तों की भावनाओं को ठेस पहुंचाया जिससे कांग्रेस का सनातन विरोधी चेहरा बेनकाब हो गया वही कांग्रेस आज चढ़ावे और दान के नाम पर मगरमच्छ के आंसू बहाकर राजनीतिक रोटियां सेंकने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ जी महराज ने मामले का तत्काल संज्ञान लेते हुये एसआईटी गठित कर निष्पक्ष जांच शुरू करा दी है। जांच पूरी होते ही सच सामने आ जाएगा और कांग्रेस का राजनीतिक छल प्रपंच पाखंड बेनकाब हो जायेगा। कांग्रेस अपनी खिसकती राजनीतिक जमीन बचाने के लिये अनर्गल प्रलाप कर रही है। श्री पाण्डेय ने आगे कहा कि प्राण प्रतिष्ठा जैसे ऐतिहासिक गौरवपूर्ण अवसर पर कांग्रेस नेताओं को आमंत्रित किया गया था, लेकिन उन्होंने समारोह का बहिष्कार कर करोड़ों राम भक्तों की भावनाओं को ठेस पहुंचाया। जिस भगवान श्रीराम और सनातन संस्कृति से कांग्रेस को हमेशा समस्या रही है वही कांग्रेस अब राजनीतिक लाभ के लिये सनातन प्रेम का ढोंग कर रही है। उन्होंने कहा कि देश और प्रदेश की जनता कांग्रेस के चाल, चरित्र और चेहरे को पूरी तरह पहचान चुकी है। उत्तर प्रदेश की जनता 2027 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को ऐसा जवाब देगी कि प्रदेश की राजनीति से कांग्रेस का नामो निशान मिट जायेगा।

### भलुअनी-रुद्रपुर मार्ग के अंश निर्धारण एवं दर निर्धारण को लेकर बैठक संपन्न

**स्वतंत्र भारत देवरिया।** भलुअनी-रुद्रपुर मार्ग के निर्माण कार्य के लिए भूमि के अंश निर्धारण एवं दर निर्धारण के संबंध में बुधवार को ब्लॉक सभागार भलुअनी में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी बरहज हरिशंकर लाल ने की। बैठक में लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता जंग बहादुर सिंह तथा राजस्व विभाग एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की उपस्थिति में प्रभावित राजस्व ग्राम भरवटिया उपाध्याय, करौंदी, बढ़पुरवा, सिधरिया एवं भलुअनी के भूमि स्वामियों एवं ग्रामीणों के साथ विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान भूमि के अंश निर्धारण एवं दर निर्धारण से संबंधित विषयों पर आम सहमति बनाने का प्रयास किया गया। अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याओं एवं सुझावों को गंभीरता से सुना तथा नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। साथ ही परियोजना को समयबद्ध एवं सुचारु रूप से आगे बढ़ाने के लिए सभी संबंधित पक्षों से सहयोग की अपील की गई। बैठक में राजस्व विभाग एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारी, कर्मचारी, संबंधित ग्रामों के भूमि स्वामी एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# उच्च प्राथमिक विद्यालय एवं आंगनबाड़ी केंद्र का डीएम ने किया औचक निरीक्षण

**स्वतंत्र भारत देवरिया।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने बुधवार को प्रातः लगभग 7:45 बजे उच्च प्राथमिक विद्यालय तिलई बेलवा एवं आंगनबाड़ी केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बच्चों की डिजिटल उपस्थिति, शिक्षकों की उपस्थिति तथा पठन-पाठन व्यवस्था का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने शिक्षकों को बच्चों की डिजिटल उपस्थिति बढ़ाने, शिक्षा व्यवस्था को और बेहतर बनाने तथा गुणवत्तापूर्ण पठन-पाठन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करते हुए उसे निपुण बनाया जाए। उन्होंने विद्यालय परिसर की साफ-सफाई का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए तथा विद्यालय में बेहतर शैक्षणिक वातावरण विकसित करने पर जोर दिया। आंगनबाड़ी केंद्र के निरीक्षण के दौरान भी उन्होंने बच्चों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की समीक्षा की तथा प्रारंभिक शिक्षा एवं पोषण व्यवस्था को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के समय विद्यालय में छह शिक्षक एवं दो शिक्षामित्र कार्यरत थे, जिनमें से एक शिक्षामित्र अनुपस्थित मिले। इस पर जिलाधिकारी ने संबंधित शिक्षामित्र को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।



# 'सेवा, संस्कार, सुशासन एवं सम्मान' शिविर में लाभार्थियों को वितरित किए गए स्वीकृति प्रमाण-पत्र

**स्वतंत्र भारत देवरिया।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी के निर्देशानुसार कल्याण सेक्टर (जिला समाज कल्याण, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण, जिला अल्पसंख्यक कल्याण, जिला प्रोबेशन तथा जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग) द्वारा संयुक्त रूप से जनपद की समस्त तहसीलों में 'सेवा, संस्कार, सुशासन एवं सम्मान' की मूल भावना के साथ कल्याणकारी शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों के माध्यम से विभिन्न विभागों द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार तथा चयनित लाभार्थियों को जनप्रतिनिधियों के माध्यम से स्वीकृति एवं लाभार्थी प्रमाण-पत्र वितरित किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में सदर तहसील सभागार में कल्याणकारी शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामपुर कारखाना विधायक सुरेंद्र चौरसिया रहे। उनका स्वागत जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी एवं मुख्य वक्फ निरीक्षक मनोज कुमार राय द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया। विधायक रामपुर कारखाना ने लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र वितरित करने के उपरांत राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार गरीब, पिछड़े, वंचित एवं बेसहारा लोगों के कल्याण के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अपेक्षा की कि सरकार की योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए गांव-गांव एवं घर-घर तक व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। कार्यक्रम में जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा 10 दिव्यांग लाभार्थियों को लेप्रोसी किट, छड़ी सहित अन्य सहायक उपकरण एवं प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित 'ओ' लेवल कंप्यूटर कोर्स के 20 चयनित एवं प्रशिक्षित लाभार्थियों को प्रशिक्षण प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। इसी प्रकार जिला समाज कल्याण विभाग द्वारा वृद्धावस्था पेंशन योजना के 10 लाभार्थियों तथा 10 छात्र-छात्राओं को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित कन्या सुमंगला योजना एवं निराश्रित महिला पेंशन योजना की 10 लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। वहीं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत अल्पसंख्यक समुदाय के 10 छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम के अंत में जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने मुख्य अतिथि, उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं लाभार्थियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए शिविर का समापन किया।

# सीएम शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना एवं डीबीटी वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ

**स्वतंत्र भारत देवरिया।** जनपद देवरिया के देवरिया क्लब में मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना एवं शैक्षिक सत्र 2026-27 की डीबीटी योजना के शुभारंभ के अवसर पर जनपद स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य कार्यक्रम का आयोजन मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हस्तकला संकुल (ञ्रह्डुस्रद्द स्रड्डष्द्बद्यद्बह्लड्डह्लद्बशठ्ठ ष्द्गठ्ठह्लह्म्द्ग), वाराणसी में संपन्न हुआ, जिसका सजीव प्रसारण जनपद एवं तहसील मुख्यालयों पर किया गया। जनपद स्तरीय कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ग्राम्य विकास राज्य मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम रहीं। कार्यक्रम में जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी, मुख्य विकास अधिकारी राजेश कुमार सिंह, जिला विकास अधिकारी सुशील कुमार सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक हरिश्चंद्र नाथ, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. राम जियावन मौर्य, खंड शिक्षा अधिकारी देवमुनि वर्मा, विनय शील मिश्र, गोपाल मिश्र, उपेंद्र भारती, विजय कुमार ओझा एवं अफजल, क्षेत्रीय प्रबंधक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, गोरखपुर, सहित जनपद के अनेक अधिकारी एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि श्रीमती गौतम ने अपने संबोधन में कहा कि माननीय मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में विगत नौ वर्षों में शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक परिवर्तन हुए हैं। परिषदीय विद्यालयों के भौतिक परिवेश, शैक्षणिक गुणवत्ता एवं मूलभूत सुविधाओं में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना शिक्षकों एवं शिक्षा विभाग से जुड़े कार्मिकों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी, जिससे वे सूचीबद्ध चिकित्सालयों में कैशलेस उपचार की सुविधा प्राप्त कर सकेंगे। कार्यक्रम के दौरान राज्य मंत्री द्वारा बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों, शिक्षामित्रों, अनुदेशकों एवं रसोइयों को प्रतीकात्मक रूप से मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा कार्ड वितरित किए गए। साथ ही शैक्षिक सत्र 2026-27 हेतु डीबीटी योजना के शुभारंभ की जानकारी भी दी गई।जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. राम जियावन मौर्य ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना की रूपरेखा एवं उसके लाभों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह योजना शिक्षकों, शिक्षामित्रों, अनुदेशकों एवं रसोइयों को गुणवत्तापूर्ण एवं कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में राज्य सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है।



कार्यक्रम का सफल संचालन पंकज शुक्ला ने किया। अंत में सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर जिला समन्वयक अंकित मिश्रा, ज्ञानेन्द्र सिंह, आशुतोष सिंह, अमित श्रीवास्तव, कुलदीप कुमार, जय गणेश विश्वकर्मा एवं श्रीमती प्रतिभा शर्मा सहित विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विभिन्न शिक्षक संगठनों के पदाधिकारी, बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा छात्र-छात्राएं भी मौजूद रहे।

**उ0 प्र0 पावर कारपोरेशन लिमिटेड**

**शुद्धि पत्र-2**

इस कार्यालय की अल्पकालीन ई-निविदा सूचना संख्या-03/अ0अ0(जा0)ई/श0भ0वि0/ल0/2026-27 के विरुद्ध आमंत्रित निविदा जो दिनांक 06.07.2026 को खोली जानी थी जो अपरिहार्य कारणों से अब दिनांक 14.07.2026 अपरान्ह 12:00 बजे खोली जायेगी। अन्य नियम/शर्तें पूर्ववत रहेंगी।

अधिशासी अभियन्ता, (जानपद) इकाई, 9वां तल, शक्ति भवन विस्तार, 14-अशोक मार्ग, लखनऊ

पत्रांक-201/अधि0अभि0(जा0)ई/टेण्डर दिनांक:- 06.07.2026

("राष्ट्रहित में बिजली बचायें")

**उ0 प्र0 पावर कारपोरेशन लिमिटेड**

**ई0-निविदा सूचना संख्या- 05/अ0अ0(जा0)ई/श0भ0वि0/ल0/2026-27**

अधोहस्ताक्षरी द्वारा शक्ति भवन (मु0) में विविध जानपदीय कार्य हेतु निविदाएं दिनांक 08.08.2026 तक आमंत्रित की जाती हैं, जिसका भाग-1 (तकनीकी एवं वाणिज्यिक विवरण) उसी दिन अपरान्ह 12:00 बजे खोला जायेगा। निविदा का विस्तृत विवरण, नियम एवं शर्तें तथा निविदा प्रपत्र http://etender.up.nic.in से प्राप्त किया जा सकता है।

अधिशासी अभियन्ता, (जानपद) इकाई, 9वां तल, शक्ति भवन विस्तार, 14-अशोक मार्ग, लखनऊ

संख्या- 200-अधि0अभि0(जा0)ई/टेण्डर दिनांक:- 06.07.2026

"राष्ट्रहित में बिजली बचाए"

# खाद्य मसाला प्रतिष्ठानों पर चला सघन निरीक्षण अभियान बिना लाइसेंस संचालकों को नोटिस, 18 प्रतिष्ठानों की जांच

**स्वतंत्र भारत देवरिया।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी के निर्देशानुसार 06 जुलाई से 08 जुलाई तक जनपद में सहायक आयुक्त (खाद्य)-द्वद्व हितेंद्र मोहन त्रिपाठी के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम द्वारा खाद्य मसाला निर्माताओं के प्रतिष्ठानों का सघन निरीक्षण अभियान चलाया गया। निरीक्षण के दौरान कई ऐसे प्रतिष्ठान पाए गए, जिन्होंने खाद्य लाइसेंस प्राप्त कर रखा है, लेकिन वर्तमान में संचालन नहीं कर रहे हैं। ऐसे प्रतिष्ठानों के संचालकों को ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से अपना खाद्य लाइसेंस सरेंडर करने के निर्देश दिए गए। वहीं बिना खाद्य लाइसेंस संचालित पाए गए प्रतिष्ठानों को तत्काल कार्य बंद करने तथा शीघ्र खाद्य लाइसेंस प्राप्त करने के लिए नोटिस जारी किया गया। साथ ही उनके विरुद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के तहत आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। अभियान के दौरान कुल 18 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। रुद्रपुर एवं नगर पालिका क्षेत्र से खाद्य मसालों के चार नमूने संग्रहित कर जांच के लिए खाद्य प्रयोगशाला भेजे गए हैं। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के प्रावधानों के अनुसार अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण दल में सहायक आयुक्त (खाद्य)-द्वद्व हितेंद्र मोहन त्रिपाठी, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजीव मिश्र तथा खाद्य सुरक्षा अधिकारी प्रेम चंद्र, नेहा त्रिपाठी, राजू पाल, घनश्याम वर्मा, श्रीराम यादव एवं राम सिंगार यादव शामिल रहे।



**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-गोण्डा**

पत्रांक 863/ग्रा0अ0नि0/ई-निविदा/निर्माण/2026-27 दिनांक 24.06.2026

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना नोटिस**

महामहिम श्री राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग प्रखण्ड-गोण्डा के द्वारा ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग उ0प्र0 में ए,बी,सी, एवं डी श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेन्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमन्त्रित की जाती है। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यों के लिए निविदा दे सकता है।

1- कार्य से सम्बन्धित विवरण निम्नलिखित है।

| क्र0 सं0 | जनपद | कार्य का नाम | अनुमानित लागत लाख रु0 में (जीएसटी छोड़कर) | बिड सिक्योरिटी लाख में | निविदा प्रपत्र का मूल्य जीएसटी सहित | कार्य पूर्ण करने की अवधि(वर्षा ऋतु सहित) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | | वित्तीय वर्ष 2026-27 में मातृभूमि योजनान्तर्गत। | | | | |
| 01 | गोण्डा | ग्राम पंचायत जानकीनगर विकास खण्ड इटियाथोक के जलाशय सौन्दर्यीकरण का निर्माण कार्य। | 32.90 | 0.66 | 300+500+GST | चार माह |

2. वेबसाइट पर बिड डाक्यूमेंट की उपलब्धता 16.07.2026 से 23.07.2026 तक।
3. ई-निविदा प्राप्ति के लिए अंतिम तिथि/समय-23.07.2026 को दोपहर 12.00 बजे तक ।
4. ई-निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि एवं समय-23.07.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे।
5. निविदा आमन्त्रणकर्ता को आई0टी0बी0 के क्लास के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा सभी निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई-निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें।
6. अधिक जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर लागिन करें तथा डाक्यूमेंट को लोड करें।

अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग
प्रखण्ड-गोण्डा

उ0प्र0 253431 दिनांक- 07.07.2026
Website: www.upgov.nic.in

# मिशन शक्ति 5.0 के तहत दीघिया गांव में महिलाओं को योजनाओं व हेल्पलाइन की दी जानकारी

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** मिशन शक्ति फेज 5.0 के द्वितीय चरण के तहत थाना हलिया पुलिस द्वारा बुधवार को ग्राम दीघिया में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान महिलाओं एवं बालिकाओं को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं व हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। महिलाओं को किया जागरूक कार्यक्रम में उप निरीक्षक रमाशंकर, कांस्टेबल राजेश कुमार मौर्य व महिला कांस्टेबल सलोनी दिवाकर ने महिलाओं को सशक्तिकरण से जुड़े कानूनों के बारे में बताया। घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, छेड़खानी व साइबर अपराध से बचाव के कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई।



पुलिस हेल्पलाइन 112 ,महिला हेल्पलाइन 1090,चाइल्ड हेल्पलाइन 1098,साइबर हेल्पलाइन 1930 एंबुलेंस सेवा 108,अग्निशमन सेवा 101, आशा ज्योति केंद्र 181 उप निरीक्षक रमाशंकर ने कहा कि कोई भी पीड़ित महिला या बालिका बिना डरे इन नंबरों पर शिकायत दर्ज करा सकती है। पुलिस हर शिकायत पर तत्काल कार्रवाई करेगी। पहचान गोपनीय रखी जाएगी। साइबर फ्रॉड होने पर 1930 पर तुरंत कॉल कर खाता फ्रीज कराएं। टीम ने मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ समेत अन्य योजनाओं के लाभ व आवेदन प्रक्रिया भी बताई।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गांव की महिलाएं व किशोरियां मौजूद रहीं।इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि मिशन शक्ति के तहत लगातार गांव-गांव जाकर महिलाओं को जागरूक किया जा रहा है।

# भारतीय किसान संघ की एक दिवसीय बैठक संपन्न, संगठन को मजबूती करने का दिया निर्देश



**स्वतंत्र भारत राजगढ़ (मिर्जापुर)।** भारतीय किसान संघ उत्तर प्रदेश के मीरजापुर जिला की बैठक बिकास खंड राजगढ़ के छितमपुर गांव मे में आशा राम मिश्रा के आवास पर संपन्न हुई। भारतीय किसान संघ के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष भैया राम मौर्य ने दांतोपंत ठेंगरी भारत माता और भगवान बलराम के चित्र पर माल्यार्पण किया। प्रदेश अध्यक्ष भैया राम मौर्य ने कहा कि भारतीय किसान संघ में किसानों का समस्याओं का निवारण करना है उन्होंने कहा कि किसानों को किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होने दी जाएगी खाद को हर जगह उपलब्ध कराकर ज्यादा मूल्य पर किसानों को खाद नहीं दी जाएगी अगर कहीं भी जानकारी मिलती है तो दुकानदार के ऊपर कड़ी से करवाई प्रशासन द्वारा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सदस्यता अभियान पर जोड़ दिया जाना चाहिए ज्यादा इस संगठन में किसानों को जोड़ना चाहिए। जिसमें काशी प्रांत अध्यक्ष इंद्रासन सिंह , काशी प्रांत कोषाध्यक्ष शिव शंकर पाठक व काशी प्रान्त संगठन मंत्री राम चेला ने जिले में सदस्यता बनने पर विशेष चर्चा किया।

# भाकपा ने राज्यपाल को भेजा ज्ञापन, पांच सूत्रीय मांगों को लेकर किया प्रदर्शन



**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी जिला कौंसिल मीरजापुर ने प्रदेश व्यापी आह्वान पर उपजिलाधिकारी लालगंज अजीत कुमार के माध्यम से राज्यपाल उत्तर प्रदेश को ज्ञापन भेजा। पार्टी ने धरना-प्रदर्शन कर 5 सूत्रीय मांगों पर तत्काल कार्रवाई की मांग की। प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर दिया ज्ञापन भाकपा जिला मंत्री लालता प्रसाद के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने एसडीएम कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि प्रदेश में व्याप्त जनसमस्याओं के समाधान के लिए राज्यपाल का ध्यान आकृष्ट किया जा रहा है। राम मंदिर चंदा घोटाला राम मंदिर चंदे के गबन के मुख्य आरोपियों को बचाने का आरोप लगाते हुए मामले की जांच सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश से कराने की मांग। समय पर पंचायत चुनाव विधानसभा चुनाव से पहले पंचायत चुनाव कराए जाएं। शिक्षा-स्वास्थ्य का बाजारीकरण बंद हो शिक्षा व स्वास्थ्य सेवाओं के निजीकरण व बाजारीकरण पर रोक लगाई जाए। बेरोजगारी भत्ता शिक्षित बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ता दिया जाए। महंगाई व पुलिस उत्पीड़न पर रोक बढ़ती महंगाई और पुलिसिया अत्याचार पर अंकुश लगाया जाए।जिला मंत्री लालता प्रसाद ने कहा कि अगर मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो पार्टी सड़क पर उतरकर बड़ा आंदोलन करेगी।एसडीएम लालगंज अजीत कुमार ने ज्ञापन लेकर उचित माध्यम से शासन तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। इस दौरान मंडल सचिव, ब्लॉक इकाई के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## महिला को सर्प ने डंसा झाड़फूंक कराने के दौरान हुई मौत

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** लालगंज थाना क्षेत्र के धोबहा देवघटा गांव में मंगलवार की रात्रि कच्चे मकान के अंदर चारपाई पर सो रही महिला को चारपाई पर चढ़कर किसी जहरीले सर्प ने डस लिया जिससे महिला की हालत बिगड़ने पर महिला के स्वजन झाड़फूंक कराने के लिए करनपुर लेकर गए जंहा पर महिला की मौत हो गयी।


### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा सही नाम देवनारायण पाण्डेय पुत्र स्व0 लक्ष्मीनारायण पाण्डेय है जो मेरे बैंक पास बुक, परिवार रजिस्टर की नकल, खतौनी एवं उपजिलाधिकारी की जाँच आख्या में अंकित है। त्रुटिवश मेरे आधार कार्ड सं0 xxxxxxxx3765 में मेरा नाम डी0एन0 पाण्डेय अंकित हो गया है, जो कि गलत है। भविष्य में मुझे मेरे सही नाम देवनारायण पाण्डेय पुत्र स्व0 लक्ष्मी नारायण पाण्डेय के नाम से जाना व पहचाना जाय। एतत द्वारा प्रमाणित किया जाता है कि उपरोक्त के संबंध में समस्त विधिक औपचारिकताएँ स्वयं मेरे द्वारा पूर्ण की गई हैं।

**देवनारायण पाण्डेय पुत्र स्व0 लक्ष्मी नारायण पाण्डेय निवासी ग्राम- मादपुर, पो0- मनौरी जिला- प्रयागराज, उ0प्र0।**

सी.आर.- 687/D


# शिक्षकों को मिले मुख्यमंत्री कैशलेस स्वास्थ्य योजना के कार्ड, तहसील सभागार में हुआ वितरण

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** लालगंज तहसील क्षेत्र में बुधवार को तहसील सभागार में आयोजित कार्यक्रम में प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों को मुख्यमंत्री कैशलेस स्वास्थ्य योजना के कार्ड वितरित किए गए। कार्यक्रम ब्लॉक प्रमुख लालगंज जयंत कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए तहसीलदार लालगंज विशाल शर्मा ने कहा कि यह योजना शिक्षकों और उनके परिवारों को समय पर बेहतर इलाज दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने शिक्षकों से योजना का लाभ उठाने और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की अपील की।खंड शिक्षा अधिकारी शैलेन्द्र त्रिपाठी ने बताया कि यह योजना शिक्षकों के लिए अत्यंत उपयोगी साबित होगी और उपचार पर होने वाले आर्थिक बोझ को कम करने में प्रभावी भूमिका निभाएगी। हलिया के खंड शिक्षा अधिकारी प्रकाश चंद यादव ने इसे शिक्षकों के हितों को ध्यान में रखकर शुरू की गई सरकारी पहल बताया, जिससे उन्हें गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिलेगा। लालगंज माध्यमिक विद्यालयों के नोडल अधिकारी धर्मजीत सिंह ने कहा कि कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा मिलने से शिक्षकों में सुरक्षा की भावना मजबूत होगी और आवश्यकता पड़ने पर उन्हें बेहतर चिकित्सा उपलब्ध हो सकेगी। कार्यक्रम का संचालन दिनेश चौबे ने किया। इस अवसर पर नायब तहसीलदार राजू यादव, गिरीश कुमार सिंह, अश्वनी कुमार सिंह सहित लालगंज और हलिया विकास खंड के बड़ी संख्या में शिक्षक और अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## उपजिलाधिकारी की जांच के बाद शुरू हुआ सड़क निर्माण कार्य

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** लालगंज हलिया जड़कुड़ मार्ग (एनएच-135ए) पर करीब तीन वर्षों से रुका सड़क चौड़ीकरण एवं निर्माण कार्य बुधवार को दोबारा शुरू हो गया उपजिलाधिकारी की स्थलीय जांच और प्रशासनिक पहल के बाद निर्माण एजेंसी ने मौके पर मशीनें लगाकर कार्य प्रारंभ कर दिया।महाकाल कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा सड़क चौड़ीकरण का कार्य तीन वर्ष पूर्व शुरू किया गया था, लेकिन काश्तकारों एवं वन विभाग की आपत्तियों के कारण भटवारी, बड़ौही और गोरगी गांव के पास करीब दो किलोमीटर हिस्से का निर्माण अधूरा रह गया था।

सड़क गड्ढों में तब्दील होने से आए दिन दुर्घटनाएं हो रही थीं और लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।भटवारी ग्राम प्रधान राजेश मौर्य ने जर्जर सड़क के निर्माण की मांग को लेकर जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र दिया था। इसके बाद जिलाधिकारी के निर्देश पर उपजिलाधिकारी अजीत कुमार ने मंगलवार को कानूनगो, लेखपाल एवं चकबंदी कर्मियों के साथ मौके का निरीक्षण कर ग्रामीणों के बयान दर्ज किए और राजस्व अभिलेखों का मिलान कराया।जांच के बाद बुधवार को निर्माण एजेंसी ने अधूरे हिस्से में सड़क निर्माण कार्य शुरू कर दिया।


### उत्तर रेलवे
#### ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता सी0एण्डडब्ल्यू0 उ0रे0 लखनऊ के द्वारा ई टेण्डर संख्या 289/Mech-CW-UpLaundryLKO26-2 के अंतर्गत खुली निविदा आमंत्रित की जाती है। ... www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। ... through online payment mode ...

| निविदा टाइप | खुली निविदा | बिडिंग स्टाइल | सिंगल बिड सिस्टम |
|---|---|---|---|
| निविदा बंद होने की दिनांक एवं समय | 29.07.2026 15:00 बजे | अपलोडिंग दिनांक | 09.07.2026 |
| अनुमानित मूल्य (रु.) | 6,43,35,024.10 (including GST) | | |
| बयाना राशि (रु.) | 12,86,700.00 | | 60 दिन |
| निविदा मूल्य (रु.) | निःशुल्क | | 120 Days from the date of handing over of clear site to the contractor by the Railways |
| बिडिंग स्टार्ट डेट | 16.07.2026 | | |

No. 289/Mech-CWUpLaundryLKO26-2 दिनांक : 09.07.2026 2348/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### पूर्वोत्तर रेलवे
#### ई-आक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना। ... नीलामी बन्द करने की तिथि व समय: 17-07-2026 समय 11.00 बजे। नीलामी का प्रकार: Close Ended. ... E-Auction Module of www.ireps.gov.in ...

सहायक वाणिज्य प्रबन्धक, लखनऊ

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें।

### आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली

ई-प्रोक्योरमेंट टेंडर नोटिस सं. 17 ई/टी/2026 दिनांक: 03.07.2026 ... Website Address: www.ireps.gov.in & www.mcf.indianrailways.gov.in

उप मुख्य सामग्री प्रबंधक/फर्म

... निविदा बंद होने की तिथि एवं समय: दिनांक 25.07.2026 को 11.00 बजे ...

उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/मोल

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### उत्तर रेलवे
#### निविदा सूचना

... www.ireps.gov.in ...

निविदा सूचना संख्या: 287-सिग/सी-II/लखनऊ/निविदा/04/26 दिनांक 09.07.2026 2347/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda
भारत का अंतर्राष्ट्रीय बैंक

रायबरेली रोड शाखा: हाईवे प्लाजा, ब्लॉक-बी, उद्यान-II, रायबरेली रोड, लखनऊ-226025

#### मांग सूचना

सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के अन्तर्गत सूचना

जबकि बैंक ऑफ बड़ौदा के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा सरफेसी एक्ट की धारा 13(2) के अन्तर्गत निम्न ऋणियों को मांग सूचना भेजी गई थी। ... बैंक ऑफ बड़ौदा के अध्याधीन होगा।

| क्र. सं. | ऋणकर्ता(ओं)/जमानतकर्ता(ओं) का नाम व पता/मांग सूचना की तिथि | बकाया धनराशि (रु) / एनपीए की तिथि | सम्पत्ति का विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री श्याम कुमार पुत्र श्री कन्हई लाल, फ्लैट सं. ए-15/2, सुलभ आवास योजना, सेक्टर-1, गोमती नगर, लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226010 एवं श्रीमती किरण वर्मा पत्नी श्री श्याम कुमार, फ्लैट सं. ए-15/2, सुलभ आवास योजना, सेक्टर-1, गोमती नगर, लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226010 मांग सूचना की तिथि: 11.06.2026 | रु. 28,58,229.00 दिनांक 10.06.2026 तक, नोटिस की तिथि तक (अनुबंध के अनुसार देय राशि) (नोटिस तिथि तक ब्याज सहित) एनपीए की तिथि 08.06.2026 | आवासीय फ्लैट का साम्यिक बंधक, सुपर एरिया 63.28 वर्ग मीटर एवं कवर्ड एरिया 59.69 वर्ग मीटर स्थित फ्लैट सं. ए-58/01/01, भूतल, ब्लॉक ए-58, दो बेडरूम, टाइप ए आवास-1, सुलभ आवास योजना (जी+3), सेक्टर 1, गोमती नगर विस्तार, लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226010. मालिक: श्री श्याम कुमार पुत्र श्री कन्हई लाल एवं श्रीमती किरण वर्मा पत्नी श्याम कुमार. सम्पत्ति की चौहद्दी: बगल में: ए-58/02/01, ऊपर ए-58/11/01, नीचे: कुछ नहीं सुपर एरिया: 63.28 वर्ग मीटर, कवर्ड एरिया: 59.69 वर्ग मीटर |

दिनांक: 09.07.2026 स्थान: लखनऊ प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा

### उत्तर रेलवे
#### आयुर्वेदिक एवं होम्योपैथिक व्यवसायी/चिकित्सकों की नियुक्ति

पत्र सं. -E/WB/Ayur/Homeo/ Pt.II./26 दिनांक: 03.07.2026

कर्मचारी कल्याण निधि उ.रे. के लखनऊ मंडल में संविदा के आधार पर (अंशकालिक, मानदेय आधारित) अनारक्षित आयुर्वेदिक एवं होम्योपैथिक व्यवसायी/चिकित्सकों का लगाया जाना जिनमें अ.जा./अ.ज.जा./पिछड़ा वर्ग के आवेदक भी आवेदन कर सकेंगे। ...

... railways.gov.in ...

| दिनांक | पहुँचने का समय | साक्षात्कार शुरू होने का समय | स्थान |
|---|---|---|---|
| 05.08.26 | 09:30 – 11:30 AM तक | 11:15 AM से | वरि. मंडल कार्मिक अधिकारी का ऑफिस/मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय/लखनऊ/उ.रे. |

मंडल कार्मिक अधिकारी, उत्तर रेलवे, लखनऊ

2313/26 ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## स्वतंत्र भारत वर्गीकृत

### सूचना
मैंने अपने पुत्र शौम्य सिंह का नाम परिवर्तित कर शोभित कुमार सिंह कर दिया है क्योंकि शौम्य अंग्रेजी में लिखने पर बालिका का नाम लगता है। राहुल सिंह पुत्र राम स्वरूप सिंह निवासी जे-3 जजेज कालोनी बहादुरपुर बलरामपुर।
सी.आर.- 688/L-32

### सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है पहले मेरा नाम ARPIT KUMAR था जो अब बदलकर ARPIT KUSHWAHA हो गया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये । ARPIT KUSHWAHA S/o PHOOL CHAND 26/B CHOTA BAGHARA 55 CHOTA BAGHARA SECTAR-1 PRAYAGRAJ UP.
सी.आर.- 687/D-31

### सूचना
मैंने इकरा खातून के नाम से एल0आई0सी0 की एक पालिसी 216707094 लिया था जबकि आधारकार्ड व बैंक में मेरा नाम सानिया खान दर्ज है दोनों नाम की एक ही महिला है। सानिया खान पुत्री हैदर अली खान, ग्रा0-बनई पिपरायाकूब ,पो0-पुरैना वाजिद उतरौला,बलरामपुर।
सी.आर.- 685/D-34

### सूचना
मैंने बुसरा के नाम से एल0आई0सी0 की एक पालिसी 2216707093 लिया था जबकि आधारकार्ड व बैंक में मेरा नाम अफ्सा खान दर्ज है दोनों नाम की एक ही महिला है। अफसा खान पुत्री हैदर अली खान ग्रा0-बनई पिपरायाकूब ,पो0-पुरैना वाजिद उतरौला, बलरामपुर।
सी.आर.- 685/D-33

### सूचना
मैने मंजू देवी के नाम से एल0आई0सी0 की एक पालिसी 219167448 लिया था जबकि आधारकार्ड में मेरा नाम मायावती दर्ज है दोनों नाम की एक ही महिला है। मायावती उर्फ मंजूदेवी पत्नी दुर्गा प्रसाद ग्रा0-खजुरिया करमहना, बलरामपुर।
सी.आर.- 685/D-29

### आवश्यक सूचना
मैं अमीना खातून पत्नी स्व. शब्बीर, निवासी- 647/841, मड़ियाँव, नेवाती टोला, जानकीपुरम, लखनऊ की हूँ। मैंने अपनी बड़ी बहू कमर जहाँ पत्नी स्व. रियाज अहमद से उनके गलत कृत्यों व क्रूरतापूर्ण आचरण से व्यथित होकर उनसे सम्बन्ध विच्छेद कर लिया है। आज के बाद से कमर जहाँ द्वारा किये गये किसी भी कृत्यों से मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होंगे।
सी.आर.- 681/L-25

### सूचना
मैंने अपने पुत्र अंकुश को दुर्व्यवहार के कारण अपनी चलअचल सम्पत्ति से बेदखलकर सम्बंधविच्छेद कर लिया है। वह अपने कृत्यों का स्वयं जिम्मेदार होगा। कांतिदेवी पत्नी सर्वेश नि. रामबागभट्टा मिश्रीपुर थाना - रामचंदमिशन, शाहजहांपुर।
सी.आर.- 686/D-27

### सूचना
समस्त अभिलेखों में मेरा नाम विनीता पुत्री गिरीशचंद्रगुप्ता था।विवाहोपरांत अपना नाम विनीतागोयल कर लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए। विनीतागोयल पत्नी नितिनकुमारगोयल, नि मो बक्सरिया तह सदर शाहजहांपुर।
सी.आर.- 686/D-26

### सूचना
मैंने पुत्र दीपकसिंह को गलतआचरण के कारण चलअचल संपत्ति से बेदखलकर संबंधविच्छेद कर लिये। वह अपने कृत्यों का स्वयं जिम्मेदार होगा। रामकिशोरसिंह पुत्र वीरेंद्रसिंह,नि.ग्रा. जरगवाँ, थाना , गढ़ियारंगीन,शाहजहांपुर।
सी.आर.- 686/D-25

### सूचना
मैंने अपने पुत्र बिरूल को दुर्व्यवहार के चलते चलअचल संपत्ति से बेदखलकर संबंधविच्छेद कर लिये। वह अपने कृत्यों का स्वयं जिम्मेदार होगा। रामपाल पुत्र बिंद्रा नि.मो. रामनगर, पुवायाँ - शाहजहांपुर।
सी.आर.- 686/D-25

### सूचना
मेरा हाईस्कूल वर्ष 2023 अनुक्रमांक 1230904167 का प्रमाणपत्र सहअंकपत्र वास्तव में खो गया है। तनु गुप्ता पुत्री सुरेशचंद्रगुप्ता नि. महाऊदुर्ग थाना सिधौली, पुवाया - शाहजहांपुर।
सी.आर.- 686/D-25



**न्यायालय-अपर जिलाधिकारी (नगर पूर्वी) / किराया प्राधिकारी, लखनऊ।**

पत्रांक-493 / रीडर/एडीएम (सी0ई0)/ 2026
दिनांक 07/07/ 2026
वाद संख्या-डी 202610460000590
धारा-21 (2) उ0प्र0 नगरीय परिसर किरायेदारी अधिनियम संख्या-16 वर्ष 2021

**अनवर सादिक**
**बनाम**
**सोनिला अग्रवाल**
**नियत तिथि-14-07-2026**

**प्रकाशन हेतु नोटिस**

एक किता दुकान स्थित गुईन रोड, भार्गव मेडिसिन स्टोर के निकट अमीनाबाद चौकी चौराहा लखनऊ के बावत अं0 धारा-21 (2) उ0प्र0 नगरीय परिसर किरायेदारी अधिनियम संख्या-16 वर्ष 2021 के अन्तर्गत इस न्यायालय में उपरोक्त वाद विचाराधीन है। उक्त वाद में विपक्षी श्रीमती सोनिला अग्रवाल निवासी- गुईन रोड, भार्गव मेडिसिन स्टोर के निकट अमीनाबाद चौकी चौराहा लखनऊ उ.प्र. पर नियमानुसार नोटिस तामीला न होने के कारण प्रकाशन कराया जाना है।

अस्तु विपक्षी को सूचित किया जाता है कि यदि विपक्षी न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करना चाहता/चाहती है, तो नियत तिथि दिनांक 14-07-2026 को स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकती है।

**प्रतिलिपि-आवेदक**/अनवर सादिक पुत्र स्व. डॉ. सुल्तान अली सादिक निवासी- मकान सं. 6 कृष्णा कालोनी, फातिमा अस्पताल अस्पताल के पीछे महानगर जिला लखनऊ उ.प्र. को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि नियत तिथि से पूर्व नियमानुसार शुल्क जमा कर किसी राष्ट्रीय स्तर के संस्करण में प्रकाशन कराना सुनिश्चित करें।

(महेन्द्र पाल सिंह)
अपर जिलाधिकारी, नगर (पूर्वी)
किराया प्राधिकारी, लखनऊ।

सी.आर.- 682/L



पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।



स्वतंत्र भारत

एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक : के.के. श्रीवास्तव
स्थानीय संपादक : विष्णु मोहन*
फोन : 0522-4043151
swatantrabharat77@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु उत्तरदायी।
समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।

## नाटो सहयोगियों पर बिफरे राष्ट्रपति ट्रंप

**वॉशिंगटन।** ईरान को लेकर हुए हालिया सैन्य अभियान के बाद अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने नाटो सहयोगियों के रवैये पर खुलकर नाराजगी जताई है। ट्रंप ने

- बोले मैं इनकी परीक्षा ले रहा था
- नाटो में एकजुटता पर नई बहस छिड़ी



कहा कि वह इस पूरे घटनाक्रम के दौरान सहयोगी देशों की परीक्षा ले रहे थे कि संकट की घड़ी में कौन अमेरिका के साथ खड़ा होता है। उनका कहना है कि नाटो के कई देशों ने जिस तरह का रुख अपनाया, उससे वह बेहद निराश हैं। ट्रंप का यह बयान ऐसे समय आया है, जब तुर्किये की राजधानी अंकारा में नाटो नेताओं का शिखर सम्मेलन आयोजित हो रहा है।

ट्रंप ने तुर्किये के राष्ट्रपति रेचेप तैयप एर्दोआन के साथ बैठक के दौरान पत्रकारों से कहा कि उन्हें किसी सैन्य मदद की जरूरत नहीं थी, लेकिन वह यह देखना चाहते थे कि अमेरिका के सहयोगी कितने भरोसेमंद हैं। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका लंबे समय से अपने सहयोगियों की सुरक्षा में बड़ी भूमिका निभाता रहा है, लेकिन अब यह सवाल उठता है कि जरूरत पड़ने पर क्या वही देश अमेरिका के लिए भी खड़े होंगे। ट्रंप के इस बयान ने नाटो के भीतर एकजुटता और आपसी भरोसे पर नई बहस छेड़ दी है।

ट्रंप ने कहा कि ईरान के खिलाफ सैन्य अभियान के दौरान कुछ सहयोगी देशों ने अमेरिका को पूरा समर्थन नहीं दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ देशों ने अमेरिकी हमलों के लिए अपने हवाई अड्डों के इस्तेमाल की अनुमति नहीं दी। इसके अलावा होर्मुज जलडमरूमध्य की सुरक्षा के लिए भी कई सहयोगी देशों ने सैन्य संसाधन भेजने से इनकार कर दिया। ट्रंप का कहना है कि इसी वजह से उन्हें लगा कि नाटो के सभी सदस्य संकट की घड़ी में समान रूप से साथ नहीं देते। उन्होंने कहा, मैं लोगों की परीक्षा ले रहा था और मैं नाटो से बहुत निराश हूं।

ट्रंप ने इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी का नाम लेते हुए कहा कि उन्होंने अमेरिका की रणनीति का समर्थन नहीं किया। ट्रंप के मुताबिक, मेलोनी ने होर्मुज जलडमरूमध्य और ईरान से जुड़े अभियान में शामिल होने से इनकार कर दिया, जिससे दोनों नेताओं के रिश्तों में कुछ दूरी आई। हालांकि ट्रंप ने यह भी कहा कि वह मेलोनी को व्यक्तिगत रूप से पसंद करते हैं और उन्हें अच्छा इंसान मानते हैं, लेकिन इस मामले में उन्होंने गलत फैसला लिया। ट्रंप ने यह भी कहा कि यूरोप के कई देश खाड़ी क्षेत्र के तेल पर निर्भर हैं, जबकि अमेरिका के पास पर्याप्त तेल संसाधन हैं और उसे होर्मुज पर अपनी जरूरतों के लिए निर्भर नहीं रहना पड़ता।

## अमेरिका का ईरान को बड़ा झटका

### तेल बिक्री की अनुमति देने वाला लाइसेंस किया रद्द

**दुबई।** अमेरिका ने ईरानी तेल की बिक्री की अनुमति देने वाला लाइसेंस रद्द कर दिया है। अमेरिकी वित्त विभाग ने मंगलवार को इसकी जानकारी दी। वित्त विभाग ने पिछले महीने 60 दिनों के लिए यह लाइसेंस जारी किया था। दोनों देशों के बीच संघर्ष खत्म करने के लिए हुए अंतरिम समझौते के तहत ईरानी तेल पर लगे प्रतिबंधों में यह छूट दी गई थी। हालांकि, वित्त विभाग के अधिकारियों ने यह नहीं बताया कि लाइसेंस किस वजह से रद्द किया गया। यह फैसला ऐसे समय आया है, जब ब्रिटिश सेना ने बताया कि होर्मुज जलडमरूमध्य में तीन तेल टैंकरों पर ड्रोन हमला किया गया।

यह हाल के दिनों में इस अहम समुद्री मार्ग से गुजर रहे जहाजों पर हुआ ताजा हमला है। होर्मुज जलडमरूमध्य वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति के लिए बेहद महत्वपूर्ण मार्ग है। पश्चिम एशिया में शांति बनाए रखने के उद्देश्य से अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध को स्थायी रूप से समाप्त करने के लिए बातचीत भी जारी है। हालांकि, अमेरिका के इस फैसले के बाद ईरान के साथ हुए उसके हालिया समझौते पर संशय के बादल मंडराने लगे हैं। यह समझौता कितने दिन तक कायम रहेगा, इसे लेकर असमंजस बरकरार है।

## यूक्रेन युद्ध : पुतिन और जेलेंस्की दोनों चाहते हैं समाधान

**अंकारा।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस और यूक्रेन के बीच शांति समझौते की संभावनाओं को लेकर सकारात्मक उम्मीद जताई है। उन्होंने

- नाटो समिट में बोले ट्रंप



कहा कि इस संघर्ष को लेकर उनके आकलन में कोई बदलाव नहीं आया है। तुर्की की राजधानी अंकारा में नाटो शिखर सम्मेलन के दौरान तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन के साथ बातचीत करते हुए ट्रंप ने यह बयान दिया। ट्रंप ने बताया कि एक दिन पहले उनकी रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ बहुत अच्छी बातचीत हुई थी। इसके अलावा उन्होंने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की से भी बात की है। ट्रंप ने कहा, मुझे लगता है कि वे दोनों ही समझौता करना चाहते हैं। यह बहुत दुखद है कि इसमें इतना लंबा समय लगा, लेकिन मुझे लगता है कि जल्द ही कुछ सकारात्मक परिणाम सामने आएगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह मामला जल्द ही सुलझ जाएगा। जब ट्रंप से पूछा गया कि क्या पुतिन के किसी समझौते के लिए तैयार होने जैसी कोई बात हुई है जिससे वह इतने आशावादी दिख रहे हैं, तो उन्होंने कहा कि उनके विचारों में कभी कोई बदलाव नहीं आया है। ट्रंप ने कहा कि वह केवल लोगों को मरते हुए नहीं देखना चाहते। उन्होंने युद्ध के मैदान की तस्वीरों का जिक्र करते हुए कहा कि वहां बड़े पैमाने पर हिंसा हो रही है। लोग विश्वास नहीं करेंगे कि यह कितनी हिंसक है। उन्होंने कहा कि उन्होंने ऐसा पहले कभी नहीं देखा है, यह एक नरसंहार है और इसे रुकना चाहिए।

## शारजाह से पाकिस्तान के कराची जा रहा कार्गो विमान लापता

**शारजाह।** शारजाह से पाकिस्तान के कराजी जा रहे बोइंग 737 मालवाहक विमान का हवाई यातायात नियंत्रण एटीसी से संपर्क

- क्या समुद्र में गिरा बोइंग 737

टूट गया। विमान के पायलट ने पहले नेविगेशन सिस्टम में खराबी की जानकारी दी थी। इसके बाद पाकिस्तानी अधिकारियों ने तुरंत खोज और बचाव अभियान शुरू कर दिया। विमान में पांच चालक दल के सदस्य सवार थे। पाकिस्तान एयरपोर्ट अथॉरिटी ने बताया कि के2 एयरवेज द्वारा संचालित 27 साल पुराने परिवर्तित मालवाहक विमान ने कराची की ओर उड़ान भरते समय पाकिस्तानी मानक समय के अनुसार मंगलवार रात 9.18 बजे नेविगेशन सिस्टम में खराबी की सूचना दी। अधिकारियों के अनुसार, समस्या की सूचना मिलने के बाद स्थानीय हवाई यातायात नियंत्रकों ने विमान को निर्देशित करने का प्रयास किया। हालांकि, रडार सिस्टम ने लगभग तीन मिनट बाद विमान को तेजी से नीचे उतरते हुए दिखाया और विमान से संपर्क टूट गया। अधिकारियों ने बताया कि उस समय विमान कराची से लगभग 155 समुद्री मील (287 किमी) पश्चिम में था।

## एलएनजी लदे कतर के जहाज पर होर्मुज में हमला

**दोहा।** एलएनजी लेकर आ रहे टैंकर जहाज-अल रकियात पर होर्मुज में हमला किया गया। विशाल एलएनजी जहाज कतर के रास लफ्फान बंदरगाह

- किसी के घायल होने की खबर नहीं



से गुजरात के दहेज के लिए रवाना हुआ था। 7 जुलाई को अरब सागर और ओमान की खाड़ी के मिलन बिंदु के पास ट्रांजिट के दौरान जहाज पर संदिग्ध ड्रोन से हमला किया गया। इस संबंध में कतर के विदेश मंत्रालय ने भी बयान जारी किया। कतर ने ईरान के उप-राजदूत को तलब कर टैंकर-अल-रकियात को निशाना बनाए जाने के खिलाफ विरोध दर्ज कराया। विरोध दर्ज कराते हुए कतर ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य के पास से गुजरते समय टैंकर को निशाना बनाया जाना निंदनीय है।

यह हमला अंतरराष्ट्रीय नौवहन (नेविगेशन) सुरक्षा कानून का गंभीर उल्लंघन है। इससे वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति पर खतरा पैदा हो गया है। टैंकर पर हमला अंतरराष्ट्रीय कानून के नियमों का भु स्पष्ट उल्लंघन है। कतर ने साफ किया है कि वह अपने हितों और संपत्तियों की रक्षा के लिए अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुसार उचित कदम उठाने के अधिकार का इस्तेमाल करेगा। ईरान से इस घटना के बारे में तत्काल स्पष्टीकरण भी मांगा गया है। ऐसी घटनाएं दोबारा न हों, ये सुनिश्चित करने के लिए तत्काल कदम उठाने और अंतराष्ट्रीय कानून के संबंधित नियमों का पूरी तरह से पालन करने की अपील भी की गई है।

## भारत ने जेसन मिलर की फर्म के साथ बढ़ाया लॉबिंग अनुबंध

**वॉशिंगटन।** भारत ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के करीबी सहयोगी जेसन मिलर की फर्म एसएचडब्ल्यू पार्टनर्स एलएलसी के साथ अपना लॉबिंग अनुबंध बढ़ा दिया है। फॉरेन एजेंट्स रजिस्ट्रेशन एक्ट (फारा) के तहत सार्वजनिक किए गए दस्तावेजों के अनुसार, यह नया अनुबंध 24 अप्रैल को हस्ताक्षरित हुआ और यह 23 अप्रैल 2027 तक चलेगा। इसके लिए भारत हर महीने 1,50,000 डॉलर (सालाना 18 लाख डॉलर) का भुगतान करेगा। भारतीय दूतावास ने पिछले साल पहलगाम आतंकी हमले के ठीक बाद इस फर्म को काम पर रखा था। यह फर्म अमेरिकी सरकार, कांग्रेस और अन्य संस्थानों के समक्ष नीतिगत मामलों पर रणनीतिक सलाह और सरकारी संबंधों में मदद देती है। दस्तावेजों के अनुसार, मिलर ने इस साल 25 जनवरी से दो फरवरी के बीच ट्रंप प्रशासन के कई बड़े अधिकारियों जैसे जेमिसन ग्रीर, स्कॉट बेसेंट, हॉवर्ड लटनिक और सूसी वाइल्स से फोन पर बात की। इसके बाद दो फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप की बातचीत के बाद दोनों देशों ने अंतरिम द्विपक्षीय व्यापार समझौते की घोषणा की थी। इसके अलावा, मिलर ने रूस से कच्चे तेल की खरीद पर प्रतिबंधों से छूट के मामले में भी अमेरिकी अधिकारियों से संपर्क किया था।

## 'अब धौंस जमाने और जबरन वसूली का दौर नहीं'

**तेहरान।** क्षेत्रीय तनाव बढ़ने के बीच, ईरान के शीर्ष वार्ताकार और संसद अध्यक्ष मोहम्मद बाकेर गालिबाफ ने वाशिंगटन पर कड़ा

- ईरानी संसद के स्पीकर की दो-टूक
- अमेरिका पर आरोप लगाए

प्रहार किया। उन्होंने संयुक्त राज्य अमेरिका की ओर से द्विपक्षीय समझौतों के कई उल्लंघनों का विस्तृत विवरण दिया है। एक्स पोस्ट में, वरिष्ठ ईरानी अधिकारी ने अमेरिकी प्रशासन की ओर से किए गए समझौता ज्ञापन के कई प्रमुख उल्लंघनों को गिनाया, जो दोनों देशों के बीच राजनयिक प्रतिबद्धताओं में गंभीर दरार का संकेत देता है। संसद अध्यक्ष के अनुसार, इन अमेरिकी कार्रवाइयों में जलडमरूमध्य में ईरानी समायोजन का उल्लंघन, आगे और हमलों की लगातार धमकियां, तेल प्रतिबंधों को फिर से लागू करना, दक्षिणी ईरान पर हमले और लेबनान में जायोनी आक्रामकता का जारी रहना शामिल हैं। गालिबाफ ने आगे कहा धमकी और जबरन वसूली का युग समाप्त हो गया है। इससे कुछ हासिल नहीं होता। हम झुकेंगे नहीं। तेहरान की यह तीखी बयानबाजी वाली जवाबी प्रतिक्रिया, समुद्री क्षेत्र में हुई ताजा घटनाओं के बाद अमेरिका द्वारा ईरानी ठिकानों के खिलाफ व्यापक सैन्य अभियान शुरू करने के साथ, शत्रुता में नाटकीय वृद्धि की सीधी प्रतिक्रिया है।

भारी बमबारी के परिचालन संबंधी विवरण प्रदान करते हुए, अमेरिकी केंद्रीय कमान (सेंटकॉम) ने पुष्टि की कि उसने 7 जुलाई को जवाबी हमलों की एक श्रृंखला को अंजाम दिया, जिसमें ईरान के अंदर 80 से अधिक सैन्य ठिकानों पर सटीक निर्देशित गोला-बारूद से हमला किया गया। रक्षा अधिकारियों के अनुसार, इन लक्षित अभियानों का मुख्य उद्देश्य तेहरान की समुद्री आक्रमण क्षमताओं को नष्ट करना था। कई घंटों तक चले इस अभियान के दौरान जिन लक्ष्यों को नष्ट किया गया उनमें कमान और नियंत्रण नेटवर्क, वायु रक्षा तंत्र, तटीय रडार प्रतिष्ठान, जहाज-रोधी मिसाइल स्थल और इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) की 60 से अधिक छोटी नौकाएं शामिल थीं। रक्षा प्रतिष्ठान ने दावा किया कि इस विशाल अभियान का प्राथमिक उद्देश्य आर्थिक गलियारे में व्यापारिक जहाजों के खिलाफ और अधिक व्यवधान पैदा करने की तेहरान की क्षमता को व्यवस्थित रूप से कमजोर करना था।

## तुर्किये पर लगे प्रतिबंध हटाएगा अमेरिका

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि उनकी सरकार तुर्किये पर लगाए गए प्रतिबंध हटाएगी। साथ ही, तुर्किये को एफ-35 लड़ाकू विमान बेचने के प्रस्ताव पर भी फैसला लिया जाएगा। ट्रंप ने यह बात नाटो शिखर सम्मेलन के दौरान तुर्किये के राष्ट्रपति रेसप तैयप एर्दोगन से मुलाकात शुरू होने से पहले पत्रकारों से कही। तुर्किये को अमेरिकी कार्यक्रम में पूरी तरह से वापस शामिल करने से पहले अब भी कई कानूनी अड़चनें हैं, लेकिन 'काउंटरिंग अमेरिकाज एडवर्सरीज थ्रू सैंक्शंस एक्ट' (सीएएटीएसए) के तहत लगाए गए प्रतिबंधों को हटाने से अंकारा के लिए एफ-35 तक फिर से पहुंच हासिल करने की प्रक्रिया आसान हो जाएगी। यह तुर्किये के राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोआन का एक मुख्य लक्ष्य है और ट्रंप ने भी भविष्यवाणी की थी कि आखिरकार ऐसा होगा। ट्रंप से जब अमेरिका के प्रतिबंधों के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, हम प्रतिबंध हटा रहे हैं। उन्होंने बताया कि एफ-35 लड़ाकू विमानों की संभावित बिक्री पर भी जल्द फैसला किया जाएगा। इसके अलावा एर्दोगन के साथ व्यापारिक संबंधों पर भी चर्चा होगी।

## यूएन मुख्यालय के पास खाली कराया भारतीय मिशन

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय के पास स्थित भारत के स्थायी मिशन के परिसर को मंगलवार को एहतियातन खाली करा लिया गया। इसकी वजह पास में निर्माणाधीन एक 37 मंजिला इमारत में आए गंभीर संरचनात्मक दोष हैं, जिससे उसके आंशिक रूप से ढहने का खतरा पैदा हो गया है। मिडटाउन मैनहट्टन के इस इलाके में कई इमारतों को भी खाली कराया गया है। अधिकारियों के अनुसार फिलहाल किसी के घायल होने की सूचना नहीं है और भारतीय मिशन में तैनात सभी राजनयिक तथा उनके परिवार सुरक्षित हैं।

भारत का स्थायी मिशन संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय से महज एक ब्लॉक की दूरी पर स्थित है। इस इमारत में मिशन के कार्यालयों के साथ-साथ भारतीय राजनयिकों और अन्य अधिकारियों के आवास भी हैं। एहतियात के तौर

- गंभीर संरचनात्मक दोष के कारण आंशिक रूप से ढहने का खतरा

पर पूरे परिसर को खाली करा लिया गया। सूत्रों के मुताबिक सभी भारतीय अधिकारी और उनके परिवार सुरक्षित हैं तथा प्रशासन के निर्देशों का पालन कर रहे हैं। न्यूयॉर्क स्थित भारतीय मिशन 27 मंजिला लाल ग्रेनाइट की इमारत में संचालित होता है, जिसका निर्माण वर्ष 1993 में हुआ था। इस भवन का डिजाइन प्रसिद्ध भारतीय वास्तुकार चार्ल्स कोरिया ने तैयार किया था। यह इमारत सेकंड एवेन्यू के पास 43वीं और 44वीं स्ट्रीट के बीच स्थित है। न्यूयॉर्क शहर के मेयर जोहरान ममदानी ने घटना को बेहद गंभीर बताया। उन्होंने कहा कि अब तक किसी के घायल होने की सूचना नहीं मिली है और निर्माण स्थल पर मौजूद सभी मजदूरों का पता लगा लिया गया है। ममदानी के मुताबिक, मंगलवार सुबह करीब 8 बजे (स्थानीय समय) न्यूयॉर्क फायर डिपार्टमेंट को मैनहट्टन की 42वीं स्ट्रीट पर सेकंड और थर्ड एवेन्यू के बीच स्थित एक सक्रिय निर्माण स्थल पर संरचनात्मक समस्या की सूचना मिली थी।

## मेटा पर चार अमेरिकी प्रांतों ने दर्ज कराया मामला

### युवाओं को लत लगाने में मांगा 1.4 खरब डॉलर का जुर्माना

**कैलिफोर्निया।** अमेरिका के चार प्रांत कंपनी पर 1.4 खरब डॉलर का जुर्माना लगाने की मांग कर रहे हैं। कंपनी पर आरोप है कि उसने अपने फेसबुक और इंस्टाग्राम प्लेटफॉर्म को इस तरह से डिजाइन किया है कि युवा यूजर्स इसकी लत लगा बैठें और उनकी सुरक्षा के बारे में जनता को गुमराह किया। मेटा प्लेटफॉर्म्स ने अदालत में यह आंकड़ा अटॉर्नी जनरल की उन फाइलिंग के जवाब में पेश किया, जिनमें कह था कि यदि राज्य ट्रायल जीतते हैं तो जुर्माने की गणना कैसे होनी चाहिए। इस आंकड़े का खुलासा पहले कभी नहीं हुआ। यह मेटा के 1.5 खरब डॉलर की बाजार पूंजी के करीब है। ये दावे कैलिफोर्निया, कोलोराडो, केंटकी और न्यूजर्सी में हुए हैं। मेटा ने कहा, यह रकम सबूतों पर आधारित नहीं है। उपभोक्ता संरक्षण के इतिहास में ऐसे दण्ड का कोई उदाहरण नहीं है। फाइलिंग के बाद अटॉर्नी जनरल के प्रतिनिधियों ने कोई टिप्पणी नहीं की। राज्यों ने कहा कि उल्लंघनों की संख्या मेटा की गतिविधियों से प्रभावित किशोरों और युवा यूजर्स की अनुमानित संख्या पर आधारित है। मेटा ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा है कि प्लेटफॉर्म के लत की बात सही नहीं लगती। 14 और राज्यों ने अपने कानूनों के तहत दावे किए हैं, जिनकी सुनवाई फरवरी में अलग ट्रायल में होगी।

## यूएस में सतिंदरजीत सिंह पर 50 हजार डॉलर का इनाम

**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी संघीय जांच एजेंसी फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन ने बुधवार को गैंगस्टर सतिंदरजीत सिंह, उर्फ गोल्डी बरार की गिरफ्तारी में मदद करने वाली जानकारी के लिए 50,000 अमेरिकी डॉलर तक के इनाम की घोषणा की। गोल्डी बरार पर लॉरेंस बिश्नोई ऑर्गनाइज्ड क्राइम ग्रुप में शामिल होने का आरोप है और वह कई मामलों में वांछित है।

सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में इनाम की घोषणा करते हुए, संघीय जांच एजेंसी ने कहा, एफबीआई सतिंदरजीत सिंह की गिरफ्तारी में मदद करने वाली जानकारी के लिए 50,000 डॉलर तक का इनाम दे रही है। सिंह लॉरेंस बिश्नोई ऑर्गनाइज्ड क्राइम ग्रुप में कथित तौर पर शामिल होने के कारण वांछित है। यह ग्रुप दक्षिणी कैलिफोर्निया और पूरे अमेरिका और कनाडा में कई

- गोल्डी बरार पर लॉरेंस से तार जुड़े होने के आरोप

हिंसक गतिविधियों में शामिल रहा है। एफबीआई के अनुसार, गोल्डी बरार अमेरिका में रहता है और कथित तौर पर उत्तरी अमेरिका में लॉरेंस बिश्नोई ऑर्गनाइज्ड क्राइम ग्रुप के कामकाज का लीडर है। एक बयान में, फेडरल एजेंसी ने कहा, 1 जुलाई, 2026 को, लॉस एंजिल्स, कैलिफ़ोर्निया में सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट ऑफ कैलिफोर्निया की अमेरिकी जिला अदालत में सिंह के लिए एक फेडरल गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था।

उस पर रैकेटीयर इन्फ्लुएंस्ड एंड करप्ट ऑर्गनाइज़ेशन्स साजिश; जबरन वसूली के जरिए व्यापार में बाधा डालने की साजिश और बाधा डालने की कोशिश; और नशीले पदार्थों को बांटने और बांटने के इरादे से अपने पास रखने की साजिश के आरोप लगाए गए थे। एफबीआई ने आगे कहा कि सिंह के कैलिफोर्निया में सैक्रामेंटो और फ्रेस्नो के साथ-साथ कनाडा, भारत और मैक्सिको में भी संबंध हैं। इसके साथ ही गोल्डी पर खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या की साजिश रचने का भी आरोप है।

**आस्था** | पीएम मोदी बोले यहां की हवाओं में संस्कृति की सुगंध

## इंडोनेशिया में महामृत्युंजय मंत्र और ओम नमः शिवाय धुन

**जकार्ता।** प्रधानमंत्री मोदी के प्रम्बानन मंदिर दौरे के बाद पीएम मोदी ने कहा कि राष्ट्रपति सुबियांतो ने 2029 से पहले जीर्णोद्धार पूरा करने का वादा लिया है। वे योजना बनाकर काम करते हैं, ऐसे में पूरा भरोसा है कि काम पूरा होगा और वे इंडोनेशिया आकर एकसाथ इसका जश्न मनाएंगे। पीएम मोदी ने कहा कि इस गौरवशाली स्थल के जीर्णोद्धार का हिस्सा बनने को लेकर उन्हें गर्व है। उन्होंने कहा, एक हजार साल से भी अधिक पुराना प्रम्बानन मंदिर भारत और इंडोनेशिया की साझा सांस्कृतिक विरासत का एक शाश्वत प्रतीक है। संयुक्त संरक्षण परियोजना में भारतीय पक्ष से भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) प्रमुख एजेंसी होगी। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि सांस्कृतिक विरासत विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों के लोगों को जोड़ती है।




इंडोनेशिया के लोग प्रम्बानन मंदिर परिसर की महान विरासत को संरक्षित करने के लिए धन्यवाद के पात्र हैं। संयुक्त संरक्षण परियोजना के उद्घाटन का हिस्सा बनना उनके लिए सम्मान की बात है। उन्होंने कहा, मैंने जो बातचीत सुनी है, उससे पता चलता है कि यहां की हवाओं में संस्कृति की सुगंध है। वह सुगंध जिसे हम भारत की धरती पर हर पल महसूस करते हैं। यह सुगंध, यह सांस्कृतिक विरासत, हमें जोड़ती है। बकौल पीएम मोदी, 1200 साल से इंडोनेशिया के लोगों ने इस महान विरासत को संरक्षित रखा है। इसे पूरी श्रद्धा और श्रद्धा के साथ किया है। इसलिए, मैं इंडोनेशिया के लोगों और अब तक के सभी शासकों को भी तहे दिल से सलाम करता हूं। मैंने इस मंदिर में महामृत्युंजय मंत्र और ओम नमः शिवाय के जाप होते देखे; इसने वास्तव में मेरे दिल को छू लिया। उन्होंने कहा, यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल प्रम्बानन मंदिर परिसर में संरक्षण और जीर्णोद्धार का काम शुरू होने के साथ ही, मुझे पूरा विश्वास है कि भारतीय पर्यटक निश्चित रूप से इस स्थान का दौरा करेंगे। इससे पहले प्रम्बानन मंदिर परिसर पहुंचने पर मोदी का पारंपरिक स्वागत किया गया। इसके बाद प्रधानमंत्री ने इंडोनेशियाई राष्ट्रपति के साथ प्राचीन स्थल का दौरा किया। दोनों नेताओं के बीच गर्मजोशी साफ दिखी, जब उन्होंने हाथ मिलाए और मंदिर परिसर के केंद्रीय शिखरों की पृष्ठभूमि में फोटो खिंचवाई। अपनी यात्रा के दौरान मोदी को इंडोनेशिया-इंडिया कोलैबोरेटिव कल्चरल हेरिटेज कंजर्वेशन फॉर प्रम्बानन टेंपल कंपाउंड नामक एक औपचारिक पैनल पर परियोजना और मंदिर के इतिहास की झलक भी दी गई। इसमें परियोजना के डिजाइन और अपेक्षित परिणाम का विवरण भी था। मोदी का इंडोनेशियाई लोगों के एक समूह ने पारंपरिक मंत्रों और घंटियों की मधुर ध्वनि से स्वागत किया। आज मंदिर परिसर में बयान से इतर मंगलवार को जकार्ता में संयुक्त प्रेस वार्ता में पीएम मोदी ने कहा था कि, एक हजार साल से भी अधिक पुराना प्रम्बानन मंदिर भारत और इंडोनेशिया की साझा सांस्कृतिक विरासत का एक शाश्वत प्रतीक है।

बाजार दर्पण




विश्वास नेत्र एवं लेज़र सेन्टर



डॉ. विश्वास वर्मा
नेत्र सर्जन
मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध
विराम खण्ड, राम भवन के सामने
गोमती नगर लखनऊ
मोबाइल: 9415016089